CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 28 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 104 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :24° C
न्यूनतम: 11° C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीएलओ की मौत पर एक करोड़ मुआवजा दे आयोग, सपा देगी दो लाख मदद: अखिलेश पेज 2



दीप्ति को मिली 3.2 करोड़ की बड़ी राशि, फिर से यूपीडब्ल्यू की टीम में हुई शामिल खेल टाइम्स



गाजा का पुनर्निर्माण : वैज्ञानिकों की क्या है भूमिका सम्पादकीय



इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के पहले निजी नेविगेशन केन्द्र 'एसीईएन' का शुभारंभ

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने भारत के पहले निजी क्षेत्र के नेविगेशन नवाचार केंद्र अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन (एसीईएन) का उद्घाटन केरल के तिरुवनंतपुरम में किया। अनंत टेक्नोलॉजीज द्वारा स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। उद्घाटन समारोह में रक्षा, अंतरिक्ष और शैक्षणिक संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। कंपनी ने नेविगेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आधुनिक रक्षा और नागरिक जीवन की अदृश्य रीढ़ है। इस दृष्टि से यह केंद्र नेविगेशन प्रौद्योगिकियों में राष्ट्र की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

### दिव्यांगों के लिए फंड जुटाएं यूट्यूबर्स: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सोशल मीडिया के कंटेंट से जुड़े दो मामलों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले एडल्ट कंटेंट के लिए किसी न किसी को जिम्मेदारी लेनी ही होगी। केंद्र सरकार इसके लिए 4 हफ्ते में रेगुलेशन बनाए और कानून एससी/एसटी एक्ट की तरह सख्त हों। वहीं दिव्यांगों से जुड़े दूसरे मामले में इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं, ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकट्ठा किया जा सके।

### धोखाधड़ी रोकने के लिए बदले साइबर सुरक्षा से जुड़े नियम

**नई दिल्ली।** मोबाइल के जरिये होने वाली धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियम, 2025 में संशोधन किए हैं। दूरसंचार विभाग द्वारा नियमों में तीन बदलाव किए गए हैं। मोबाइल नंबर, आईएमईआई और आईपी जैसे आईडेंटिफायर का रिकॉर्ड रखने वाले निकायों को टेलीकॉम आईडेंटिफायर यूजर एंटिटी (टीआईयूई) के रूप में परिभाषित किया गया है। नए नियमों के मुताबिक, विशिष्ट परिस्थितियों में और नियामकीय प्रक्रिया के तहत टीआईयूई के लिए सरकार के साथ टेलीकॉम आईडेंटिफायर डाटा साझा करना जरूरी होगा।

### मेडिकल कॉलेज भ्रष्टाचार मामले में देशभर में छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। ईडी ने कहा कि यह मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें आरोप लगाया गया है कि मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से संबंधित गोपनीय जानकारी के बदले राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अधिकारियों और कई सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी।

# परमाणु क्षेत्र भी निजी क्षेत्र के लिए खोला जाएगा: मोदी

हैदराबाद, वार्ता



■ हम न्यूक्लियर सेक्टर को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं: प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में 21वीं सदी को भारत की सदी बताते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार इस क्षेत्र की तरह अब परमाणु क्षेत्र को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा तथा प्रौद्योगिकी नेतृत्व को बल मिलेगा।

श्री मोदी ने उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान तथा नवाचार पर विशेष बल देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में सरकार देश भर में विद्यार्थियों के लिए और 50,000 अटल टिकरिंग लैब बनाने पर काम कर रही है। अटल टिकरिंग लैब भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य स्कूलों में छात्रों के बीच रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना है। श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हैदराबाद में अंतरिक्ष उद्योग क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने स्काईरूट के पहले ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का अनावरण किया, जिसमें उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित करने की क्षमता है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जैसे हमने अंतरिक्ष क्षेत्र में नवाचार को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला, वैसे ही हम एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी कदम उठाने जा रहे हैं। हम न्यूक्लियर सेक्टर को भी (निजी क्षेत्र के लिए) खोलने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम परमाणु क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर की सशक्त भूमिका की नींव रखने जा रहे हैं। इससे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, उन्नत रिएक्टर और परमाणु प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार के अवसर बनेंगे।

### भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये भारत के पहले प्राइवेट आर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है। पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है।

### ईडी ने विनजो गेम्स के निदेशकों को गिरफ्तार किया 505 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार रात विनजो गेम्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सौम्या सिंह राठौर और पवन नंदा को गिरफ्तार किया और उन्हें बेंगलुरु के एक न्यायाधीश के घर पर पेश किया। ईडी ने विनजो गेम्स प्राइवेट लिमिटेड की 505 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त कर ली। अदालत ने दोनों निदेशकों को ईडी की हिरासत में भेज दिया है और आदेश दिया है कि आरोपियों को एजेंसी द्वारा फाइल की गई रिमांड एप्लीकेशन पर दलीलों की सुनवाई के लिए गुरुवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे फिर से पेश किया जाए। ये गिरफ्तारियां ईडी द्वारा हाल ही में किए गए कई अभियानों के बाद हुई हैं। ईडी की बेंगलुरु जोनल टीम ने विनजो गेम्स ऐप से जुड़े धन-शोधन मामले के सिलसिले में 18 से 22 नवम्बर, 2025 के बीच दिल्ली और गुरुग्राम में चार जगहों पर छापे मारे। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई।

# आधार कार्ड वाले घुसपैठियों को क्या दे दें वोटिंग का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

## आधार केवल सरकारी योजनाओं के लिए है, नागरिकता साबित करने के लिए नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

SIR पर हुई सुनवाई



■ आधार से वोटर होने का नहीं मिल सकता अधिकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की संवैधानिक वैधता पर एक अहम सुनवाई के दौरान गुरुवार को पूछा कि क्या ऐसे लोग जो गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए हैं, लेकिन जिनके पास कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को लेने के लिए आधार कार्ड हैं, उन्हें भी वोट देने का हक होना चाहिए? मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की एक पीठ ने एसआईआर को चुनौती देने वाली अलग-अलग राज्यों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही।

यह बात पश्चिम बंगाल और केरल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस तर्क के बाद आई कि आधार कार्ड होने के बावजूद मतदाताओं को बाहर रखा जा रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार का मकसद इसे बनाने वाले कानून के तहत योजनाओं का लाभ पाने तक ही सीमित है। उन्होंने पूछा कि मान लीजिए कि पड़ोसी देशों से लोग यहां आते हैं और यहां रिक्शा चलाने या मज़दूरी करने लगते हैं। अगर आप आधार कार्ड इसलिए जारी करते हैं, ताकि उन्हें सब्सिडी वाला राशन मिल सके, तो यह हमारे संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि क्योंकि उन्हें यह फायदा दिया गया है, तो अब उन्हें वोटर भी बना देना चाहिए? बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर जताई गई चिंताओं पर मुख्य न्यायाधीश ने -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली प्रदूषण पर बोले सीजेआई हमारे पास जादू की छड़ी नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। मुझे बताइए कि हम क्या आदेश दे सकते हैं, जिससे हवा तुरंत साफ हो जाए।


सीजेआई ने कहा कि दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के बिगड़ने के कई कारण हैं। इस क्षेत्र के एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स ही इसका हल



निकाल सकते हैं। समस्या हम सबको पता है। समाधान ढूंढ़ने की जरूरत है। प्रदूषण का कोई एक कारण है, यह सोचना बहुत बड़ी गलती हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक दिसम्बर की तारीख तय की।

# सुरक्षा चुनौतियों से निपटने को सेना में बड़े बदलाव की जरूरत : सेना प्रमुख

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दुनिया एक अनिश्चित व बिखरी हुई व्यवस्था की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि तेजी से बदलते और अनिश्चित वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सेना में बड़े स्तर पर बदलाव किए जाने की जरूरत है।

जनरल द्विवेदी ने यहां सेना के सेमिनार 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग - 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया एक उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है, जहां बड़ी ताकतें लगातार टकरा रही हैं और प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया शीत युद्ध की द्विध्रुवीयता से संक्षिप्त एकध्रुवीय दौर के बाद अब एक अनिश्चित और बिखरी हुई व्यवस्था की ओर अग्रसर है। अभी दुनिया भर में 50 से अधिक संघर्ष चल रहे हैं और यह कहना कि हम अशांत समय में जी रहे हैं, शायद हल्की टिप्पणी होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति प्रतिरोधक क्षमता, राष्ट्रीय सुरक्षा और युद्ध तैयारियों में जुटी है और ऐसे में सेना के समक्ष एक मूलभूत प्रश्न उठता है कि उसे किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत किस तरह के बदलावों की जरूरत है। उन्होंने इस बारे में एक दीर्घकालिक रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना का एकीकरण और इसे प्रौद्योगिकी से लैस करना है। सेना प्रमुख ने कहा कि सेना में व्यापक बदलावों के तहत आत्मनिर्भरता, त्वरित नवाचार, अनुकूलन और पारिस्थितिकी तंत्र सुधार और सैन्य-नागरिक समन्वय पर जोर दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में गहन तालमेल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि युद्धक क्षमता का विकास बहु-एजेंसी और बहु-आयामी प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैन्य संगठन संकोच छोड़ रहा है और फायरिंग रेंज खोल रहा है, स्टार्ट-अप को फंड दे रहा है और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी मिशनों में शामिल हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारियों के लिए शिक्षाविदों, उद्योग और सेना में सहयोग जरूरी है। सेमिनार का विषय बदलाव के लिए सुधार : सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत है और इसका आयोजन सेना तथा सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज़ द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि इस सेमिनार की शुरुआत 2023 में उनके पूर्ववर्ती जनरल मनोज पांडे ने की थी और उन्होंने उस वर्ष को भारतीय सेना के रूपांतरण वर्ष के रूप में घोषित किया था। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि वास्तविक बदलाव अलग-थलग होकर नहीं किया जा सकता। इसके लिए व्यापक समझ और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के सभी हितधारकों के साथ सहयोग आवश्यक है। तब से यह मंच आकार तथा प्रभाव में बढ़ा है।

# जेवर एयरपोर्ट का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो



**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किन्जरापु के साथ जेवर एयरपोर्ट परियोजना का स्थल निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

जेवर में विकसित हो रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के प्रमुख ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स में शामिल है, जिसे एनसीआर के लिए एक बड़े हवाई केंद्र के रूप में तैयार किया जा रहा है।

# क्रिकेट सट्टेबाजी से कमाया हर मुनाफा अपराध: दिल्ली हाईकोर्ट

■ कहा- यह जहरीले पेड़ की तरह, इसका फल कैसे वैध

■ पीएमएलए में सट्टेबाजी अपराध नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट से जुड़ी 6 याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि नेटवर्क अपराध पर खड़ा था। इसलिए इससे कमाया हर मुनाफा अपराध है।

दरअसल, क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़े मुकेश कुमार, उमेश चौटालिया, नरेश बंसल, घनश्याम भाई पटेल और अन्य ने याचिका लगाई थी। कहा था कि ईडी के जारी अस्थायी अटैचमेंट और नोटिस रद्द किए जाएं। क्रिकेट सट्टेबाजी पीएमएलए में अपराध नहीं है। उनकी संपत्ति गैर-कानूनी आय नहीं मान सकते। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि दलीलें खारिज की जाती हैं। रैकेट की बुनियाद अपराध पर टिकी थी। डिजिटल फर्जीवाड़े, फर्जी केवाईसी, हवाला चेन और बिना दस्तावेज वाले सुपर मास्टर लॉगिन आईडी मुख्य अपराध की बुनियाद हैं। यह सब जहरीले पेड़ की तरह है, जब पेड़ जहरीला हो तो फल कैसे वैध हो सकता है।

# दिल्ली-एनसीआर में बेकाबू होता प्रदूषण



■ सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से, जहरीली हवा में सांस लेना हुआ मुश्किल, नोएडा की वायु सबसे प्रदूषित

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति कम होने के चलते वायु प्रदूषण में एक बार फिर से बढ़ोतरी हुई है। बीते दिनों में लगातार घटता जा रहा प्रदूषण फिर से बढ़ते क्रम की दिशा पर चल पड़ा है। गुरुवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई।

वहीं, आसमान में स्मॉग की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 377 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें बुधवार की तुलना में 50 सूचकांक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 381 दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में 381, गाजियाबाद में 358 और गुरुग्राम में 317 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 203 दर्ज किया गया।

# भारत की आतंकवाद-रोधी रणनीति को मिली नई पहचान: मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राष्ट्रपति ने कहा: ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति और शांति के संकल्प का प्रतीक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का प्रतीक बताते हुए कहा है कि भारत शांति चाहता है लेकिन अपनी सीमाओं तथा लोगों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है।

श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को यहां सेना द्वारा आयोजित संगोष्ठी 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग-2025' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की संप्रभुता की रक्षा में पेशेवराना दक्षता और देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे बलों ने हर सुरक्षा चुनौती चाहे पारंपरिक हो, उग्रवाद विरोधी हो या मानवीय, हमारे बलों ने अद्भुत क्षमता और दृढ़ संकल्प दिखाया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को देश की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का निर्णायक क्षण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसने न केवल भारत की सैन्य क्षमता को दुनिया के सामने रखा, बल्कि जिम्मेदार और दृढ़ तरीके से शांति के लिए कार्य करने की भारत की नैतिक स्पष्टता को भी प्रदर्शित किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा सशस्त्र बल अपने संचालन दायित्वों से परे राष्ट्रीय विकास के स्तंभ भी हैं। सीमाओं को मजबूत करने के साथ-साथ उन्होंने बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी, पर्यटन और शिक्षा के माध्यम से सीमा क्षेत्र के विकास में भी योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। वैश्विक व्यवस्था प्रतिस्पर्धी शक्ति केंद्रों, तकनीकी उथल-पुथल और बदलते गठबंधन के कारण नया आकार ले रही है। साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध जैसे नए प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों ने शांति और संघर्ष की रेखाओं को धुंधला कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' की हमारी सभ्यतागत भावना से प्रेरित होकर भारत ने दिखाया है कि रणनीतिक स्वायत्तता वैश्विक जिम्मेदारी के साथ हमारी कूटनीति, अर्थव्यवस्था और सशस्त्र बल मिलकर ऐसे भारत की छवि प्रस्तुत करते हैं, जो शांति चाहता है, लेकिन अपने सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन पर बड़ी कार्रवाई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को कई जिलों में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के सदस्यों और संस्थानों को निशाना बनाते हुए छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के 'पूरे आतंकी तंत्र और अलगाववादी प्रचार को खत्म करने' के लिए कुलगाम, अनंतनाग और बडगाम जिलों में बड़ी छापेमारियां की गई। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित जमात से जुड़े व्यक्तियों और परिसरों को लक्षित करते हुए कुलगाम में कई स्थानों पर सावधानीपूर्वक समन्वित तलाशी अभियान चलाए गए। तलाशी के दौरान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, साहित्य और कई दस्तावेज बरामद हुए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अनंतनाग में भी जमात के खिलाफ इसी तरह की छापेमारी की गई।

### घोसी विस सीट पर छह महीने को अंदर होगा उपचुनाव

**लखनऊ।** यूपी में जल्द ही एक बार फिर से उपचुनाव होने जा रहे हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से मऊ की घोसी विधानसभा सीट रिक्त घोषित कर दी गई हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद ये सीट खाली हुई हैं, जिसके बाद अब जल्द ही इस सीट पर उपचुनाव कराएं जाएंगे। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसे लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा के सदस्य, डीएम मऊ और मुख्य निर्वाचन अधिकारी समेत सभी संबंधित विभागों को इसकी जानकारी दे दी गई है। ऐसे में अब छह महीने के भीतर इस सीट पर उपचुनाव कराए जाएंगे।

## कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया को बताया देश के लिए घातक

# बीएलओ की मौत पर पीएम व ज्ञानेश जबाव दें

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को घातक बताते हुए कहा है कि इस प्रक्रिया को अंजाम दे रहे बीएलओ काम के दबाव में जान देने को मजबूर हो रहे हैं और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस सोशल मीडिया तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीएलओ को मजबूर किया जा रहा है और पिछड़े तथा दलितों के वोट काटे जा रहे हैं। कनपट्टी पर कट्टा लगाकर एसआईआर कराने का कोई औचित्य नहीं है। भाजपा के इशारे पर देश की लोकतांत्रिक मजबूती को तबाह किया जा रहा है और एसआईआर को लेकर जो सवाल कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने



■ बीएलओ को मजबूर किया जा रहा, पिछड़े तथा दलितों के वोट काटे जा रहे हैं

■ भाजपा के इशारे पर देश की लोकतांत्रिक मजबूती को तबाह किया जा रहा : सुप्रिया श्रीनेत

पूछे हैं, उनका जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर काम का जबरदस्त दबाव है और इसके कारण उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एसआईआर के लिए भारी दबाव में काम करवाया जा रहा है और 20 दिन में 26 बीएलओ की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ये दिनदहाड़े हत्या है। गोंडा के बीएलओ विपिन यादव ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। विपिन यादव पर वोटर लिस्ट से ओबीसी वोटरों के नाम काटने का दबाव बनाया जा रहा था। बीएलओ की एसआईआर के दबाव में जान जा रही है और मोदी तथा ज्ञानेश कुमार इसके लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सवाल इस बात का है कि 'कनपटी पर कट्टा' रखकर एसआईआर क्यों करवाया जा रहा है। आज ही महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव से पहले जबरदस्त 'वोट चोरी' सामने आई है। दो कोचिंग सेंटरों में 600 लोग रजिस्टर्ड हैं, वहीं 3,500 से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जिनका पता ही गलत है। दूसरी ओर चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश को अपना बता रहा है और प्रधानमंत्री लाल आंखें मूंदकर बैठे हुए हैं।

### नई श्रमिक संहिताएं मजदूर विरोधी, वापस ले सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि श्रम सुधारों के नाम पर सरकार हाल में जो नई श्रम संहिताएं लेकर आई हैं वे श्रमिकों के खिलाफ हैं और इन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। असंगठित श्रमिक एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष डा. उदित राज ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाए नई श्रमिक संहिताओं का कांग्रेस विरोध करती है और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन संहिताओं को वापस नहीं लिया जाता है, तो उनका संगठन पूरे देश में इनके खिलाफ आंदोलन करेगा। असंगठित श्रमिक एवं कर्मचारी कांग्रेस ने 22 नवम्बर को यहां श्रम शक्ति भवन पर प्रदर्शन किया था। ये सभी श्रमिक संहिताएं मजदूर विरोधी हैं और इन चारों लेबर कोड्स-औद्योगिक संबंध संहिता- 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य संहिता- 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता- 2020 तथा वेतन संहिता, 2019 कारपोरेट की हितैषी और मजदूर विरोधी हैं।

एसआईआर 'वोट चोरी' करती हुई धरी गई है। एक राज्य जहां 20 साल से भाजपा की सरकार है, वहां 93 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट आना संभव ही नहीं है। ऐसे में बच्चा-बच्चा जानता है कि एसआईआर के जरिए 'वोट चोरी' का काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सच्चाई ये है कि देश को खतरा मोदी सरकार से है, जिसने युवाओं का भविष्य चौपट किया है। किसानों को फसल का दाम नहीं मिल रहा है, लोगों से वोट का अधिकार छीना जा रहा है, महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है।

# बीएलओ की मौत पर सपा देगी दो लाख की सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर के बीच बीएलओ द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार को आड़े हाथों लिया है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में इस भ्रम में है कि काम के दबाव में किसी की मृत्यु होने पर न तो वे अपनी व्यवस्था सुधारेंगे, न ही कोई मुआवज़ा देंगे। चुनाव आयोग से अपील है कि मृतक आश्रितों को 1 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दिया जाए। समाजवादी पार्टी मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

गुरुवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बीएलओ भाई-बहनों पर एसआईआर का अव्यावहारिक एवं असंभव लक्ष्य थोपकर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह अत्यंत निंदनीय और घोर आपत्तिजनक है। भाजपा राज में कर्मचारियों को प्रताड़ना, दबाव



■ केंद्र सरकार को एक करोड़ मुआवजा देना चाहिए

और अशांति के अलावा कुछ नहीं मिला है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने नई नौकरियां नहीं दीं और जो मौजूदा व्यवस्थाएं हैं, उन्हें इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर हों। बीएलओ से मशीन की तरह काम करने की उम्मीद रखना अमानवीय है। यह सब भाजपा अपने चुनावी महाघोटाले के लिए कर रही है, जो बीएलओ हताश होकर नौकरी छोड़ रहे हैं या जो अपनी जान तक जोखिम में डाल रहे हैं, वे आखिर इस सियासी घपले का खामियाज़ा क्यों भुगतें? देशभर के कर्मचारियों को इसके विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हर बीएलओ के साथ खड़ी है।

# भाजपा ने यूपी के 14 जिलाध्यक्षों को हटाया, पांच को दोबारा दिया मौका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भाजपा ने यूपी में बुधवार देर रात 14 जिलाध्यक्षों को हटाकर नए जिलाध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी है। इसकी घोषणा पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने की। इस तरह भाजपा अब तक 98 में 84 जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कर चुकी है। अब 14 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान होना ही बाकी रह गया है। पांच जिलों में पुराने जिलाध्यक्षों को फिर मौका दिया गया है। बीजेपी ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर भी लिस्ट जारी की है। कुल 84 जिलों के लिए घोषित जिलाध्यक्षों में सात सामान्य, छह पिछड़े वर्ग (ओबीस) और एक अनुसूचित

■ अब तक 98 में से 84 जिलाध्यक्षों के नामों का कर चुकी ऐलान

जाति (एससी) से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है।

इस सूची में बृज क्षेत्र के अलीगढ़ जिले में सामान्य वर्ग से एक नाम शामिल है, जबकि अन्य जिलों में ओबीसी और एससी प्रतिनिधियों को प्राथमिकता दी गई। कुल मिलाकर, 84 जिलाध्यक्षों में सामान्य वर्ग से 45, ओबीसी से 32 और एससी से सात का चयन हुआ है। सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया गया। यह घोषणा मार्च 2025 में 70 जिलाध्यक्षों के चयन के बाद की कड़ी है, जब दिल्ली-लखनऊ में कई दौर की चर्चाओं के बाद सूची अंतिम रूप ले चुकी थी। उस समय भी पार्टी ने संगठनात्मक पुनर्गठन पर जोर दिया था, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़े। बीजेपी के 98 संगठनात्मक जिलों में अब 14 जिले बचे हुए हैं, जिनके अध्यक्षों का चयन किया जाना है। बीते कई माह से भाजपा यूपी में 98 जिलाध्यक्षों को लेकर नामों का ऐलान कर रही है। बुधवार देर रात बीजेपी की ओर से इसी कड़ी में 14 नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गई, इनमें 5 चेहरे पुराने पुराने हैं। इस तरह बीजेपी अब तक 98 में 84 जिलाध्यक्षों का नामों का ऐलान कर चुकी है। अब सिर्फ 14 नामों का ऐलान होना ही बाकी है।

# पुतिन के दौरे से यूपी की लेदर इंडस्ट्री को बूस्टर डोज की उम्मीद

**लखनऊ, वार्ता**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से जहां रक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलने की उम्मीद है वहीं उत्तर प्रदेश की लेदर इंडस्ट्री की भी निगाहें टिकी हुई है।

लेदर इंडस्ट्री को उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ के चलते प्रभावित हो रहे व्यापार के लिए रूस के बाजार उनके लिए खुल सकते हैं। जो एमएसएमई सेक्टर के लिए बूस्टर डोज का काम करेगी। रूस को लेकर भारत के इस समय अमेरिका समेत उसके पश्चिमी सहयोगियों के साथ जो कूटनीतिक रिश्ते हैं, उसको देखते हुए पुतिन की इस यात्रा पर दुनिया भर की नजरें लगी हुई हैं लेकिन,

■ अमेरिकी टैरिफ के चलते प्रभावित हो रहे बाजार

भारत और रूस अपने सामरिक, रक्षा और आर्थिक संबंधों में इनकी वजह से किसी भी तरह से दबाव में आने वाले नहीं हैं। ऐसे में पांच दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 5 दिसम्बर बेहद अहम द्विपक्षीय सम्मेलन होने वाला है। इसमें भारत अपनी रक्षा क्षमताओं के विस्तार और आत्मनिर्भरता की दिशा में रूस के साथ बड़ी डील को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। पुतिन के साथ भारत दौरे पर आने वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर मंथन होगा।

## विदेशों में सोशल मीडिया अकाउंट्स से की जा रही देशविरोधी बयानबाजी: भाजपा

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने गुरुवार को कांग्रेस और वामपंथी विचारधारा वाले दलों पर आरोप लगाया कि वे विदेशों में स्थित सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं और देश विरोधी माहौल बना रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार सम्मेलन में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी टीम के साथ साथ वामपंथी दलों के जाने-माने चेहरे करीब 2014 से लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को अपमानित करने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल इसके लिए विदेशी ताकतों की मदद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी के मुताबिक देश विरोधी बयानों और भाजपा सरकार के खिलाफ बयानबाजी विदेशों से संचालित एकाउंट्स के जरिए की जा रही है, ताकि देश में सरकार विरोधी माहौल बनाया जा सके। पात्रा ने कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया एक्स पर कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है, जिसके माध्यम से आप जान सकते हैं कि जिनका एकाउंट है, वो किस देश से इसे ऑपरेट कर रहे है या फिर उनकी लोकेशन क्या है।



**सेंसेक्स** 85720.38
**निफ्टी** 26215.55



**सोना रु.** 127800
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 160800
प्रति किलो




# शेयर बाजार: सेंसेक्स 86000 अंक को छूकर लौटा

**मुंबई, वार्ता**

आईटी, निजी बैंकों और वित्तीय कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स बीच कारोबार में पहली बार 86,000 अंक को छूने में कामयाब रहा।

सेंसेक्स बढ़त में खुलने के बाद बीच कारोबार में एक समय 446 अंक उछलकर 86,055.86 अंक पर पहुंच गया था। अंत में यह 110.87 अंक (0.13 प्रतिशत) की बढ़त में 85,720.38 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 105 अंक चढ़कर 26,310.45 अंक पर पहुंच गया, हालांकि अंत में यह 10.25 अंक यानी 0.04 प्रतिशत ऊपर 26,215.55 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों यह सितम्बर 2024 के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जबकि छोटी कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत चढ़



गया। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.53 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,193 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,598 के शेयर लाल निशान में और 1,486 के शेयर हरे निशान में रहे। वहीं 109 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। मीडिया, आईटी, वित्तीय कंपनियों और निजी बैंकों के समूहों से सूचकांक हरे निशान में रहे। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, तेल एवं गैस, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और अन्य 15 के लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.24 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.05, बजाज फिनसर्व में 0.93, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.68, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक दोनों में 0.54 और एलएंडटी में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और सनफार्मा के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। मारुति सुजुकी में सबसे ज्यादा 1.56 फीसदी की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.35 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.15, भारतीय स्टेट बैंक का 1.14, टाटा स्टील का 0.97 और टीसीएस का 0.80 प्रतिशत टूट गया। टेक महिंद्रा, ट्रेंट, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.23 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.29 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.07 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.20 प्रतिशत ऊपर था, जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही।

## सोना-चांदी के दाम में अचानक आया उछाल

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में अचानक उछाल आ गया। गुरुवार के दाम के अनुसार चांदी का भाव एक लाख 60 हजार 800 रुपये प्रति किलो है, वहीं 24 कैरट सोने की कीमत एक लाख 27 हजार 800 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरट सोना एक लाख 17 हजार 485 रुपये प्रति दस ग्राम है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि सुरक्षित निवेश की नई मांग के कारण सोने में तेजी आई, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में कमजोरी के लगातार संकेत से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बनी हुई है। वैश्विक मोर्चे पर हाजिर सोना लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ 46.32 डॉलर या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 4,114.01 डॉलर प्रति औंस हो गया। विदेशी कारोबार में चांदी हाजिर 3.09 प्रतिशत बढ़कर 52.26 डॉलर प्रति औंस हो गई। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि सोना हाजिर 4,084 डॉलर के स्तर से ऊपर कारोबार कर रहा है, क्योंकि एफओएमसी की अक्टूबर बैठक के विवरण का इंतजार कर रहे हैं, जो आज रात जारी होगा।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के भाव टूट गए। चावल के साथ गेहूं में भी गिरावट रही। आवक कम रहने से चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये प्रति क्विंटल फिसलकर 3,844.42 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं भी तीन रुपये की गिरावट के साथ 2,854.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत भी तीन रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में उड़द दाल 13 रुपये और मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 15 रुपये और चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। वहीं मसूर दाल की कीमत 21 रुपये प्रति क्विटल टूट गई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 65 रिंगिट चढ़कर 4089 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 33 रुपये और वनस्पति 15 रुपये प्रति क्विटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत भी 64 रुपये प्रति क्विटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 27



रुपये और सोया तेल में 18 रुपये प्रति क्विटल की तेजी रही। सूरजमुखी तेल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ गत दिवस के स्तर पर स्थिर रहा जबकि चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.50 रुपये, मसूर काली 8158.13 रुपये, मूंग दाल 10130.80 रुपये, उड़द दाल 10384.09 रुपये, तूअर दाल 10638.42 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.46 रुपये और चावल 3844.42 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**आधार कार्ड...**

कहा कि बड़े पैमाने पर मीडिया कवरेज ने एसआईआर प्रक्रिया को पूरे राज्य में मशहूर कर दिया है। कभी-कभी हमें मीडिया को पूरा क्रेडिट देना चाहिए। अगर दूर-दराज़ के इलाकों के लोगों को जानकारी थी कि नई लिस्ट आ रही है, तो क्या कोई कह सकता है कि उन्हें पता नहीं था?

अधिवक्ता सिब्बल की इस बात पर कि एसआईआर प्रक्रिया का बोझ मतदाताओं पर नहीं पड़ना चाहिए, और सॉफ्टवेयर फर्जी मतदाताओं का असरदार तरीके से पता लगा सकता है, न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि तकनीकी उपकरण मृत मतदाताओं की पहचान नहीं कर सकते। यह सब राजनीतिक रुझान पर निर्भर करता है। अगर पार्टी 'अ' मज़बूत है, तो सभी मृत मतदाता उसी पार्टी को वोट देंगे। इसीलिए मृत मतदाताओं को हटाना होगा। बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की गलतियों के बारे में चिंता जताते हुए, न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि सर्वे शायद ही कभी पूर्ण होते हैं और इसलिए सुधार के लिए मसौदा सूची प्रकाशित की जाती हैं। पीठ ने दोहराया कि सूची से हटाए गए और बाहर चले गए मतदाताओं की सूची न केवल ऑनलाइन बल्कि पंचायतों और स्थानीय निकायों में भी अपलोड की जानी चाहिए। पीठ ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चुनाव आयोग से भी जवाब मांगा। इसने कहा कि अगर ज़रूरत पड़ी, तो न्यायालय मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन की समयसीमा बढ़ा सकता है। एसआईआर के दूसरे चरण के कार्यक्रम के अनुसार, गणना फॉर्म 4 दिसम्बर को जमा करने हैं, और मसौदा सूची 9 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। न्यायमर्ति सूर्यकांत ने जोर देकर कहा कि अगर आप कोई केस बनाते हैं, तो न्यायालय हमेशा तारीखें बढ़ाने का निर्देश दे सकता है।

इन्हें टालने का विरोध करते हुए चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि 99 प्रतिशत मतदाताओं को को गणना प्रपत्र मिल गए हैं और 50 प्रतिशत से ज्यादा डिजिटाइज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव कार्यालय और चुनाव आयोग बेहतर तरीक से समन्वय कर रहे थे और उन्हें संचालनात्मक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। केरल में 9 और 11 दिसम्बर को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव की अर्जी को देखते हुए न्यायालय केरल की याचिका पर 2 दिसम्बर को सुनवाई के लिए सहमत हो गया। तमिलनाडु मामले पर चार दिसम्बर और पश्चिम बंगाल मामले पर नौ दिसम्बर को सुनवाई होगी।

# बंगाल में एसआईआर में 26 लाख मतदाताओं की पहचान नहीं हो पाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान संभावित नाम हटाए जाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने पुष्टि की है कि मिलान प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग 26 लाख मतदाताओं की पहचान नहीं हो पाई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब तक छह करोड़ मतदाताओं के विवरणों का मिलान किया जा चुका है, जिनमें से लगभग 26 लाख का डिजिटल डेटाबेस के माध्यम से सत्यापन नहीं हो सका है। अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि जमा किए गए गणना प्रपत्रों के मिलान की प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ यह संख्या बढ़ने की संभावना है। हालांकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया

■ अब तक छह करोड़ मतदाताओं के विवरण का मिलान हो चुका

कि सिर्फ इन विसंगतियों के कारण नाम नहीं हटाए जाएंगे। इसके बजाय, अधिकारी कोई भी निर्णय लेने से पहले दूसरे दौर के भौतिक सत्यापन के लिए मुद्रित मतदाता सूचियों पर निर्भर रहेंगे। आयोग के सूत्रों के अनुसार राज्य भर में 7.64 करोड़ गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से 6.01 करोड़ का डिजिटलीकरण हो चुका है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि शेष फॉर्म भी जल्द ही डिजिटल कर दिए जाएंगे। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल इस समय डिजिटलीकरण के मामले में देश में सबसे आगे है। इस बीच निर्वाचन आयोग ने बुधवार को एसआईआर प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए तीन केंद्रीय अधिकारियों को कोलकाता में तैनात किया। ये अधिकारी, प्रधान सचिव बीसी पात्रा, सचिव सौम्यजीत घोष और उप सचिव बीबर अग्रवाल, पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के अधीन काम करेंगे। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर बूथ स्तर के अधिकारियों के एक वर्ग द्वारा पिछले दो दिनों से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बाद कोलकाता पुलिस से 48 घंटों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। सीईओ के अधिकारियों ने कहा कि आयोग अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर रूप से चितित है और उनका मानना है कि कार्यालय में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## एक नजर

### हिमांशी ने जीता गोल्ड मैडल



**नजीबाबाद।** लायंस क्लब द्वारा ओपन इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मौअज्जम, मौहम्मद राशिद, मौहम्मद अशरफ तथा ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अंकुर चौधरी ने फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के लगभग 10 से 12 स्कूलों के करीब 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिनमें जीत के लिए जोरदार मुकाबला देखने को मिला। बालक वर्ग में वालिया ग्लोबल एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा किया। द्वितीय स्थान किरतपुर ने प्राप्त किया, जबकि तीसरे स्थान पर गुरुकुल इंटरनेशनल एकेडमी नांगल के खिलाड़ी रहे। बालि. का वर्ग में कस्तूरबा गांधी नगीना की छात्राओं ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वार्डन मीनाक्षी चौधरी की अनुपस्थिति में एकता गुप्ता बच्चों के साथ उपस्थित रहीं। तृतीय स्थान नगीना की एलआरएस एकेडमी ने प्राप्त किया। जबकि मिलेनियम पब्लिक स्कूल कोतवाली देहात की छात्राओं ने तीसरा स्थान पाकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आकर्षण नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी की खिलाड़ी हिमांशी प्रजापति रहीं। जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से गोल्ड मैडल जीतकर सबका दिल जीत लिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को वालिया ग्लोबल अकैडमी की प्रधानाचार्या एवं विशेष अतिथि डॉ. राखी अग्रवाल ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। यह पूरी जानकारी नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी के मुख्य कोच रिंकू वर्मा ने दी। इस अवसर पर नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अरशद, रैफरी अनमोल, हिमांशु भारती, पारुल, प्रीति, रोहित कुमार सहित सभी ताइक्वांडो कोच मौजूद रहे।

### अफजलगढ़ थाने का निरीक्षण



**अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव ने थाने के अभिलेखों का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिषद में रखे सभी शस्त्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डैक्स का भी निरीक्षण किया। कंप्यूटर कक्ष व बंदीगृह की व्यवस्था देखी। उन्होंने भोजनालय का भी निरीक्षण कर साफ सफाई दुरुस्त रखने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर में बन रही बैरिक का भी निरीक्षण कर जल्दी काम पूरा कराने के निर्देश दिए। थाना परिसर में सभी दस्तावेज का रखरखाव ठीक से पाया गया। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से अपने कर्तव्य का सही से पालन करने के निर्देश दिए। इस मौके पर थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, एसएसआई श्रीपाल सिंह, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, हरवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### हादसे में तीन युवक घायल



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी बांगर में आज दोपहर दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि 22 वर्षीय शाहबाज पुत्र मकसूद अहमद निवासी मौहल्ला इस्लामनगर, कस्बा स्योहारा तथा 23 वर्षीय सालिम पुत्र सलीम निवासी सहसपुर बाइक से स्योहारा से नूरपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक पर इमरान पुत्र साकिर निवासी ग्राम बुढेरन सवार था। दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद शाहबाज और सालिम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। जिसके बाद परिजन एंबुलेंस से दोनों को मुरादाबाद ले गए। इमरान का उपचार स्थानीय सीएचसी में जारी है।

### नूरपुर में किशोरी के साथ रेप

**बिजनौर।** थाना नूरपुर में चार नवम्बर को वादिनी ने तहरीर दी थी कि ग्राम जाफराबाद कुरई निवासी अमन पुत्र असलम ने उसकी पुत्री के साथ रेप करने का प्रयास किया। पुलिस ने रेप की धारा सहित अन्य गंभीर धाराओं व पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अमन को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य नामजदगी झूठी पाई गई।

## मानक से कम फार्म डिजिटाइज करने पर

# बीएलओ के विरुद्ध रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मानक से कम गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश डीएम जसजीत कौन ने दिए है।



प्राप्त समाचार के अनुसार डीएम जसजीत कौर ने विभागीय नियंत्रण प्राधिकारी को निर्देश दिए कि जिन बीएलओ द्वारा मानक से कम गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया है, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करें तथा जिन बीएलओ के गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की प्रगति आज शाम तक 50% से कम पाई जाएं, उनके विरुद्ध भी कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने आमजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा आयोग की निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, उनके नाम आगामी वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे और वे अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा गणना प्रपत्रों पत्रों को डिजिटाइज्ड करने की अंतिम तिथि चार दिसंबर निर्धारित की गई है। नियत तिथि के बाद मतदाता द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों का आह्वान किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने और निर्धारित समय में शत प्रतिशत रूप से गणना पत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने के कार्य में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें और सभी मतदेय स्थलों पर अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल अभिकर्ता का चयन कर एसआईआर के कार्य में सहयोग उपलब्ध कराएं।

डीएम जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित है। जिसमें 2003 की मतदाता सूची के आधार पर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को प्रेषित किए जाने हैं, ताकि समय पूर्वक उनको डिजिटल किया जा सके। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा उक्त कार्य के लिए चार दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले गणना पत्रों को आगामी मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने सभी मतदाताओं का आह्वान किया कि अपने गणना प्रपत्र 30 नवंबर, 25 तक बूथ लेवल अधिकारियों को जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि वे उनको डिजिटाइज्ड कर सकें। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र मतदाताओं को उपलब्ध कराने एवं उनको भरवा कर बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए पंचायत राज, बेसिक शिक्षा, नगर विकास, महिला एवं बाल कल्याण विकास सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को लगाया गया है। ताकि आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत इसका कार्य पूर्ण किया जा सके।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, समाजवादी पार्टी से अखलाक पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कुत्ते के हमले में घायल

**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलपुर आबाद में 32 वर्षीय फरीद अहमद पुत्र रशीद अहमद अपने घर से डॉ. इकरार के क्लीनिक के पास स्थित परचून की दुकान पर कुछ सामान लेने गया था। वापसी के दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके पैर में गहरा जख्म हो गया। ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्ते झुंड में सड़कों पर घूमते रहते हैं। जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों पर नियंत्राण के लिए तत्काल ठोस कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में कोई गंभीर घटना हो सकती है।

## दहेज में बीस लाख रुपये की डिमांड पड़ी महंगी, रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** विवाहिता ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज के रूप में फ्लैट या 20 लाख रुपए की मांग पूरी नहीं होने पर तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए पति, ससुर, सास व दो ननदों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम बैरमाबाद गढ़ी निवासी हिना कौसर पुत्री मौहम्मद यामीन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2017 में दिल्ली के आराम पार्क क्षेत्र में शादाब से हुई थी। शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करने में लगे हुए थे। करीब पांच वर्ष पूर्व भी उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया था। तब उसके पिता द्वारा एक

#### मारपीट कर घर से निकाला

लाख रुपए की मांग पूरी कर दी गई थी और वापस भेज दिया था। इसके बाद उसे अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके में रह रही थी। उसकी एक छोटी बच्ची भी है । दस अगस्त को पति सहित ससुराल पक्ष के लोग उसके मायके में आए और अतिरिक्त दहेज के रूप में फ्लैट या 20 लाख रुपए देने की मांग की। उसके परिवार वालों ने जब इसमें असमर्थता दिखाई, तो पति शादाब व ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और पति ने तीन तलाक दे दिया। तलाक के बाद में इद्दत में बैठी हुई थी। हिना कौसर की तहरीर पर पति शादाब, ससुर मौहम्मद शौकीन, सास अमीना, ननद शीरीन और माहीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी कुलजीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दूसरी तरफ इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## मजलिस में इमरान को मिली जिम्मेदारी

#### नूरपुर के विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त

मौहम्मद इकबाल अंसारी

**स्योहारा।** एआईएमआईएम (मजलिस) ने नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए इमरान उस्मानी को अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश देखा जा रहा है।




प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय ग्राम फैजुल्लापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज अपनी टीम के साथ पहुंचे और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों व अनुशासन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व को मजबूती प्रदान कर रहा हैं। जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज ने इमरान उस्मानी को विधानसभा अध्यक्ष का नियुक्ति प्रमाण-पत्र देकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। जिम्मेदारी मिलने पर इमरान उस्मानी ने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उसे वह पूरी निष्ठा और नि:स्वार्थ भाव से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए दिन-रात कार्य करेंगे।

बैठक में मौहम्मद अजहर, रेहान एड., जफर इकबाल, मौहम्मद शाकिर चांदपुरी, मकबूल उस्मानी, अनिरुद्ध कुमार, डॉ. जाकिर, गिरिराज सिंह, बब्बू कुरैशी, अफ्फान उस्मानी, जहीर आलम अंसारी, मुजीबुर्रहमान, किश्वर जहां, शाकिर, साबिर आदि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में नया जोश दिखाई दिया।

## वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर को सपा अध्यक्ष अखिलेश ने दी बड़ी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए एसआईआर के कार्य के लिए जिला प्रभारी नियुक्त किया है।



#### एसआईआर के लिए जिला प्रभारी नियुक्त

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर प्रदेश में जारी अफरा-तफरी एवं बीएलओ की मौतों के क्रम में जनता को हो रही परेशानी के मद्देनजर वरिष्ठ नेताओं को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। सपा के जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. रमेश तोमर को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। वह एसआईआर के काम की निगरानी करेंगे। उनके द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर एसआईआर के कार्य की समीक्षा की जाएगी। ताकि मतदाताओं के वोट न कट सकें। उन्होंने कहा कि सपा का पूरा संगठन एवं वरिष्ठ नेता एसआईआर के काम में गंभीरता से लगे हुए है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में अगर कोई धांधली की जाती है, तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा।

गौरतलब है कि डॉ. रमेश तोमर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सबसे विश्वासपात्र नेताओं में शामिल है। वह सपा के सबसे गंभीर एवं पुराने नेता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता उनका सम्मान करते है। हालांकि उन्हें काफी देरी से एसआईआर के महत्वपूर्ण कार्य का प्रभारी बनाया गया है।

## गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में

# महिला अधिकार व कानून विषय पर सेमिनार

मौहम्मद हनीफ

**चान्दपुर।** शिक्षा और सामाजिक चेतना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारत में महिला अधिकार एवं कानून विषय पर एक ज्ञानवर्धक विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार यह सेमिनार महिला सशक्तिकरण और कानूनी जागरूकता के महत्व को रेखांकित करने वाला विचारोत्तेजक मंच सिद्ध हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में कुल छह प्रतिभागियों ने अपने शोधपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा और प्रोफेसर डॉ. दिनेश सिंह रहे। जिन्होंने विषय के विभिन्न आयामों को गहराई से छुआ। प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने महिला अधिकारों एवं उन्हें बाधित करने वाले सामाजिक प्रतिबंधों और समकालीन चुनौतियों पर सारगर्भित प्रकाश डाला। जो वर्तमान परिदृश्य की जटिलताओं को दर्शाता है। प्रोफेसर दिनेश सिंह ने महिलाओं की स्थिति, कर्तव्यों और अधिकारों का विस्तृत ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने हड़प्पा सभ्यता से लेकर वैदिक, उत्तर वैदिक, मध्यकाल और महाकाव्य काल तक महिलाओं की भूमिका में आए परिवर्तनों को रेखांकित किया। सेमिनार में प्रस्तुत शोध पत्रों का मूल्यांकन एक विशिष्ट निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. जैनुल आबिदीन, सुरेंद्र सिंह और डॉ. उदिता राजपूत शामिल थी । उनकी निष्पक्ष कसौटी पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान कुमारी नाजिया परवीन, द्वितीय स्थान कुमारी अर्शी, तृतीय स्थान कुमारी हिमानी तथा सांत्वना पुरस्कार कुमारी मोबिन को दिया गया। अध्यक्षता प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने की। जिन्होंने अपने मार्गदर्शन से आयोजन को गरिमा प्रदान की। सेमिनार का कुशल संचालन राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर मौहम्मद सुलेमान ने किया। जिन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाए रखा। इस सेमिनार में डॉ. महीपाल सिंह, डॉ. अखिलेश, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. देवेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, पूजा राजपूत, आस मौहम्मद के अतिरिक्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### साइवर अपराधों से किया सावधान



**बढ़ापुर।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने नागरिकों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। किसी भी अंजान व्यक्ति को अपनी बैंकिंग संबंधित जानकारी, ओटीपी या कोई अनजान लिंक न खोलने के बारे में बताया गया और कहा कि किसी भी अनजान नंबर एवं संदिग्ध वीडियो कॉल पर बार नही करें। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ.दिलशाद अंसारी, पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन, पंकज कुमार, सभासद दानिश कुरैशी, बीरेंद्र सैनी व नगर पंचायत स्टाफ मौजूद रहा।

### कनक को बरामद करने की मांग



**बिजनौर।** शिवसेना की बैठक युवा जिला महासचिव रानू ठाकुर के आवास मौहल्ला रामपुर बकली में हुई। शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि 14 वर्षीय कनक 15 नवंबर से लापता है। जिसका अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। इसमें पुलिस की लापरवाही साफ नजर आ रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 72 घंटे के अंदर यदि कनक की सकुशल बरामदगी नहीं होती है, तो शिवसेना पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा की अगवाई में शिवसेना कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे। यदि जिला पुलिस हमारे किसी भी कार्यकर्ता को हाउस अरेस्ट या लापता कर अरेस्ट करती है, तो इसका विरोध जिला पुलिस को ही झेलना होगा। यदि 48 घंटे के अंदर पुलिस सकुशल कनक को बरामद कर लेती है, तो पुलिस को गुड़ की मिठाई शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा खिलाई जाएगी। बैठक में शशि कुमार, अजय कुमार, रानू, मोहित, शोभित गुर्जर, सचिन कुमार, संदीप बिल्ला,मुकेश लंबा, यशपाल ठाकुर ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर,संजय, वरुण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### सुरक्षा जागरूकता का दिया संदेश



**शिवाला कलां।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस ने सुरक्षा और जागरूकता का व्यापक अभियान चलाया। ग्राम मझौला बिल्लौच और कासिमपुर बिल्लौच में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनका उद्देश्य नारी सुरक्षा, साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना था। ग्राम मझौला बिल्लौच में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, आशा, आंगनवाड़ी और पुलिस विभाग ने मिलकर जागरूकता पैदा करने की कोशिश की। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की थीम महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विभिन्न हेल्पलाईन टोल फ्री नम्बर, साईबर अपराध, कल्याणकारी योजनाओं, गुड टच व बैड टच तथा यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना था। ग्राम कासिमपुर बिल्लौच में भी महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया।

### देश सेवा की ली शपथ



**शिवाला कलां।** थाना परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में थाना प्रभारी लखपत सिंह ने स्टाफ को संविधान के प्रति अपने दायित्वों की शपथ दिलाई। संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। प्रभारी निरीक्षक लखपत सिंह ने सभी को संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया।

### दक्ष हॉस्पिटल में भरवाए गए फार्म



**नहटौर।** दक्ष हॉस्पिटल पर एसआईआर फार्म भरने के लिए एक हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया। मौहल्ला होलियान के मतदाताओं के एसआईआर फार्म बीएलओ अनीता वर्मा ने भरे। डॉ. एके दक्ष ने सभी मतदाताओं को बुलाकर और बीएलओ का भी पूर्ण सहयोग किया। इस मौके पर डॉ. मनीषा दक्ष, सोनिया शर्मा, आलिया खुर्शीद, अनिल कुमार बीपीओ ऑपरेटर, कन्हैया सिंह, अभिषेक, प्रशांत, अनमोल वर्मा, अनिल कुमार, अनुराधा, शिवानी, अलका आदि मौजूद रही।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# स्योहारा में एसआईआर अभियान में तेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा शहर के सभी 40 बूथों पर एसआईआर फॉर्म जमा कराने हेतु व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों को विशेष

## चेयरमैन व ईओ कर रहे निगरानी



प्रशिक्षण दिया गया, ताकि प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर फॉर्म सही तरीके से भरवाए जा सके। यह अभियान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के निर्देश पर तथा अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल की निगरानी में तेज गति से आगे बढ़ रहा है

नगर पालिका प्रशासन के अनुसार केवल आज ही सभी बूथों पर शाम चार बजे तक कुल 3259 एसआईआर फॉर्म भरवाकर और सत्यापित कर जमा किए गए। अधिकारियों ने बताया कि यह संख्या कर्मचारियों की मेहनत और लगातार फील्ड में सक्रिय रहने का परिणाम है। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि नगर के प्रत्येक नागरिक तक इस अभियान का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बिना किसी विलंब के अपना एसआईआर फॉर्म बीएलओ या नगर पालिका कर्मचारियों को सौंपें, ताकि अंतिम समय की भीड़ और तकनीकी बाधाओं से बचा जा सके। इस पूरे अभियान में नगर पालिका कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सुबह से शाम तक कर्मचारियों ने बूथों, वार्डों और कॉलोनियों में जाकर फॉर्म भरवाए। आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और लोगों को एसआईआर के महत्व के बारे में समझाया। कर्मचारियों द्वारा बूथवार मॉनिटरिंग भी की गई। जिससे फॉर्म संग्रहण प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सकी। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नगर पालिका परिसर में एक हेल्प डेस्क बनाई गई है। जहां नागरिक किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड से शत-प्रतिशत फॉर्म जमा कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें वार्ड सभासदों, बीएलओ और नगर पालिका कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और सभासदों से भी आग्रह किया कि वे अपने वार्डों में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए फॉर्म समय पर भरवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिक सहयोग करेंगे, तो शहर में एसआईआर फॉर्म की प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इसमें नागरिकों का ही फायदा है। अगर प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, तो वोट बनने से रह जाएगा।

## रेलवे ट्रैक पर गाड़ी से कटकर व्यक्ति की मौत

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के रेलवे स्टेशन नजीबाबाद के किलोमीटर संख्या 1497/2-4 के मध्य रेलवे ट्रैक पर गाड़ी से कटकर व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे जीआरपी स्टाफ के द्वारा क्षत विक्षत व्यक्ति के शव को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उप निरीक्षक वीर सिंह कार्य सरकार कार्यालय हाजिर को समय करीब 10:30 बजे स्टेशन मास्टर नजीबाबाद द्वारा गाड़ी संख्या 04654 से नजीबाबाद यार्ड में एक व्यक्ति रन ओवर होने की सूचना पर उप निरीक्षक वीर सिंह हमाराह , हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह तुरंत रवाना होकर रेलवे स्टेशन नजीबाबाद के किलोमीटर संख्या 1497/2 -4 के मध्य पहुंचे तो देखा कि उक्त किलोमीटर के मध्य एक व्यक्ति का शव धड़ से नीचे आधा हिस्सा डाउन मेन लाइन के अंदर व धड़ से ऊपर का हिस्सा डाउन मेंन लाइन के बाहर उत्तर साइड पड़ा है मौके पर जीआरपी नजीबाबाद स्टाफ पहुंचा एवं क्षत विक्षत डेड बॉडी को इकट्ठा कर समय 10:50 बजे लाइन क्लियर किया व डेड बॉडी को अपने कब्जा में लेकर अग्रिम कार्रवाई हेतु ले गए मृतक का शरीर क्षत विक्षत होने के कारण कोई पहचान नहीं हो सकी मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है घटना के कारण उपरोक्त गाड़ी घटना स्थल से पार होने के बाद 2 मिनट रुक कर गंतव्य को रवाना हुई , अन्य कोई गाड़ी प्रभावित नहीं हुई, गाड़ी के चालक द्वारा मीमो दिया गया जिसके अनुसार एक व्यक्ति डाउन लाइन पर आकर बैठ गया । प्रथम दृष्टिया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है ।

### एक नजर

## नगीना में हाफिज रईस सम्मानित



**नगीना।** नगर मे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य के लिए भाजपा बूथ अध्यक्ष हाफिज रईस अहमद को भाजपा जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा कय्यूम राइन ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा कय्यूम राइन ने कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बूथों पर मतदाताओं के नाम फीडिंग, गणना प्रपत्रों के वितरण और एकत्रित करने संबंधी कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान, विधानसभा के बूथ संख्या 277 के अध्यक्ष बीएलए हाफिज रईस अहमद का कार्य सराहनीय पाया गया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया संबंधी निर्धारित लक्ष्य को बेहतर तरीके से पूरा किया था। उनके इस उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए भाजपा जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा कय्यूम राइन ने उन्हें सम्मानित किया और प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया में कार्य करने वाले बीएलओ सहित अन्य कार्मिकों व कार्यकर्ताओं की भी सराहना की। इस अवसर पर परवेज अहमद लाठी वाले, वसीम अख्तर, मौ अजहर, अब्दुल मालिक, गुलजार अहमद आदि उपस्थित रहे।

## टांडा माईदास में चैकिंग अभियान



**नगीना।** थाना नगीना देहात के ग्राम टांडा माईदास में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान नगीना क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में संचालित किया गया। हाल ही में दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद पुलिस विशेष रूप से सतर्क है। आगामी त्योहारों के मद्देनजर भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। अभियान के तहत पुलिस ने बस स्टैंड, मेन बाजार और शराब ठेका जैसे संवेदनशील तथा भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग और पैदल गश्त की। इसका उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना था। इसके अतिरिक्त, त्योहारों को देखते हुए बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के आसपास भी विशेष जांच अभियान चलाया गया। इन कदमों का लक्ष्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## गुलदार के हमले में युवती घायल



**हल्दौर।** गोवर्धनपुर नांगली निवासी अनिल सिंह अपनी पुत्री कनिष्क के साथ तथा पीछे आ रहे देवेंद्र सिंह व सुमित कुमार दो बाइकों से बिजनौर में एक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। शाम करीब सात बजे जैसे ही उनकी बाइकें ग्राम की नहर पर पहुंचीं, अचानक गन्ने के खेत में घात लगाए बैठे गुलदार ने अनिल सिंह की बाइक पर हमला कर दिया। हमले में बाइक सड़क पर गिर गई और गुलदार युवती कनिष्क पर झपट पड़ा। पीछे से आ रहे देवेंद्र सिंह और सुमित कुमार को अपनी ओर बढ़ते देख गुलदार युवती को छोड़कर गन्ने के खेत की ओर भाग गया। घटना की सूचना पर ग्राम में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण हुकम सिंह, राजेंद्र सिंह, रितिक कुमार, सौरव कुमार, सुशील कुमार, नवनीत सिंह, मुकुल कुमार सहित अनेक लोगों ने मौके पर पहुंचकर वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाने और गुलदार को पकड़ने की मांग की। उधर, वन रेंजर महेश चंद्र गौतम ने बताया कि गुलदार की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए टीम गठित कर दी गई है। शीघ्र ही क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## वाहनों का पंजीयन पोर्टल पर कराने के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उप्र खनिज भवन, लखनऊ के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीयन विभागीय पोर्टल पर कराने व विभागीय पोर्टल से कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं तथा यह भी निर्देश दिये गये हैं कि दिनांक 15 नवम्बर से उपखनिज परिवहन हेतु प्रपत्र उन्ही वाहनों के लिए जनित होगा, जिनके वाहन पर लगे डिवाइस विभागीय पोर्टल से होंगे। उन्होंने जिला बिजनौर में उपखनिज का परिवहन करने वाले समस्त वाहन स्वामियों / चालकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने वाहनों का पंजीयन विभागीय पोर्टल पर कराकर लगाते हुए। अन्यथा की स्थिति में उपखनिज परिवहन के लिए प्रपत्र जनित नहीं हो पायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कार्यालय जिलाधिकारी बिजनौर (खनन अनुभाग) में सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने इस संबंध में उप संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है कि खनिज का परिवहन करने वाले सभी वाहन स्वामियों एवं वाहन चालकों को सूचित करते हुए शासन के उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित कराएं।

### एक नजर

## एसआईआर अभियान के तहत कैम्प



**नजीबाबाद।** मौहल्ला सेवाराम व मुगलूशाह में चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी नगर पंचायत साहनपुर द्वारा एसआईआर अभियान के तहत सुविधा कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और अपने दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर क्षेत्रवासियों को विशेष रूप से बताया गया कि अपने फॉर्म पांच दिसम्बर से पहले हर हाल में संबंधित बीएलओ के पास जमा कर दें, ताकि उनका नाम सही समय पर सूची में दर्ज हो सके। कैंप का आयोजन नामदेव धर्मशाला, मौहल्ला मुगलू शाह में किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन खुर्शीद ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाताओं से कहना है कि सभी अपने एसआईआर फॉर्म भरकर बीएलओ को जमा कर दे, जो लोग शहर से बाहर रहते हैं। वह भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए किसी संबंधित को फॉर्म भरवा कर जमा करवा दें।

## झालू में एसआईआर फॉर्म की गति बढ़ी



**झालू।** नगर पंचायत झालू में एसआईआर फॉर्म भरवाने का अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। अधिकतर बीअलओ और मतदाता फॉर्म भरने और जमा करने में परेशानी महसूस कर रहे थे लेकिन जब से नगर पंचायत और राशन प्रतिनिधियों ने एसआईआर फॉर्म को भरवाने में रुचि ली है तभी से कस्बे के अंदर एस आईआरफॉर्म भरने और जमा करने की गति बढ़ गई है। बीएलओ और नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ-साथ राशन डीलर्स प्रतिनिधि भी इस मतदाता गणना प्रपत्र को भरवाने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय में एसएआर के फॉर्म जमा हो रहे हैं यदि किसी को फार्म जमा करने और भरने में कोई परेशानी हो तो वह तुरंत आकर कार्यालय में संपर्क कर सकता है वैसे हमारे कर्मचारी गण बीअलओ के साथ घूम रहे हैं किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए हम झालू बस्ती के हर एक नागरिक की सेवा करने के लिए कार्यालय में उपलब्ध रहते हैं।इसी के साथ-साथ राशन डीलर्स प्रति. निधि नाइल हाशमी ने बताया की सभी कार्ड धारको के फॉर्म घर-घर जाकर चेक किया जा रहे हैं कि किसी का फॉर्म बिना भरे ना रह जाए यदि किसी का फॉर्म भरा हुआ नहीं है तो उसे भरकर जमा कराया जा रहा है और यदि किसी को फार्म उपलब्ध नहीं हुआ है तो उनको फॉर्म दिलाया जा रहा है। सभी वार्डस में एसएआर फॉर्म भरने का सिलसिला जोर शोर से चल रहा है। नगर पंचायत ने अपने अधिकतर कर्मचारियों को एस आईआरफॉर्म भरवाने के लिए घर घर भेजा जा रहा है। नगर पंचायत कार्यालय में फार्म जमा कराकर उनको ऑनलाइन कराया जा रहा है। इसीलिए नगर पंचायत कार्यालय ने झालू बस्ती के सभी मतदाताओं से अपील की है कि अगर उन्हें किसी प्रकार की फॉर्म भरने में या जमा करने में कोई परेशानी होती है तो नगर पंचायत कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## संविधान दिवस की शपथ ग्रहण कराई



**बिजनौर।** आज पूर्वाहन 10:30 कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा 26 नवम्बर को सविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामुहिक रूप से शपथ ग्रहण कराई गई। उन्होंने सामूहिक रूप से संकल्प ग्रहण कराते हुए कहा कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बधुंता बढ़ाने के लिए दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज दिनांक 26 नवम्बर 1949 ई. को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस अवसर पर कपड़ जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, डिप्टी कलेक्टर/ जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला सहित कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## किसानों को अनुदान पर वितरित किए जा रहे बीज

**बिजनौर।** जिला कृषि अधिकारी ने माननीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में 22 नवंबर, 2025 को आयोजित समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि रबी 2025 में कृषकों को अनुदान पर वितरित किये जा रहे बीजों को 30 नवम्बर, 2025 तक ही बिक्री किये जायेगे। अत: सभी किसान भाईयों से अपील है कि 30 नवम्बर 2025 से पहले जनपद के राजकीय कृषि निवेश भण्डारों से अनुदान पर बीज प्राप्त कर अनुदान का लाभ उठायें।

# परिंदा वैलफेयर सोसायटी का सराहनीय कार्य

## चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने संस्था के कार्यों की तारीफ की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने वाली परिंदा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आज एक विशेष जन-जागरूकता एवं सामाजिक विकास कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना, सामाजिक एकता को मजबूत बनाना तथा शिक्षा स्वच्छता स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के साथ हुई। फाउंडेशन के पदाधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों ने समाज के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान संस्था के संस्थापक फरहान नाज तथा फाउंडेशन की अध्यक्ष फरहा नाज कार्यक्रम की मुख्य केंद्र रही। उन्होंने सामाजिक विकास में महिलाओं की भागीदारी तथा युवाओं की जिम्मेदारी पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने उनके मार्गदर्शन और कार्यों की सराहना की।

चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने कहा कि परिंदा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, बच्चों के विकास की दिशा में उत्तम कार्य कर रहा है उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग दें, ताकि मिलकर एक जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल सिंह ने फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा ऐसे कार्यक्रम नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं और युवाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां नुक्कड़ नाटक जागरूकता गीत और भाषण प्रस्तुत किए गए। इनमें शिक्षा के महत्व, स्वच्छता अभियान व सामा. जिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा बेटी सम्मान जैसे विषयों पर विशेष रूप से संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र कुमार मेमोरियल इंटर कॉलेज का विशेष योगदान रहा। समापन के अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष फरहा नाज ने सभी अतिथियों सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था आगे भी समाज उत्थान की दिशा में ऐसे सार्थक कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मतदाता सूची का सुदृढ़ होना विश्वसनीयता का आधार: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में एसआईआर के अंतर्गत विधानसभावार बूथों पर तैनात बीएलओ की कार्य प्रगति, हेल्प डेस्क, एवं गणना पत्रों के वितरण, संकलन व डिजिटाइजेशन कार्यों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का सुदृढ़, त्रुटिरहित एवं अद्यतन होना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का आधार है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया चुनावी व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें बीएलओ की भूमिका निर्णायक होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने समस्त बीएलओ निर्देशित किया कि वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करें तथा एसआईआर-2026 अभियान को सफल बनाने में पूरी प्रतिबद्धता से योगदान दें।

उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीयों सहित नोडल अधिकारियों एवं बीएलओ को कड़े निर्देश दिए कि चार दिसंबर तक सभी कार्य पूरा करने के लिए प्रतिदिन डिजिटाइजेशन के कार्य में कम से कम 10% से अधिक प्रगति लाना सुनिश्चित की जाए तथा जो भी कार्मिक गणना प्रपत्रों को जमा करने के कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन सामान्य को जागरुक एवं प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिदिन मुनादी कराते रहें तथा आमजन को भी इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सबसे तेज एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया उक्त कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिदिन रिपोर्ट तलब करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि एसआईआर के कार्य में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों की भागीदारी सुनिश्चित कराएं तथा अधिशासी अधिकारी नगर निकाय शहरी क्षेत्रों में सभासदों, शिक्षित युवाओं एवं आमजनों को मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाने एवं उनको जमा करने के कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित करें ताकि समय पूर्वक एसआईआर का कार्य पूर्ण किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कौर ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे बीएलओ, सुपरवाइजर को अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें और गणना फॉर्म की प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को तत्काल उपलब्ध कराते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने मतदाताओं का यह भी का आह्वान किया कि यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी मतदाता सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। जिलाधिकारी ने एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया गया गणना फार्म ऑफलाइन के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। निर्वाचक https://voters-eci-gov-in पर विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली मे अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नोडल अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मौजूद थे।


**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147

(2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती रीना अग्रवाल पत्नी श्री अरूण कुमार अग्रवाल व आयुष अग्रवाल, शिवम अग्रवाल पुत्र स्व. अरूण कुमार अग्रवाल मौहल्ला बाजार चौक** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जय प्रकाश** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये वारीसान प्रमाण पत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 214 बाजार चौक, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147

(2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती कुमुद अग्रवाल पुत्री श्री राधा कृष्ण अग्रवाल पत्नी स्व. श्री सन्तोष अग्रवाल मौहल्ला मकबरा** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री तुषार कुमार पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 954/1 मकबरा, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147

(2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री हारून पुत्र श्री मुर्तुजा हुसैन व श्रीमती हिना पत्नी श्री हारून निवासी गण मौहल्ला जाटान किरतपुर, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 4015 स्थित मौहल्ला जाटान में श्री असगर पुत्र अब्दुल्ला के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें उन्होंने मौहम्मद असगर पुत्र अब्दुल्ला नि. मौहल्ला जाटान किरतपुर द्वारा श्री ताहिर हुसैन पुत्र मौ. असगर व शाहनवाज पुत्र शाहिद हुसैन नि.गण मौहल्ला जाटान किरतपुर के नाम रजिस्टर्ड वसीयतनामा व शाहनवाज पुत्र शाहिद हुसैन व गौहर अली पुत्रगण ताहिर हुसैन व श्रीमती हमीदा पत्नी स्व. ताहिर हुसैन निवासीगण मौहल्ला जाटान किरतपुर द्वारा श्रीमती शाईस्ता परवीन पत्नी शाहनवाज निवासी मौहल्ला जाटान किरतपुर तथा श्रीमती शाईस्ता परवीन पत्नी श्री शाहनवाज नि. मौहल्ला जाटान किरतपुर द्वारा श्री हारून पुत्र श्री मुर्तजा हुसैन व श्रीमती हिना पत्नी श्री हारून नि.गण मौहल्ला जाटान किरतपुर के नाम हुए रजिस्टर्ड बैनामे के अनुसार सम्पत्ति संख्या 4015 स्थित मौहल्ला जाटान कस्बा किरतपुर में अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वत: निरस्त माना जाएगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या 4015 (56.29 वर्ग मी.) श्री असगर पुत्र अब्दुल्ला (आवासीय) स्थित मौहल्ला जाटान किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**

**खोया-पाया**

प्रार्थिनी रेखा रानी पत्नी चन्द्रपाल सिंह निवासी न्यू हिन्दू कॉलोनी, धामपुर, थाना धामपुर की रहने वाली हूं। प्रार्थिनी ने उर्मिला देवी पत्नी हरपाल सिंह निवासी मौहल्ला लोहियान धामपुर, थाना धामपुर से एक प्लाट 126 वर्ग मीटर का स्थित फतेहउल्लापुर खास खण्ड-2 धामपुर जिला बिजनौर से दिनांक 17-08-2006 को बजरिये बैनामा खरीदा है। जिसका बही नं. 1 खण्ड-4017 के पृष्ठ 187 से 216 द नं. 41732 है। उक्त मकान का बैनामा कहीं गुम हो गया है, जिस किसी को मिले वह लीगल वकील सुधीर कुमार अग्रवाल एक्सिस बैंक धामपुर मो.नं.- 9058898558 को सम्पर्क करे। क्योंकि मैं वर्तमान मालिक नीतू राजपूत पत्नी नीरज कुमार निवासी न्यू हिन्दू कॉलोनी, धामपुर, एक्सिस बैंक से लिमिट का आवेदन करा है।

**नीतू राजपूत पत्नी नीरज कुमार निवासी न्यू हिन्दू कॉलोनी, धामपुर, थाना धामपुर, जिला बिजनौर मो.नं.-9910172186**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र दिलबर बुरी संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है । दिलबर और उसकी पत्नी अफसाना मेरे व मेरी पुत्री आलिया के साथ मारपीट करते है और जान से मारने की धमकी देते है। इनसे हमारी जान को खतरा है । इस कारण मैंने अपने पुत्र दिलबर व उसकी पत्नी से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके दिलबर को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने दूध के कारोबार से भी वंचित कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है। **फरीदा विधवा अली हासन ग्राम इस्लामाबाद, थाना बढ़ापुर, जिला बिजनौर**

## एक नजर

### जमात इस्लामी की गोष्ठी का आयोजन



**राजा का ताजपुर।** जमात इस्लामी की गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मौलाना डॉ सिराजुद्दीन नदवी ने कहा है कि जब इंसान अच्छा होता है तो वह सभी के साथ अच्छा व्यवहार करता है। वह अच्छा भाई, अच्छा बेटा और अच्छा पड़ोसी बनता है। दुनिया में एक अच्छा पड़ोसी बहुत बड़ी सौगात है। अच्छे पड़ोसी मिलकर ही आदर्श समाज और उत्तम समुदाय का निर्माण करते हैं। इसलिए जरूरत इस बात की है कि हम सबसे पहले अच्छा बनाएं। हमसाया हुकुक का हक के बारे में पता होना चाहिए हम सबको सभी धर्मों के लोगों का एहतराम करना चाहिए इस्लाम मजहब कहता है वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कृष्णा कुमार ने कहा कि इंसानियत भाईचारे सबसे बड़ी इबादत है गांव वह क्षेत्र में भाईचारा कायम रखें एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें कोई ऐसा काम ना करें जिससे किसी दूसरे की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे इस मौके पर खुर्शीद फलाही मौलाना आसिफ फलाही पांडे कुमार मौलाना गफ्फार अहमद आदि मौजूद थे कार्यक्रम संचालन मौलाना अंजार ने किया मौलाना सिराजुद्दीन नदवी साहब ने पुरे मुल्क की सलामती भाईचारे की दुआं कराई।

### आग से लाखों का सामान जलकर खाक



**नूरपुर।** विधवा महिला के घर गैस सिलेंडर में गैस लीक होने से लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक हो गया प्रात जानकारी के अनुसार धामपुर चौराहा स्थित मदीना मस्जिद के पास मोहल्ला रविदास नगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विधवा महिला के घर में गैस सिलेंडर से अचानक आग भड़क उठी। जानकारी के अनुसार मोहल्ला निवासी फातिमा पत्नी इस्लामुद्दीन जो अपने बच्चों के साथ अकेली रहती हैं।शाम पांच बजे गैस चूल्हे पर भोजन बना रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस लीक होने पर आग ने भीषण रूप ले लिया।देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि कमरे में रखा फर्नीचर, बर्तन, कपड़े, बिस्तर सहित लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें उठते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों ने किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था।सूचना पर राहत कार्य के लिए पहुंचे लोगों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक महिला का पूरा घर खाक हो चुका था। अचानक हुई इस घटना से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से पीड़ित विधवा महिला को सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।नगर के समाजसेवियों ने विधवा महिला को हर मुमकिन मदद करने का भरोसा दिलाया है।

### संविधान दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम



**बिजनौर।** आज न्यू लाईट पब्लिक स्कूल चांदपुर के परिसर में संविधान दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में उपस्तिथ सभी नर - नरी ने सर्वप्रथम डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये । मुख्यतिथि मा अरविंद केशरवाल राष्ट्रिय महासचिव आभास महासंघ जी ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर जी ने 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान के निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य किय । तभी से निरन्तर संविधान दिवस मनाया जा रहा है । भारतीय संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ट और सबसे विशाल है । भारतीय संविधान से ही हमारे देश ओर प्रदेशों की कार्यपालिक और न्यायपालिका का संचालित होती है । कार्यक्रम मे शादान, असद , आतिफ, हिफ्जुल, जियान, कामिल, अलिना, एतिशा, गुलनाज, शाहीन, आयत, महक, सीमरोज, अखलद, शारिक, अबुबकर आदी छात्र और छात्राओं ने कविता, नजम, गीत और देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये । छात्र-छात्राओ ने जब तक सूरज -चांद रहेगा। डॉ. अम्बेडकर जी का नाम रहेगा, जय संविधान, जय भारत आदि उदघोष किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश कुमार यादव व संचालन शीबा परवीन प्रधानाचार्या ने किया। कार्यक्रम में नसीम ठेकेदार, रोहन प्रजापति, जाहिद हुसैन, युवराज सिंह, आबिद सल्मनी, आशू कुमार, आफताब आलम , वकील सैफी, आसिफ, अरशद बाबा, बृजपाल सैनी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

### बाबूजी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में प्रदर्शनी



**शेरकोट।** बाबूजी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल, शेरकोट में प्रदर्शनी का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान, पर्यावरण, कला तथा सामाजिक विषयों पर आधारित विविध एवं आकर्षक मॉडलों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के नवाचारपूर्ण प्रयासों ने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम के सफल संचालन में कहकशा मैडम, रश्मि चौहान मैडम, नाजमीन, मुस्कान मैडम तथा फैसल सर का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय की प्रिंसिपल मैडम राजनी चौहान ने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय के मैनेजर वकील अहमद ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार प्रकट किया।उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर पर यशवी, फातिमा, मनहा नाज, वानिया, स्रूति, कशिश, महविश, अशमीरा, गरिमा, मनहा, असमा, अदिति, आफरीन, सादिया, सिदरा आदि विधार्थियों द्वारा बनाए गए स्मार्ट सिटी, विंड एनर्जी, आई एंड हार्ट वर्किंग, कार्बन एयर प्यूरीफिकेशन, फोटोसिंथेसिस , वेस्ट मैनेजमेंट, वॉटर प्यूरीफिकेशन, माइक्रोस्कोप, टेपोलोजी आदि के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने विद्यालय की पहल की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षणिक प्रदर्शनियाँ बच्चों में आत्मविश्वास और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देती हैं।

# बंद घर से लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम सुहागपुर में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर छत पर लगे लोहे के जाल को तोड़कर घर में दाखिल हुए और कमरे में रखे संदूक का कुंडा तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी उड़ा ले गए। घटना के बाद पूरे गांव में भय का माहौल व्याप्त है।



### ग्राम में भय का माहौल व्याप्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी तस्लीम अहमद सऊदी अरब में कार्यरत हैं और उनकी पत्नी अफसाना बच्चों के साथ रहती हैं। रात में वह अपने माता-पिता के घर सोने चली जाती हैं। बीती रात भी घर बंद कर वह बच्चों के साथ अपने मायके चली गई थीं। इसी दौरान चोर दीवार व छत के रास्ते घर में घुस आए। चोर सोने का गले का सेट (करीब 2 तोला), सोने की एक जोड़ी झुमके, एक सोने की अंगूठी (लगभग आधा तोला), चांदी की दो जोड़ी पायजेब (लगभग 14 तोला), सऊदी मुद्रा रियाल के कई नोट तथा लगभग रुपए 50,000 नगद सहित करीब 6 लाख रुपये का सामान ले उड़े। साथ ही घर में रखे बादाम, छुहारे और काजू आदि भी चोरी कर ले गए। सुबह घर पहुंची अफसाना ने जब मुख्य दरवाजा खोला तो घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और संदूक टूटा मिला। पीड़िता द्वारा पुलिस को लिखित तहरीर दी गई है।

### मैक्स पिकअप नाले में पलटी

**नगीना।** बढ़ापुर बुंदकी मार्ग पर देर रत्रि एक मैक्स पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में गिरकर पलट गई। दुर्घटना का कारण वाहन की अधिक स्पीड होना व नाले की बाउंड्री वॉल न होना बताया जा रहा है। घटना के देर रात के समय घटित होने के कारण घटनास्थल पर व आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। घटना में केवल चालक को मामूली चोटें आई हैं।

# आरएसएम पीजी कॉलेज में वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण

## गांधी नारी कल्याण समिति द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम पीजी कॉलेज में गांधी नारी कल्याण समिति के तत्वावधान में गांधी नारी कल्याण समिति द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम के प्रथम दिन का शुभारंभ प्राचार्य रश्मि शर्मा रावल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं के लिए किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य उन्हें पैसों के सही प्रबंधन, बचत, बैंकिंग सुविधाओं और डिजिटल लेन-देन की विस्तृत जानकारी देना था।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में सौरभ अग्रवाल, डॉ आकाश कुमार एवं गौरव वर्मा (पंजाब नेशनल बैंक अधिकारी) ने प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेषज्ञों ने बताया कि आज के समय में वित्तीय रूप से जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। सौरभ कुमार ने विभिन्न प्रकार के इंश्योरेंस के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। डॉ आक. श कुमार द्वारा साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।

गौरव वर्मा ने प्रशिक्षण सत्र में बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, एटीएम व यूपीआई का सुरक्षित उपयोग, बचत योजनाएं, बीमा, निवेश के तरीके तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपायों पर प्रतिभागियों को जागरूक किया गया।

गांधी नारी कल्याण समिति की पदाधिकारी नीरा गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## एसआईआर फॉर्म भरवाने के लिए स्थानीय लोग भी कर रहे मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका परिषद द्वारा एसआईआर प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों का उद्देश्य उन नागरिकों की सहायता करना है जिनके फॉर्म अधूरे हैं या जिन्हें एसआईआर से संबंधित आवेदन भरने में कठिनाई आ रही है।

### पालिकाध्यक्षा कर रही मार्गदर्शन, लोगों को मिल रही मदद



नगर पालिका अध्यक्षा और उनके पुत्र शेख शाहनवाज व शेख शहराज अपनी अपनी टीमों के साथ शिविरों में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उन्हें फॉर्म भरने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। शिविर में नगर पालिका कर्मियों और स्वयंसेवकों की टीमें भी तैनात की गई हैं, जो प्रत्येक आगंतुक को एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी दे रही है।

इस पहल से उन कई लोगों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें अब तक एसआईआर आवेदन भरने में परेशानी हो रही थी। शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और अपनी समस्याओं का समाधान करा रहे हैं। स्थानीय नागरिक पालिक. ाध्यक्षा ताहिरा बेगम व उनके पुत्रों की इस सक्रिय भागीदारी की सराहना कर रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि ऐसे शिविरों से आम जनता को काफी सुविधा मिलती है और एसआईआर प्रक्रिया तेजी से पूरी हो पाती है। नगर पालिका प्रशासन ने बताया है कि ये शिविर आगे भी जारी रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

मौहल्ला शाहजहीर स्थित चेयरपर्सन के आवास के समीप मुख्य चौक पर हाजी मतलूब कुरैशी के ष्कोठीष नामक आवास पर स्थानीय समाजसेवकों कैंसर अंसारी, काकू अंसारी, गुलरेज अख्तर उर्फ शब्बू, मौ सैफ, खुर्शीद आलम, मौ अकबर आदि द्वारा आयोजित कैंप में स्वयं सेवकों द्वारा बड़ी संख्या में फार्म भरने में लोगों की सहायता की जा रही है।

## निष्ठा गुप्ता ने बढ़ाया जनपद का मान




**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में चल रही राष्ट्रीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जनपद तथा प्रदेश का मान बढ़ाया है। निष्ठा की जीत से गांव में हर्ष का माहौल है। ग्राम शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए स्कोरिंग राउंड में 347 तथा 348 का स्कोर किया। इसके बाद निष्ठा गुप्ता ने अपने अगले सभी मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में निष्ठा को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रथिका से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए मैच में निष्ठा ने आंध्र प्रदेश की खिलाड़ी हंसा को 143-141 के अंतर से हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। निष्ठा गुप्ता उत्तर प्रदेश की इकलौती खिलाड़ी रही, जो सेमीफाइनल में पहुंची। निष्ठा ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच योगेंद्र सिंह राणा को दिया।

## रेलिंग गिरने से महिला घायल

**कोतवाली देहात।** देर शाम ओमवती देवी अपने घर के आंगन में बैठी थी तभी वहां कई बंदर आ गए और उन्होंने छत पर लगी लोहे की रेलिंग गिरा दी।रेलिंग ओमवती देवी के सिर पर गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।गंभीर अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया।उनके सिर पर गंभीर चोट आई है।ग्रामीणों का कहना है कि एक साल पहले तक गांव में बिल्कुल भी बंदर नहीं थे।कोई व्यक्ति बंदर पकड़ कर गांव में छोड़ गया है।इसी महीने बंदरों के हमले में सीढ़ियों से गिरकर एक युवती की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

## कवि डॉ. हरिवंश राय बच्चन का स्मरण

**कोतवाली देहात।** कवि डॉ. हरिवंश राय बच्चन के जन्म दिवस पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया है। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनकी कविताओं का काव्य पाठ किया गया। विवेक पुस्तकालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ हरिवंश राय बच्चन ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में चेतना का जगाने का काम किया। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य को पढ़ा और हिंदी साहित्य को समृद्ध किया । डॉ. बच्चन ने मधुशाला जैसी कृति लिखी। उनकी आत्मकथा क्या भूलूं क्या याद करूं को आज भी विश्व साहित्य में अनुकरणीय माना जाता है।

# साइबर क्राइम विषय पर अधिवक्ताओं से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने अधिवक्ता बार एसोसिएशन मुन्सफी में अधिवक्ताओं से संवाद किया और उन्हें साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। उन्होंने शांति व्यवस्था के लिए अधिवक्ताओं से सहयोग मांगा।




सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने अधिवक्ता बार एसोसिएशन मुन्सफी के सभा कक्ष में अधिवक्ताओं से संवाद कर उन्हें साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। सीओ द्वारा साइबर फ्रॉड के तौर-तरीकों के साथ इसका शिकार होने की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया कि लोगों को साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार होता है तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा साइबर क्राइम पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दिए जाने के साथ नजदीकी पुलिस थाना में भी बताएं। टीम ने बताया कि ऑनलाइन खरीदारी करते समय वेबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस होना सुनिश्चित करें। कोई अंजान व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड नहीं करें।

सीओ अंजनी कुमार ने बताया कि एटीएम बूथ से कार्ड के जरिए ट्रांजेक्शन करें तो ध्यान दें कि अपना पिन किसी अन्य को नहीं दिखाए और न ही बताएं। बैंक डिटेल, एटीएम कार्ड नंबर, कार्ड की एक्सपायरी एवं सीवीवी नंबर को किसी से शेयर नहीं करें। नेट बैंकिंग इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें कि ट्रांजेक्शन हमेशा अपने पर्सनल कंप्यूटर, लैपटॉप या फोन से करें। इस अवसर पर अधिवक्ता बार एसोसिएशन मुन्सफी के अध्यक्ष अशोक त्यागी, महासचिव नईम अहमद, वरिष्ठ अधिवक्ता आरिफ खान, जय किशन शर्मा, सुनील बिश्नोई के अलावा निवर्तमान अध्यक्ष दीपक बिश्नोई, निशीत प्रकाश गर्ग, विनीत प्रकाश गर्ग, नवेद इकराम, संजय कुमार, मौ शादाब, मौ अरशद आदि अधिवतगण के साथ साथ थाना प्रभारी अवनीत मान भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन



**धामपुर।** श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांच चरम पर रहा। सुबह प्रार्थना और ऊर्जा से भरे वार्म-अप के बाद मैदान पर जैसे ही प्रतियोगिताएं शुरू हुईं, छात्रों का उत्साह देखने लायक था। लंबी कूद में आलिया और हर्षित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं गोला फेंक में प्रिया और हर्षित ने अपनी ताकत और तकनीक से सबको प्रभावित किया। रस्साकशी ने बच्चों के टीम वर्क और जज्बे को नई ऊंचाई दी, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। प्रधानाचार्य आर.एस. यादव ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे जरूरी स्तंभ है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि व्यक्तित्व में नेतृत्व और अनुशासन का संचार भी करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य ललित कुमार तथा शिक्षक राज. ेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, जगमोहन रावत, शालिनी चौहान, रितु ध्यानी, संजीव कुमार मिश्रा, मनीष चौहान, लक्ष्मण जुयाल, कुलदीप कुमार आदि की विशेष भूमिका रही।

### मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाएं



**धामपुर।** विधानसभा धामपुर क्षेत्र में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इसी क्रम में बूथ संख्या 179 अल्हैपुर पर कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 107 मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाए गए और बीएलओ श्रीमती मीनू शर्मा को उपलब्ध कराए गए। बताया गया कि इस बूथ पर कुल 1072 पंजीकृत मतदाता मौजूद हैं। कैंप के दौरान ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा अधिकार है और सभी योग्य नागरिकों को इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। प्रपत्रों को भरवाने में खुशीराम शर्मा, नीरज प्रताप सिंह (ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि), पंकज चौहान, शुभम कुमार, विकास चौहान और नागेश शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### कराटे प्रशिक्षण की शुरुआत



**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों की प्रतिभा निखारने और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बिन्नी मार्शल आर्ट कराटे प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। शुभारंभ समारोह में प्रधानाचार्य डीएस नेगी, डायरेक्टर प्रियंका राणा, प्लानिंग कोऑर्डिनेटर अदिति सिंह राणा तथा सीनियर विंग इंचार्ज मोहित चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कोच सलीम अहमद द्वारा छात्रों को कराटे की बुनियादी तकनीकें, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय बताए गए। प्रशिक्षण में लव, सादुल्लाह, मूसा, तनिष्क, आयुष, अथर्व, अंश, लवण सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने कहा कि कराटे प्रशिक्षण से छात्रों के व्यक्तित्व में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ती है। साथ ही उन्होंने प्रतिभागी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवनीत सिंह, अनिल शर्मा, दिवाकर त्यागी सहित अन्य शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

### जागरूकता शिविर आयोजित



**धामपुर।** वीडीओ त्रिलोकचंद द्वारा मतदाताओं को वृहद पुनर्निरीक्षण अभियान (एसआईआर) की जानकारी देने और फॉर्म भरवाने ओर फार्म जमा करने के उद्देश्य से गांव धुराडा, तीबडी , कोपा वीए में जागरूकता शि. विर आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्राम वासियों को दस्तावेज पूरे करने और समय पर फॉर्म जमा करने के महत्व को बताया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है, जिससे मतदान के अधिकार का सही उपयोग हो सके। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव विनिता रानी, हिमांशु चौहान, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सहायक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### छात्राओं ने दी यातायात नियमों की जानकारी




**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में किंडर गार्डन की छात्राओं द्वारा यातायात के नियमों की जानकारी एक बहुत ही अद्भुत कार्यक्रम के द्वारा प्रस्तुत की गई जिसमें एल के जी व यू के जी की छात्राओं द्वारा परिधि, पारुषि, रिद्धि, वर्णिका, ईशल, हमदा, कृतिका, श्रीम, यशिका, कनिका, अनविका, आव्या और हिदाया नूर ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए यातायात के नियमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीतू मित्तल, नुसरत जहां, बबीता उपाध्याय, वंदना सिंह एवं शीरीन का योगदान सराहनीय रहा।

# मुतवल्लियों से सम्पर्क कर दर्ज कराए पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वक्फ सम्पत्तियों की सुरक्षा एवं संरक्षा को नये कानून के तहत उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराया जाना अनिवार्य हो गया है। जिसके लिए वृद्व स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सैन्ट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से सुन्नी और शिया वक्फ सम्पत्तियों का विवरण पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए मदरसों को सेंटर बनाकर अधिकृत किया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने बताया कि उ.प्र. में वक्फ सम्पत्तियों का विवरण ऑनलाइन के माध्यम से भारत सरकार के उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों की सुरक्षा हेतु दर्ज किये जाने की कार्यवाही वृहद स्तर की जा रही है। ऐंसे वक्फ सम्पत्तियां जिन्हे अभी तक पोर्टल पर दर्ज नहीं कराया गया है। इसके लिए मुतवल्लियों की सहायता के लिए सुन्नी वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर दर्ज किये जाने को उ.प्र. सुन्नी सेन्ट्रल वक बोर्ड, लखनऊ द्वारा मौहम्मद फैसल, प्रबन्धक मदरसा मदीनातुल उलूम, मोबाइल नम्बर-9997861114 तथा उ.प्र. शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ द्वारा शिया सम्पत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज किये जाने को हसन अली सीरत, निवासी सिरसी, सम्भल मोबाइल नम्बर-9808706786 तथा मौहम्मद वसीम रजा, निवासी इकरोटिया मोबाइल नम्बर-9897747333 को नियुक्त किया गया है। अब जनपद सम्भल की वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्ली मोबाईल नम्बरों पर सम्पर्क कर वक्फ सम्पत्तियों के सभी दस्तावेजों के साथ उनके पास उपस्थित होकर अपनी प्रबन्ध समिति की वक्फ सम्पत्तियों का विवरण ऑनलाइन उपरोक्त व्यक्तियों तथा उनके द्वारा नियुक्त अन्य व्यक्तियों से ही दर्ज कराना सुनिश्चित करें, साथ ही किसी भी ऐसी सम्पत्ति का विवरण जो वक्फ न हो अथवा जिसके वक्फ होने में संदेह हो का विवरण न दर्ज कराया जाये जिससे किसी प्रकार की विधिक कार्यवाही का सामना न करना पड़े। किसी प्रकार की असुविधा के लिये जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, से सर्म्पक किया जा सकता है।



सम्भल। मेडिकल स्टोर की आढ़ में चल रहे अस्पताल पर छापेमार कार्रवाई करते नगर मजिस्ट्रेट।

# शारिक साटा पर दो ओर एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष दूसरी बार वकील कमीशन के दौरान भड़की हिंसा के लिए विदेश में बैठे मुख्य साजिश कर्ता पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। पुलिस ने अदालत से भगोड़ा घोषित किये गए मास्टर माइंड पर दो ओर रिपोर्ट दर्ज की है।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित शाही जामा मस्जिद का सुबह सवेरे वकील कमीशन के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। हिंसा में आगजनी, पथराव और गोलीबारी में पांच की जान चली गई थी। हिंसा की जांच को गठित एसआईटी और न्यायिक जांच की आयोग में विदेश में बैठे शारिक साटा मुख्य साजिशकर्ता के रूप में सामने आया था। हालांकि पुलिस ने दर्जनों लोगों को हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया था। जिनमे

**○विगत वर्ष हिंसा के मास्टरमाइंड के खिलाफ जारी हो चुका हे रेड कॉर्नर नोटिस**

से अधिकांश की जमानत हो चुकी है। जबकि मुख्य साजिशकर्ता शारिक साटा की गिरफ्तारी के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया जा चुका है। सभी मामलों में लगभग आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिए गए हैं। इनमें से मुख्य आरोपी शारिक साठा को अदालत से भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। अब पुलिस ने मुख्य साजिश कर्ता शारिक साठा पर ओर शिंकजा कसा है। पुलिस ने मास्टर माइंड शारिक साठा के खिलाफ दो ओर एफआईआर दर्ज की हैं। जबकि इससे पूर्व उसके निवास पर गिरफ्तारी ओर कुकी की कार्रवाई के लिए उदघोषणा भी जारी की जा चुकी है। अदालत से भगोड़ा घोषित करने पर उसके खिलाफ दो ओर मुकदमें दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास ओर तेज कर दिए हैं। लगातार पुलिस का शिकंजा कसे जाने से मुख्य साजिशकर्ता शारिक साटा की मुसीबतें ओर भी बढ़ती जा रही हैं।

# मेडिकल स्टोर का लाइसेंस चल रहा था अस्पताल

**○ नगर मजिस्ट्रेट के छापे में खुली पोल, सूचना देकर नोडल अधिकारी क्वैक्स को बुलाकर अस्पताल के कमरों को कराया सील, लेबर रूम व सर्जिकल उपकरण भी मिले**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मेडिकल स्टोर की आढ़ में चल रहे क्लीनिक व अस्पतालों पर प्रशासनिक छापमार कार्रवाई जारी है। नगर मजिस्ट्रेट के छापे में एक ओर फार्मेसी पर मारे गए छापे में मेडिकल स्टोर के पीछे बैड रखकर अस्पताल का संचालन पाया गया। नगर मजिस्ट्रैट की सूचना पर पहुंचे नोडल अधिकारी ने अवैध रूप से संचालित अस्पताल के कमरों को सील कर दिया जबकि संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए।

नगर और ग्रामीण अंचल में बड़े पैमाने पर मेडिकल स्टोर का लाइसेंस लेकर अस्पताल व क्लीनिकों का संचालन आम बात हो गयी है। अवैध रूप से संचालित अस्पताल और क्लीनिक पर छापमार कार्रवाई में नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने हसनपुर रोड, इमादुल मुल्क (गुम्बद) में स्थित लाईफ लाईन फार्मेसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मेडिकल स्टोर संचालक अरशद अली पुत्र फरीद निवासी हसनपुर रोड, इमादुल मुल्क (गुम्बद), थाना-नखासा ने मेडिकल स्टोर का अपना होने की जानकारी दी। जबकि मेडिकल स्टोर का लाईसेंस भी 2027 तक वैद्य मिला, लेकिन निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर के पीछे की ओर लगभग 4-5 बेड लगे हुए पाये गये और मौके पर एक चैम्बर में 2 मरीज अपना इलाज कराने आये हुए मिले। चैम्बर में डा. उम्मेहिना लिखी नेम प्लेट मेज पर रखी हुई थी। रोगियों ने बताया कि वह पास ही भटटे पर काम करते हैं और यहीं अस्पताल में इलाज कराते हैं। मेडिकल स्टोर संचालक अरशद अली पुत्र फरीद ने बताया कि उनके द्वारा ही यहाँ मरीजों को देखा जाता है। निरीक्षण करने पर चैम्बर से लगा हुआ एक कमरा और मिला। जिसका उपयोग ऑपरेशन, लेबर रूम आदि के कार्य किया जाना प्रतीत हुआ। जबकि मौके पर कमरे मे सर्जिकल समान रखा हुआ था। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध रूप से अस्पताल संचालित किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर डा. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को इस क्लीनिक/अस्पताल के की आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करें। नगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर लाईफ लाइन फार्मेसी/अस्पताल के रूप में संचालित दोनों कमरों को तत्काल वैध अभिलेख पेश करने तक सील कर दिया गया।

## एंटी रोमियों प्रभारी ने दी योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एंटी रोमियो प्रभारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार व महिला आरक्षी सोनम रानी, एवं हेड कांस्टेबल निपेंद्र सिंह ने स्कूल एवं आने-जाने वाली महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और साइबर अपराध से जागरूक किया। इस दौरान आजाद गर्ल्स स्कूल खवास खां सराय की बालिकाओं एवं आने जाने वाली महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर, यातायात नियमों, साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों को चेक कर चेतावनी देकर छोड़ा गया। जबकि किसी भी समय पुलिस की हैल्प लेने को भी जागरूक किया।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग को संसद में उठाएं आवाज़

**○अधिवक्ताओं ने सांसद जियाउर्रहमान को सौंपा ज्ञापन**

**○चालीस सालों से अधिवक्ता कर रहे हैं बैंच स्थापना की मांग**



सम्भल- पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापित करने की संसद में उठाने की मांग को सांसद जियाउर्रहमान को ज्ञापन देते अधिवकता

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच स्थापित करने की मांग तेज हो गयी है। संसद में अधिवक्ताओं की मांग का सर्मथन और उनकी आवाज बनने को अधिवक्ताओं ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर बैंच स्थापित करने को संसद में उठाने की मांग की।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच स्थापित करने की मांग बरसों पुरानी चली आ रही है। बैंच के सर्मथन में अधिवक्ता प्रत्येक शनिवार को हड़ताल पर भी रहे हैं, लेकिन हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग ठंडे बस्ते में पड़ जाती है। जबकि बैंच की पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थापना की मांग निरंतर जारी है। इसके बावजूद बैंच की स्थापना नहीं की जाती है। निरंतर आन्दोलन पर अधिवक्ताओं ने बैंच स्थापना की मांग को ओर तेज कर दिया हैं हाईकोर्ट बैंच स्थापना संर्घष समिति की ओर से सांसदों के आवास पर ज्ञापन सौंपकर उनकी आवाज उठाने और बैंच का सर्मथन कर अपना बयान देने के आहवाल किया गया है। इसी को लेकर गुरूवार को जिला बार एसोसिएशन सम्भल के अध्यक्ष मौ. इस्लाम के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क को उनके दीपा सराय स्थित आवास पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने संसद से इस मुद्दे को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने की अपील की। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम एडवोकेट ने बताया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट स्थापना संघर्ष समिति के आहवान पर पूरे पश्चिमी यूपी के 22 जिलों में सांसदों को ज्ञापन दिए जा रहे हैं। हमारी 40 साल पुरानी मांग है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापित की जाए, परंतु अभी तक गठन नहीं हो पाया है। जनता और अधिवक्ताओं को न्याय पाने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है। इसलिए आज सांसद को ज्ञापन देकर मांग की गई है कि वह संसद में सवाल उठाएं और इस संबंध में बयान दें। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने अधिवक्ताओं की मांग को जायज बताते हुए कहा कि पश्चिम यूपी में हाईकोर्ट बेंच की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। यहां की जनता को इलाहाबाद तक दूर जाना पड़ता है और केसों की पेंडेंसी भी अधिक रहती है, जिससे न्याय में विलंब होता है। पहले भी सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने इस दिशा में प्रयास किए थे। मैं भी संबंधित मंत्री को पत्र लिखूंगा और संसद में यह मुद्दा उठाने का पूरा प्रयास करूंगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि हाईकोर्ट बेंच बनने से क्षेत्र के लाखों लोगों को शीघ्र और सुलभ न्याय मिल सकेगा।

# शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ किए गए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के गणना प्रपत्रों केवितरण/संग्रहण, डिजिटलाइजेशन आदि कार्य के निरीक्षण में शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ की जिलाधिकारी ने प्रशंसा की और जिले के बीएलओ से प्रेरणा लेकर शीघ्र डिजिटाईज्ड कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

विकास खण्ड असमोली के कम्पोजिट विद्यालय अहरौला माफी के बूथ नं 11 पर मतदाताओं की कुल संख्या 1059 मतदाता हैं। मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ पंकज मेहरोत्रा (सहायक अध्यापक) नेशत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया। कार्य को समय पूर्व पूरा करने वाले पंकज मेहरोत्रा नौंवे बीएलओ बन गए। इसी विकास खण्ड असमोली के बूथ संख्या 331 के सभी मतदाताओं के बीएलओ ओमवीर सिंह (प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद देवरी) एवं विकासखण्ड असमोली के बूथ संख्या 197 की बीएलओ वर्षा तौमर ने अपने बूथ के सभी मतदाताओं के फार्मों की शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने बताया कि जनपद में अभी तक 11 बीएलओ द्वारा अपने बूथों को शत प्रतिशत डिजिटाइज्ड कर दिया है। 24 नवंबर को बीएलओ मित्रपाल सिंह द्वारा जनपद में सबसे पहले अपने बूथ को डिजिटाइज्ड किया था। जिलाधिकारी ने जिले में शीघ्र अपने बूथ को डिजिटाइज्ड करने वाले बीएलओ के कार्य की प्रशंसा की। उन्होने जिले के सभी बीएलओ इनसे प्रेरणा लेते हुए अपने बूथों को शीघ्र की डिजिटाइज्ड करना सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया। तहसील सभागार सम्भल में उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज एवं डिप्टी कलक्टर निधि पटेल द्वारा बीएलओ पंकज मेहरोत्रा एवं बीएलओ वर्षा तौमर को एक शॉल एवं एक पुष्प एवं एक पुस्तक तथा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-सुड़क सुरक्षाव मिशन शक्ति को जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्रायें।

## सड़क सुरक्षा को जनमानस को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** यातायात जागरूकता अभियान के तहत यातयात पुलिस ने जनमानस में सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में विभिन्न चौराहों पर यातायात पुलिस द्वारा आम जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा के पालन तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। अभियान को ओर गति देते हुए एंग्लो वैदिक स्कूल, बहजोई एवं हिन्द इंटर कॉलेज सम्भल में बच्चों की चत्रकला, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। यातायात पुलिस जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रखेगी।



असमोली- किसान इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर मं उपचार कराते रोगी।

## शिविर में की रोगियों की जांच

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** किसान इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रोगियों की विभिन्न जांच की गई।

सिद्व हॉस्पिटल की ओर से आयोजित में ब्लड प्रेशर की जांच शुगर ईको, वीएसएलवी पेट टेस्ट एवं एक्सरे की जांच निःशुल्क जांच निशुल्क कराई गई अस्पताल के चिकित्सक राजीव वर्मा ने 200 से अधिक पुरुष एवं महिलाओं की जांच की जबकि किसान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कपिल कुमार एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

# पोर्टल पर दिखाई नहीं दे आईजीआरएस डिफाल्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आईजीआरएस की समीक्षा बैठक में डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर दिखायी नहीं देने के निर्देश दिये।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डिफाल्टर संदर्भ को लेकर चर्चा करते हुए संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर न दिखे। विभिन्न विभागों के लंबित सन्दर्भों पर चर्चा की गयी तथा लंबित सन्दर्भों को समय से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक को लेकर भी चर्चा की गयी तथा संतोषजनक फीडबैक को बढाने को लेकर निर्देशित किया ताकि रैंक अच्छी हो सके। सभी शिकायतकर्ताओं से वार्ता करने तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों को कार्यालय अध्यक्ष स्वयं देखें जो भी आख्या बनाएं उसको संबंधित अधिकारी द्वारा स्वयं पढने के निर्देश दिए। मुख्य हेल्पलाइन पर भी चर्चा की संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा, सौरभ कुमार पाण्डेय, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेस 5 में कालेज की छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एम.जी.एम.पी.जी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर ने कहा कि यदि कभी किसी छात्रा के साथ कहीं कोई अनहोनी होती है या उनके साथ छेड़खानी होती है या उनके साथ कहीं कोई नाइंसाफी होती है या अभद्रता होती है तो वह1090 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। उनकी शिकायत को गोपनीय रखा जाता है। साथ ही यदि आपको तुरंत ही पुलिस की आवश्यकता है तो आप 121 नंबर पर कॉल करके तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस जागरुकता कार्यक्रम में 50 छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बाल विवाह मुक्त सम्भल बनाने को निकाला मशाल जुलूस

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गैर सरकारी संगठन प्रयत्न संस्था ने साल भर में बाल विवाह मुक्त सम्भल बनाने का संकल्प दोहराया जबकि बाल विवाह न करने के संदेश के साथ मशाल जुलूस निकाला।

पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित प्रयत्न संस्था ने कहा कि वह सम्भल को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' जिसे बाल विवाह मक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है, ने एक लक्षित रणनीति तय की है। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देशन में स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगर पालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों के खिलाफ इस सदियों पुराने अपराध का अंत सुनिश्चित किया जा सके। प्रयत्न संस्था देश में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश के 451 जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं।



सम्भल- बाल विवाह मुक्त सम्भल संदेश के साथ मशाल जुलूस निकालते।



बबराला- विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य को कैम्प में एसआईआर फार्म भरवाते।

## गुन्नौर में मतदाता पुनरीक्षण कैम्प का आयोजन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे मतदाताओं के फार्म भरवाये गये। उनके भरे हुए फार्म जमा भी बीएलओ ने किये। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गुन्नौर अमरेश तिवारी, गुन्नौर नगर के बी एल ओ,नगर पंचायत कार्यालय स्टाफ, नगर के राशन डीलर व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर भयंकर हादसा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** ग्राम खिरनी स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पर भयंकर हादसा हो गया। हादसे में कई लोगों के मरने की सूचना है। बताया जा रहा है कि पिकअप और कार की भयंकर भिड़ंत हुई है। इसमें कई लोगों के मौके पर मौत और कई के गम्भीर घायल हुए हं। सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी है। घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है।

# वृक्षारोपण का रख-रखाव सबकी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला पर्यावरण समिति/जिला वृक्षारोपण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक में ठोस अपशिष्ट, ईवेस्ट प्रबंधन आदि पर चर्चा की गई।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव ने बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी दी। बैठक में ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, ई- वेस्ट प्रबंधन व वृक्षारोपण पर चर्चा करते हुए वर्ष 2025-26 में कराये गये वृक्षारोपण के जियो टैग को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों का अभी जियो टैग बाकी है वह शीघ्र ही जियो टैग करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण का रखरखाव करना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में नमामि गंगे के अन्तर्गत गंगा ग्रामों के कार्यों की प्रगति, जिला सीमा के भीतर नदी में तरल और ठोस अपशिष्ट लाने वाले नालों की पहचान, अर्थ गंगा, प्राकृतिक/जैविक खेती को बढ़ावा, घाटों का रखरखाव, कैच द रैन पर भी चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को आर आर सी सेंटर संचालन को व ओडीएफ प्लस को लेकर भी कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खडगवंशी आदि मौजूद रहे।



# सीसीसी कम्प्यूटर का कोर्स के लिए एक दिसम्बर तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, द्वारा निदेशालय पिछडा वर्ग कल्याण उ.प्र. लखनऊ द्वारा द्वितीय चरण हेतु निर्गत समय सारिणी अनुसार जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को कम्प्यूटर कोर्स कराया जायेगा।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि एक वर्षीय ओ लेवल एवं तीन माह का सी.सी.सी. कम्प्यूटर का कोर्स करने के इच्छुक हों तथा निम्नांकित योग्यता/शर्ते पूरी करते हों वह कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ब्लाक परिसर कलैक्ट्रेट कम्पांउड बहजोई में सम्पर्क करके विभाग की वेवसाइड एक दिसम्बर तक अपना ऑनलाइन आवेदन भरकर, व अभिलेखों को अपलोड कराकर उसका प्रिन्ट आउट लेकर आय एवं जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एवं हाईस्कूल तथा इण्टर की मार्कशीट की छायाप्रति लगाकर आवेदन पत्र दो प्रतियों में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ब्लाक परिसर कलैक्ट्रेट कम्पांउड बहजोई में जमा करा दें।

# नकली देसी अंडों का भंडाफोड़, खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, गोदाम सील, हजारों अंडे बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने काशीपुर रोड, रामपुर तिराहा बरवारा मजरा स्थित एक अंडा गोदाम पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली देसी अंडे बनाने का खुलासा किया है, टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के.के. यादव और प्रजन सिंह शामिल रहे।सूत्रों के अनुसार गोदाम संचालक अल्लाह खां द्वारा सफेद अंडों को आर्टिफिशियल कलर से रंगकर देसी अंडों का रूप दिया जा रहा था। लंबे समय से मिल रही शिकायतों की पुष्टि के लिए खाद्य विभाग ने पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की।



मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि भारी मात्रा में सफेद अंडों को रंगने की प्रक्रिया जारी थी तथा बाजार में इन्हें देसी अंडे बताकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा था।कार्रवाई के दौरान टीम ने लगभग 3,89,772 रुपये मूल्य के कुल 45,360 रंगे हुए अंडे और 35,640 सफेद अंडे, जिन्हें रंगने की तैयारी की जा रही थी, सीज कर दिए। साथ ही अंडों को रंगने में उपयोग होने वाले मिलावटी पदार्थ को भी कब्जे में लिया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कृत्रिम रंगों का उपयोग न केवल उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।मौके की गंभीरता को देखते हुए खाद्य विभाग ने अंडा गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। इसके बाद पूरा प्रकरण थाने में दर्ज कराने के लिए कटघर थाना पुलिस को तहरीर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक गोदाम संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।खाद्य विभाग ने जनता से अपील की है कि वह बाजार में उपलब्ध खाद्य पदार्थों को खरीदते समय सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की मिलावट या संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें। विभाग द्वारा ऐसे मिलावटखोरों पर सख्त से सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# टिमिट के छात्रों का दो दिवसीय ऋषिकेश शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के अंतर्गत टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के बीबीए( आईबी-ई) छठे सेमेस्टरके विद्यार्थियों ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर उत्तराखंड के आध्यात्मिक नगर ऋषिकेश का दौरा किया। इस यात्रा में कुल छात्रों के साथ दो फैकल्टी सदस्य भी सम्मिलित हुए, जिन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक बनाने में सहायता की। यह भ्रमण न केवल छात्रों के लिए एक मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा करने वाला अनुभव रहा, बल्कि उन्हें समूह में कार्य करना, नेतृत्व कौशल, और जिम्मेदारियों का निर्वहन करने जैसी महत्वपूर्ण जीवन-कला को भी सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। ऋषिकेश के




प्रमुख स्थलों जैसे लक्ष्मण झूला, राम झूला, त्रिवेणी घाट और गंगा आरती का अवलोकन करते हुए छात्रों ने भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और पर्यावरणीय चेतना को करीब से समझा। गंगा के किनारे ध्यान और योग का अनुभव भी छात्रों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अनुभव प्रदान करना, उनमें सामाजिक चेतना का विकास करना और टीम वर्क की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। फैकल्टी सदस्यों ने इस भ्रमण को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई और छात्रों के साथ गहरे संवाद में रहकर उन्हें अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. विपिन जैन, (डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट) इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के क्लासरूम अनुभव को जीवन अनुभव से जोड़ते हैं।

ऋषिकेश जैसी जगह पर जाकर विद्यार्थी न केवल भारतीय विरासत को समझते हैं। बल्कि आत्मिक शांति, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समझदारी जैसे गुणों का भी विकास करते हैं। यह भ्रमण टिमिट के समग्र विकास के दृष्टिकोण को दर्शाता है। प्रोफेसर जैन ने आगे कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना का भी समुचित विकास मिल सके।

# टीएमयू के लॉ स्टुडेंट्स को दिलाई संविधान की शपथ

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से संविधान दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने संविधान के उद्देश्यों, नागरिक अधिकारों, कर्तव्यों, भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए लॉ के स्टुडेंट्स को संविधान शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संविधान शपथ केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति एक जीवंत प्रतिबद्धता है। उन्होंने युवा पीढ़ी को संवैधानिक आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। डॉ. व्यस्त तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। एमएलसी श्री सत्यपाल सैनी ने भारतीय संविधान की विशिष्टताओं, उसकी सर्व समावेशी संरचना और देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने में नागरिकों की जिम्मेदारी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने लॉ स्टुडेंट्स से कहा






कि संविधान केवल परीक्षा का विषय नहीं, बल्कि यह भारतीय लो. कतंत्र की धड़कन है, जिसे समझना और संरक्षित करना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे पूर्व समारोह की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन और संविधान शपथ के साथ हुई। समारोह में शामिल अतिथियों और प्रतिभागियों ने एकस्वर में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा कि भारत का संविधान एक जीवित और विकसित होता हुआ दस्तावेज है। संविधान केवल अध्ययन की वस्तु नहीं, यह नागरिक आचरण का मार्गदर्शक है। विधि छात्र होने के नाते संवैधानिक मूल्य जीना ही सच्ची विधि-शिक्षा है। उन्होंने बताया, भारत ने विभिन्न संविधानों से सर्वोत्तम सिद्धांतों को परखकर चुना और उन्हें भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता के अनुरूप ढाला। यह नकल नहीं थी, बल्कि यह एक विवेकपूर्ण चयन था, जिसने विश्व के सबसे सुदृढ़ लो. कतंत्र की आधारशिला रखी। प्रो. दीक्षित ने विभिन्न देशों का उदाहरण देते हुए बताया, कहीं सरकारें बार-बार अस्थिर हो जाती हैं, तो कहीं संविधान लगातार बदला जाता है। कहीं लोकतांत्रिक संस्थाएं स्वतंत्र होकर कार्य नहीं कर पातीं। इन परिस्थितियों की पृष्ठभूमि में भारत का संविधान सात दशक से अधिक समय से स्थिरता, प्रगतिशीलता और लोकतांत्रिक संस्कृति का आधार बना हुआ है।

लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह ने संविधान को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा, एक जागरूक नागरिक ही लोकतंत्र को जीवंत रख सकता है। उन्होंने स्टुडेंट्स को कर्तव्यों के प्रति संवे. दनशील रहने की प्रेरणा दी। समारोह में डॉ. अमित वर्मा, डॉ डाल चंद गौतम, डॉ. कृष्ण मोहन मालवीय, डॉ सुशीम शुक्ला, डॉ बिशनानंद दुबे, डॉ. सौरभ बटार, डॉ. योगेश गुप्ता, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. करिश्मा अग्रवाल, डॉ. माधव शर्मा के संग-संग लॉ के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# बरातघर पर आंबेडकर पार्क नामांकन को लेकर विवाद

■ पुलिस हस्तक्षेप के बाद प्रधान ने बोर्ड और पत्थर हटवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के मझावली गांव में ग्राम प्रधान द्वारा बरातघर पर ग्राम पंचायत निधि से रंगाई पुताई कराने और वहां 'डॉ. आंबेडकर पार्क' लिखा पत्थर लगवाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मामला बढ़ता देख पुलिस तक पहुंचा, जिसके बाद ग्राम प्रधान ने तेजी से कदम उठाते हुए न सिर्फ वह पत्थर हटवा दिया बल्कि गेट पर लगा बोर्ड भी पुतवा दिया। जानक. ारी के अनुसार, पूर्व विधायक गिरीश चंद्र ने वर्ष 2009-10 में अपनी विधायक निधि से मझावली में बरातघर का निर्माण कराया था। करीब 200 गज क्षेत्र में बने इस बरातघर में कमरे और एक विस्तृत लॉन भी मौजूद है। यह जाटव बस्ती में स्थित होने के कारण यहां अधिकतर शादी समारोह और सामाजिक कार्यक्रम जाटव समाज द्वारा ही आयोजित किए जाते हैं। कुछ समय पहले ग्राम प्रधान मुसब्बर अली ने पंचायत निधि से बरातघर की नीले रंग से पुताई कराई और मुख्य द्वार पर 'डॉ. आंबेडकर पार्क बरातघर' का बोर्ड लगवा दिया। इसके साथ दीवार पर एक शिला-पट्ट भी लगवाया गया, जिस पर आंबेडकर पार्क के नाम के साथ प्रधान का नाम भी खुदवाया गया था। इसी बात पर गांव के अन्य समाजों ने आपत्ति जताई। विवाद बढ़कर थाने तक पहुंचा तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधान को तत्काल बुलाया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रधान ने तुरंत बोर्ड को पुतवा दिया और दीवार पर लगा पत्थर भी हटवा दिया।

थाना प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि बरातघर पर लगाया गया बोर्ड और पत्थर हटवा दिया गया है। साथ ही मौके पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** किसान पब्लिक इंटर कॉलेज कुंदरकी में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शि. विर का आयोजन किया गया जिसमें गाजियाबाद हेडक्वार्टर से आए असिस्टेंट कमिश्नर पंकज कुमार मिश्रा ने कहा संबोधित करते हुकहा हर साल, देश का कोई न कोई हिस्सा किसी आपदा का सामना करता है और सरकार उसके लिए आवश्यक कदम उठाती है। ये आपदाएँ आर्थिक संकट और जनहानि का कारण बनती हैं। इनसे सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को भी नुकसान पहुँचता है, जिसके परिणामस्वरूप भुखमरी, बेरोजगारी और जनहानि आदि होती है। एनडीआरएफ ने हमेशा राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान बचाव कार्यों का नेतृत्व किया है। हमने 2001 में भुज भूकंप राहत कार्य से शुरू होकर, कई आपदाओं से प्रभावित सभी जानवरों और मनुष्यों की मदद की है। भूकंपों में अहमदाबाद, गांधीनगर, भुज और कच्छ में काम किया, जानवरों को खाना खिलाया और घायलों को बचाया और उनका इलाज किया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन गाजियाबाद के वरिष्ठ निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता ने कहा की प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों, अध्यापकों एवं स्टाफ ने




उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। एनडीआरएफ की टीम द्वारा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम में छात्रों और अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर विभिन्न मॉक ड्रिल्स और डेमोंस्ट्रेशन देखे। एनडीआरएफ टीम ने सभी उपस्थित लोगों को यह भी बताया कि आपदा के समय घबराएँ नहीं, बल्कि व्यवस्थित तरीके से बचाव कार्यों में सहयोग करें। इस मौके पर कॉलेज प्रशासक आरिफ पाशा एडवोकेट प्रधानाचार्य रियासत अली सरफराज अहमद जितेंद्र सिंह राठी जगदीश राजन अमर सिंह अंबर रजा कमर अली रजवी रियासत नकवी मोहम्मद शमी कुमारी नरगिस के अलावा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

# ओबीसी बेरोजगार युवाओं के लिए ओ-लेवल व सीसीसी कोर्स के आवेदन शुरू

**चन्दौसी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण लखनऊ द्वारा जारी द्वितीय चरण की समय-सारिणी के अनुसार जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से एक वर्षीय 'ओ' लेवल तथा तीन माह के सीसीसी कंप्यूटर कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इसके बाद आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेकर आय एवं जाति प्रमाणपत्र, आधार कार्ड तथा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मार्कशीट संलग्न कर दो प्रतियों सहित 01 दिसंबर 2025 को शाम 05 बजे तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, ब्लॉक परिसर, कलेक्ट्रेट कंपाउंड बहजोई के कार्यालय में जमा करें। योजना के लिए वार्षिक आय सीमा अधिकतम 01 लाख रु0, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, अधिकतम आयु 35 वर्ष, आवेदक का बेरोजगार होना व किसी संस्था से छात्रवृत्ति न लेना पिछड़ा वर्ग से संबंध होना अनिवार्य है।

# अभद्र टिप्पणी के विरोध में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर मुरादाबाद द्वारा गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, भोपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति की गई कथित अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी से पूरे समाज में गहरा आक्रोश है। संगठन ने उक्त टिप्पणी को समाज की गरिमा पर प्रहार बताते हुए संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी द्वारा किसी विशेष समुदाय को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करना न केवल अनुचित है, बल्कि सामाजिक सद्भावना को भी आहत करता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की टिप्पणी करने का साहस न कर सके। प्रतिनिधियों ने जोर दिया कि राज्य सरकार




तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी अधिकारी के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे।ज्ञापन सौंपते समय संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि ब्राह्मण समाज शांतिप्रिय और सभ्य समुदाय है, लेकिन उसकी गरिमा पर प्रहार होने पर विरोध दर्ज कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए महासभा हमेशा तत्पर रहेगी।इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. प्रदीप शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, संजय स्वामी, अनिमेष शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, अमित शर्मा, राजू राघव शर्मा सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# चन्दौसी बार में विचार गोष्ठी वक्ताओं ने संविधान के मूल्यों को अपनाने का किया आह्वान

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** अधिवक्ता परिषद बृज इकाई सम्भल के तत्वावधान मे गुरुवार को चन्दौसी बार रूम में 'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय संविधान की विशेषताओं और वर्तमान परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। गोष्ठी के मुख्य वक्ता मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज गुप्ता रहे। अपने संबोधन में डॉ. गुप्ता ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और समावेशी लिखित संविधान है। उन्होंने कहा, 'संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है जो समाज के हर वर्ग को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी देता है।' उन्होंने सभी अधिवक्ताओं और नागरिकों से संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ता समाज संविधान का सजग प्रहरी है और संविधान की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। मंच का कुशल संचालन प्रवीण गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए संविधान निर्माण में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर व बी.एन. राव और अन्य मनीषियों के योगदान को याद किया। गोष्ठी में श्रीगोपाल शर्मा, विनोद सिंह, विष्णु कुमार शर्मा, राहुल चौधरी, विक्रम सिंह, विकास कुमार मिश्रा, अमरीश अग्रवाल, प्रदीप कुमार मिश्रा, विभोर बंसल, सुनील सिंह, श्यामेंदर सिंह, सचिन गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, शिवम् सिंह, कविता चौहान, किरण शर्मा, श्यामेन्द्र सिंह, चरण सिंह आदि अधिवक्तागण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने ज्ञापन सौंपकर एसआईआर की तिथि एक माह बढ़ाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट की अध्यक्षता में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एस आई आर मे आ रही तकनीकी कमियों के समाधान हेतु एव एस आई आर प्रक्रिया का समय बढ़ाने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी प्रशासन के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन भेज कर एस ए आर की तिथि 4 दिसंबर से आगे बढ़कर 5 जनवरी करने की मांग की है। अपर जिला अधिकारी प्रशासन के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि वोटर लिस्ट गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) की अंतिम तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 4 जनवरी 2026 करने की मांग की। पार्टी ने कहा कि वर्तमान में केवल 35-40% गणना फॉर्म ऑनलाइन हुए हैं और बीएलओ पर कार्य का अत्यधिक दबाव है।

जिससे कई स्थानों पर मतदाता मैपिंग और फार्म ऑनलाइन करने में तकनीकी समस्याएँ आ रही हैं। ज्ञापन में परिवार के अन्य सदस्यों (जैसे



नाना-नानी, चाचा-ताऊ) के मैपिंग विकल्प जोड़ने और अन्य तकनीकी गड़बड़ियों को शीघ्र सुधारने की भी मांग की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहिद फर्गनी महानगर अध्यक्ष वकी रशीद एडवोकेट, जिला अध्यक्ष मोहम्मद फहीम और युवा जिलाध्यक्ष तालिब मलिक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शादी समारोह में हड़कंप, महिला जेवर नकदी से भरा पर्स चोरी कर भागी

**चन्दौसी।** बहजोई रोड स्थित बाटा वालों की धर्मशाला में चल रहे शादी समारोह में उस समय हड़कंप मच गया, जब दुल्हन की मां का जेवरों और नकदी से भरा पर्स चोरी हो गया। विकास नगर निवासी अवलेश कुमार की बेटी की शादी मंगलवार रात थी। करीब 11 बजे बारात धर्मशाला पहुंची, तो दुल्हन की मां सुमन तिलक की रस्म के लिए बाहर चली गईं। जल्दबाजी में उनका पर्स कमरे में ही रह गया। रसम पूरी होने के बाद जब सुमन कमरे में लौटीं, तो पर्स गायब था। इसमें सोने-चांदी के आभूषण और नकदी रखी हुई थी। परिजनों ने घबराकर तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाले। वीडियो में एक महिला पर्स को लेकर जाते हुए दिखाई दी। फुटेज के आधार पर उस महिला की पहचान नीलम, निवासी मौलागढ़, के रूप में हुई। परिजन तुरंत नीलम के घर पहुंचे, तो वह बाहर ही मिल गई। आरोप है कि उसके हाथ में वही पर्स था। तलाशी लेने पर पर्स से दो सोने के कुंडल, कुछ चांदी के आभूषण और 9,050 रुपये नकद बरामद हुए। इसके बाद परिजन नीलम को लेकर कोतवाली पहुंचे। कोतवाली प्रभारी मोहित बालियान ने बताया कि पीडिघ्त पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर महिला को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर कट्टई के दो कक्षा कक्ष तथा एक बरामंदा एवं एक रसोई की नीलामी दिनांक 01.12.2025 दिन सोमवार को प्रात: 11.00 बजे की जानी है। नीलामी की शर्ते विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक बोली कर्ता को अनुमानित मूल्य की 10 प्रतिशत धनराशि अनिवार्य रूप से विद्यालय प्रबंध समिति के पास अग्रिम जमा करनी होगी।

**वन्दना शर्मा ( प्रधानाध्यापक )**
**प्रा०वि० लक्ष्मीपुर कट्टई**
**वि०क्षे० मूढ़ापांडे, मुरादाबाद।**

**याकूब अली ( अध्यक्ष )**
**प्रा०वि० लक्ष्मीपुर कट्टई**
**वि०क्षे० मूढ़ापांडे, मुरादाबाद।**

# चोरी के ट्रैक्टरों का बड़ा खुलासा, एसटीएफ ने गैंग के चार सदस्य दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में लंबे समय से चल रहे चोरी के ट्रैक्टरों के काले कारोबार का पुलिस ने बड़ा पर्दाफाश किया है। एसटीएफ टीम ने संयुक्त अभियान में चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के चार ट्रैक्टर और दो इंजन बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में तीन अमरोहा जनपद के डिडौली थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि एक आरोपी संभल जनपद का रहने वाला बताया गया है।सूत्रों के अनुसार यह गिरोह असम, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल जैसे दूर-दराज के राज्यों से ट्रैक्टर चोरी कर मुरादाबाद लाता था। चोरी किए गए ट्रैक्टरों को कैंटर में लोड कर राज्य की सीमाओं के पार लाया जाता था, ताकि पुलिस और स्थानीय निगरानी से बचा जा सके। मुरादाबाद पहुंचने के बाद ट्रैक्टरों की रंगाई-पुताई कर उनकी पहचान बदल दी जाती थी। इसके साथ ही चेसिस और इंजन नंबरों में भी फेरबदल कर फर्जी नंबर तैयार किए जाते थे। इसी आधार पर गिरोह जाली कागजात तैयार करवाता था, ताकि ट्रैक्टर असली लगें और किसी भी दस्तावेजी जांच में संदेह न हो।एसटीएफ की जांच में सामने आया कि गैंग के सदस्य बेहद व्यवस्थित तरीके से काम करते थे। चोरी के वाहनों को पहले अलग-अलग स्थानों पर छुपाया जाता था।

इसके बाद फर्जी रजिस्ट्रेशन और नकली आरसी तैयार की जाती थी। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद यह ट्रैक्टर जिले और आसपास के ग्रामीण इलाकों में किसानों को बाजार कीमत से कम दामों पर बेचने की योजना थी। कई किसान अनजाने में इन जाली दस्तावेजों के आधार पर ट्रैक्टर खरीद लेते, जिससे भविष्य में उन्हें कानूनी कार्रवाई का जोखिम हो सकता था।एसटीएफ टीम ने मुखबिर की सूचना पर पाकबड़ा इलाके में छापेमारी की, जहां गैंग के चारों सदस्य चोरी के ट्रैक्टरों और इंजनों के साथ पकड़े गए। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जांच कर रही है।

टीम यह भी जांच कर रही है कि विभिन्न राज्यों में हुई ट्रैक्टर चोरी की घटनाओं में इस गैंग की भूमिका कितनी गहरी थी और क्या इनके संपर्क दूसरे राज्यों के वाहन चोर गिरोहों से भी जुड़े हैं।इस सफलता के बाद एसटीएफ ने इसे अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह पर बड़ी कार्रवाई बताया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी इस तरह की गति. विधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि वाहन चोरी और फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने वाले गिरोहों का पूरी तरह सफाया किया जा सके।



## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप पिता ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने युवक सहित कई लोगों पर साजिश रचकर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित पिता के अनुसार बुधवार रात गांव निवासी जितेंद्र का साला, अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जब पिता ने बेटी की जानकारी लेनी चाही तो आरोपियों ने युवती को वापस देने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को सौंपे शिकायत पत्र में बताया कि उसकी बेटी घर में रखी नकदी और कुछ जेवर भी साथ ले गई है।

परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### लखनऊ में आयोजित बैठक में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मिनी स्टेडियम का उठाया मुद्दा



**मुरादाबाद।** लखनऊ में प्रतिनिहित विधायन समिति के सभापति राजीव सिंह उर्फ बब्बू भैया की अध्यक्षता में आयोजित युवा एवं खेल विभाग से संबंधित बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर ने कुंदरकी विधानसभा के रतनपुर कलां में बन रहे मिनी स्टेडियम और कुंदरकी के खेल मैदान की चर्चा की। कुंदरकी विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय से पूर्ण करने को कहा। विधायक ने आगे बताया कि कुंदरकी विधानसभा में खेल प्रतिभाओं को खेल मैदान मिलने से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। अभ्यास के लिए पूर्ण सुविधा और अच्छे कोच आवश्यक है।सरकार ने 2018 से युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए यह खेल सामग्री वितरण योजना शुरू की है। विधायक ने युवक और महिला मंगल दलों को वर्तमान में वितरीत की जाने वाली कीटो में और अधिक खेलो से संबंधित सामग्री बढ़ाने की मांग की। बैठक में खेल एवं युवा विभाग के अधिकारियों ने निर्माण समय से पूर्ण होने का आश्वासन दिया। बैठक में समिति के सभी सदस्य और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के आधिकारी उपस्थित रहे।

### तहसील स्तरीय दिव्यांग क्रीड़ा प्रतियोगिता मे दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर किया प्रतिभाग

**ठाकुरद्वारा।** बृहस्पतिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा मनोज कुमार बॉस के मार्गदर्शन में तहसील स्तरीय दिव्यांग क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र ठाकुरद्वारा तथा डिलारी के विभिन्न विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व एआरपी पीयूष कुमार प्रशांत और राकेश कुमार अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।ब्लॉक व्यायाम शिक्षक भीम सिंह और शमशेर सिंह ने बच्चों को 25,50 और 100 मीटर दौड़,चम्मच दौड़,कुर्सी दौड़ कराई। सपना चौहान,रजनी मिश्रा और सोनिया चौहान ने दिव्यांग छात्र छात्राओं की सुलेख,निबंध और गायन प्रतियोगिता कराई।स्पेशल एजुकेटर वेदप्रकाश सिंह और रूपेंद्र कुमार द्वारा बच्चों को रस्सा कसी आदि खेल खिलाए।प्रतियोगिता के बाद सभी विजेता तथा प्रतिभागी बच्चों को मैडल और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया हुआ।क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्पेशल एजुकेटर मुनीराम शर्मा,मुन्ना सिंह,उमेश कुमार,सुभाष चंद्र,राजाराम,लखींद्र कुमार,शैलेंद्र कुमार,राकेश कुमार,मनोज कुमार,अरविंद कुमार, शिखा गुप्ता और अर्चना आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।।

# मैरिज हॉल संचालक की हठधर्मी से शादी की खुशियों में लगा ग्रहण

■ शादी के चार दिन पहले मैरिज हाल संचालक ने किया बुकिंग से इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कचनाल निवासी रहमत अली ने अपनी बेटी की शादी के लिये बारात एंव मेहमानों की व्यवस्था के लिये उत्तराखंड के अहरपुरा रोड महुआखेडागंज स्तिथ सेठ गार्डन मैरिज हाल बुक किया था बुकिंग 11सितंबर 2025 को की गई थी एवम बारात 1 दिसंबर 2025 को आनी थी जिसकी बुकिंग पैमेंट रहमत अली द्वारा दस हजार रुपये यूपीआई से आन लाइन जमा किये थे। मैरिज हाल के मैनेजर द्वारा पैमेंट जमा की रशीद भी दी गई थी। शादी से करीब चार दिन पूर्व रहमत अली मैरिज हाल की व्यवस्था एंव बाकी पैसा जमा करने के लिये गये तो उन्हे बताया गया की आपकी हमारे मैरिज हाल मे 1 दिसंबर की कोई बुकिंग नही है। इस बात रहमत अली परेशान हो गया तथा संचालक को बुकिंग की रशीद दिखाई रशीद देखकर भी मैरिज हाल के मैनेजर ने बुकिंग से इंकार कर दिया।

रहमत अली का कहना है की अब बारात आने मे मात्र चार दिन शेष बचे है इतनी जल्दी मे दूसरे मैरिज हाल का इंतजाम कैसे करुँगा इस पर मैनेजर ने उन्हे खरी खोटी सुनाकर वहां से भगा दिया। पीडित ने भगतपुर पुलिस को तहरीर देकर उक्त मैरिज हाल के संचालक विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'लिंक्डइन फॉर कॅरियर एडवांसमेंट' विषय पर वेबिनार का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय के विद्यार्थियों हेतु आइबीएम स्किल्सबिल्ड की ओर से ऑनलाइन शिक्षा एवं एलएमएस प्रकोष्ठ, अकाद. मिक एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'मास्टरक्लास- लिंक्डइन फॉर कॅरियर एडवांसमेंट' विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने वेबिनार के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। वेबिनार की मुख्य वक्ता व सीएसआर बॉक्स की एसोसिएट मैनेजर सुश्री उज्मा उरूज ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कैरियर को ध्यान में रखते हुए लिंक्डइन वेबसाइट के विविध पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होंने इस विषय से संबंधित एक लघु पाठ्यक्रम भी संचालित किया, जिसके पूरा होने पर विद्यार्थियों को सीएसआर बॉक्स की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। वेबिनार में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए लिंक्डइन प्रोफाइल निर्माण, पेशेवर नेटवर्किंग तथा प्रभावी संचार कौशल की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. मिश्रा ने बताया कि आईबीएम स्किल्सबिल्ड एक वैश्विक कौशल-विकास पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को डिजिटल युग में आवश्यक तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है। यह मंच शिक्षार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, प्रोफेशनल स्किल्स, आईटी सर्विसेज तथा अन्य उभरती हुई तकनीकों से संबंधित नि:शुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है। सीएसआरबॉक्स भारत का प्रमुख सामाजिक प्रभाव प्लेटफॉर्म है, जो कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, विकास परियोजनाओं, कौशल विकास, शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार से जुड़े क्षेत्रों में कार्य करता है। इस संगठन की स्थापना



समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और युवाओं को उनके कॅरियर निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। वेबिनार में ऑनलाइन शिक्षा एवं एलएमएस प्रकोष्ठ के समन्वयक श्री के.के. बंसल जी ने विद्यार्थियों को लिंक्डइन के माध्यम से उपलब्ध कॅरियर अवसरों, कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली नौकरियों तथा संभावित पैकेजों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अकादमिक एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वेबिनार का संचालन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन से डॉ. ललित जौहरी ने किया। इस वेबिनार में ऑनलाइन शिक्षा एवं एलएमएस प्रकोष्ठ के सभी सदस्य एवं कंप्यूटर एप्लीकेशंस के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला, कंप्यूटर इंजी. नियरिंग के डॉ. देवेंद्र कुमार के अलावा कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हथकरघा पुरस्कार योजना के अन्तर्गत बुनकरों ने कलेक्ट्रेट सभागार में लगाई प्रदर्शनी

**मुरादाबाद।** परिक्षेत्र स्तरीय संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत बुनकरों ने कलैक्ट्रेट सभागार में प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में हथकरघा बुनक. रों द्वारा तैयार 30 हथकरघा सैम्पलों का प्रदर्शन किया गया। संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के लिए मुरादाबाद परिक्षेत्र स्तर पर सैम्पलों का चयन जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया। प्रथम स्थान श्रीमती नाजरा खातून पत्नी मौ. फारूख, निवासी मौहल्ला मनिहारन भोजपुर जनपद मुरादाबाद, द्वितीय स्थान श्रीमती खुशमुदा पत्नी जलालुद्दीन निवासी शिवालाकलां जनपद बिजनौर एवं तृतीय स्थान श्रीमती गुल्शन बेगम पत्नी मौहम्मद इरफान निवासी टाण्डा जनपद रामपुर का रहा। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग श्री अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि परिक्षेत्र स्तर पर चयनित इन सैम्पलों को राज्य स्तरीय पुरस्कार में प्रतिभाग करने हेतु हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय उ. प्र. कानपुर को भेजे जायेंगे। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग मुरादाबाद, परियोजना अधिकारी राज्य हथकरघा निगम, उपनिदेशक बुनकर सेवा केंद्र मेरठ के प्रतिनिधि एवं वस्त्रोद्योग परिक्षेत्र मुरादाबाद आदि उपस्थित रहें।

## सीडीओ ने केन्द्र का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने मुरादाबाद स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टीटीएल के सहयोग से नवनिर्मित कौशलम केंद्र में मशीनों एवं उपकरणों द्वारा प्रदान किया जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौजूद प्रधानाचार्य श्री संजीव कुमार जैन और श्री अमर कौशल ने बताया कि वर्तमान में टीटीएल के सहयोग से संचालित इस केंद्र में तीन आधुनिक व्यवसाय एडवांस सीएनसी, रोबोटिक्स एवं मैकेनिक मोटर व्हीकल में कुशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद तसलीम व पुत्रवधू श्रीमती रूबी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

महफूज अली पुत्र इबले अली
निवासी ग्राम बरबारा मजरा थाना
कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**खोया-पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्यौ -97 श्रम कुटीर हिमगिरि कालोनी तहसील व जिला मुरादाबाद जिसकी चौहद्दी निम्न है पूर्व- श्रम कुटीर भवन संख्या 96, पश्चिम-श्रम कुटीर भवन संख्या 98, उत्तर-श्रम कुटीर भवन संख्या 94, दक्षिण-रास्ता 4.50 मीटर चौड़ाई का मूल बैयनामा दिनांकित 18.3. 2004 जो बही संख्या-1, जिल्द संख्या 4560, पृष्ठ संख्या 275 से 286, क्रमांक 1332 पर उप निबंधक मुरादाबाद के यहां पंजीकृत है जो एमडीए द्वारा प्रेम शंकर के पक्ष में निष्पादित किया गया व उक्त संपत्ति का ही एक अन्य मूल बयनामा दिनांकित 18.3.2004 , जो बही संख्या-1, जिल्द संख्या 4560, पृष्ठ संख्या 299 से 314, क्रमांक 1334 पर उपनिबंधक कार्यालय मुरादाबाद के यहां पंजीकृत है, जो प्रेम शंकर द्वारा चंद्रपाल के हक में निष्पादित किया गया व उक्त संपत्ति के मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र वास्तव में कही खो गये है, जिसकी रिपोर्ट अब्दुल कदीर द्वारा थाना सिविल लाइंस मुरादाबाद में कर दी है। उपरोक्त संपत्ति के वर्तमान मालिक अब्दुल कदीर पुत्र बशीर अहमद अपनी उक्त संपत्ति को यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा हरथला मुरादाबाद में बंधक रख रहा है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर बैंक में आकर अपनी आपत्ति दे दें। इसके 50 युक्त मूल प्रपत्रों का उपयोग अवैधानिक होगा। **अमित कुमार यादव एडवोकेट, यूनियन बैंक आफ इंडिया, शाखा हरथला, जिला मुरादाबाद। मोबाइल नम्बर-7720961158**

# आधा दर्जन गांवों में अवैध मिट्टी खनन बेखौफ जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन धड़ल्ले से जारी है।

ग्रामीणों के विरोध और शिकायतों के बावजूद खनन माफिया बेखौफ होकर रोजाना जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से मिट्टी निकाल रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के चलते खनन पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। सबसे अधिक खनन जमरावाला उर्फ फैजुल्लागंज में हो रहा है, जहां पिछले आठ दिनों से लगातार जेसीबी मशीनों और लगभग 10 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। वहीं गैझाड़ा आलम में ढेला नदी से प्रतिदिन अवैध खनन जारी है, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा फैजुल्लागंज, नन्हूवाला, अस्लेमपुर, निर्मलपुर, वैजनाथपुर सहित कई गांवों में खुलेआम मिट्टी के अवैध खनन का खेल चल रहा है।

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि रात हो या दिनकृखुलेआम मशीनें और ओवरलोड ट्रैक्टर धड़ल्ले से दौड़ते रहते हैं, लेकिन पुलिस एवं प्रशासन कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है। अवैध खनन के चलते गांवों की सड़कों की हालत बदतर हो गई है। जहां-तहां



गड्ढे बन गए हैं और वाहनों के कारण धूल का भारी गुबार उठता है। स्थिति यह है कि राहगीरों को सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि धूल उड़ने से आंखों में मिट्टी भर जाती है, बच्चों और बुजुर्गों का निकलना दूभर हो चुका है।

भारतीय किसान यूनियन के राजेंद्र चौधरी , हरीराज सिंह, मनसा सिंह यादव ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाई जाए, पुलिस-प्रशासन की जांच कर कार्रवाई हो तथा गांवों की क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

**कार्यालय नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर (मुरादाबाद)**

**पत्रांक:**-359/न0पं0भो0धर्म0/2025-26 **दिनांक:**-27.11.2025

**अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर में शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु चयनित स्थानो पर आलाव जलाने हेतु नगर पंचायत सूखी लकडी क्रय करना चाहती है जो सज्जन इस कार्य को करना चाहे वह अपनी सील बन्द कुटेशन लिफाफे में बन्द कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05.12. 2025 की दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद कुटेशन मान्य नही होगा।

किसी भी कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| | |
|---|---|
| **( नीतू सिंह )** | **( फरखन्दा जबीं )** |
| **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर ( मुरादाबाद )।** | **नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर ( मुरादाबाद )।** |

**कार्यालय नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर (मुरादाबाद)**

**पत्रांक:**-360/न0पं0भो0धर्म0/2025-26 **दिनांक:**-27.11.2025

**अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर में ई-नगर सेवा पोर्टल पर सभी टैक्सों से सम्बन्धित आंकडों की ऑनलाइन फीडिंग, ऑनबोर्डिंग, टैक्स बिल जनरेटिंग, ई-नगर सेवा पोर्टल पर अन्य सभी सेवाओं को प्रारम्भ करना, ई-नगर सेवा एवं टैक्स सर्वे से सम्बन्धित अन्य किसी भी तकनीकि सम्स्या का समाधान सम्बन्धित कार्य कराना चाहती है जो सज्जन इस कार्य को करना चाहे वह अपनी सील बन्द कुटेशन लिफाफे में बन्द कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05.12.2025 की दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद कुटेशन मान्य नही होगा।

किसी भी कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| | |
|---|---|
| **( नीतू सिंह )** | **( फरखन्दा जबीं )** |
| **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर ( मुरादाबाद )।** | **नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर ( मुरादाबाद )।** |

# कटघर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार, एक किलो से अधिक चरस बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कटघर थाना पुलिस ने देर रात एक बड़ी सफलता हासिल की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी को भारी मात्रा में अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार उपनिरिक्षक कपिल कुमार अपनी टीम के साथ रात्रि भ्रमण पर थे, तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध चरस लेकर किसी सौदे की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रहमत नगर, गली नं. 08, मदरसे के पास घेराबंदी कर आरोपी फिरासत उर्फ लाला पुत्र अत्तन उर्फ अट्टन निवासी रहमत नगर को पकड़ लिया।

पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 140 ग्राम अवैध चरस बरामद की है, जिसका अवैध बाजार में उपयोग नशे के सौदागरों द्वारा किया जाता है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से नशे की तस्करी में सक्रिय था और इलाके में नशीले पदार्थों की आपूर्ति करता था। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस को उम्मीद है कि नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों तक भी पहुंच बनाई जा सकेगी।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कटघर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और पुलिस ऐसे अपराधियों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

उन्होंने जनता से भी अपील की है कि नशे के कारोबार से जुड़ी किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें, ताकि समाज को इस गंभीर समस्या से मुक्त कराया जा सके।



# भारतीय हॉकी टीम ने कीवी को हराया

## भारत के अमित रोहिदास संजय व सेल्वम ने गोल दागे

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को सुल्तान अजलान शाह कप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड 3-2 से हराया। भारत के लिए अमित रोहिदास ने (चौथे), संजय ने (32वें), और सेल्वम कार्थी ने (54वें) मिनट में गोल दागे। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से जॉर्ज बेकर ने (42वें और 48वें) मिनट में गोल किए। यहां सुल्तान अजलान शाह कप स्टेडियम में खेले गए मैच के पहले कुछ शुरुआती मिनटों में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड पर बढ़त बनाई। भारत ने एक अच्छे मूव से अपना पहला मौका बनाया, जिससे उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला और अमित रोहिदास ने (चौथे) मिनट में गोलकर स्कोरिग शुरू की। पहला क्वार्टर 1-0 की बढ़त के साथ खत्म हुआ। दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने स्कोर बराबर करने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय रक्षकों नें उन्हें रोके रखा और हॉफ टाइम तक वहीं स्कोर रहा। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत फ्रंट फुट पर की और दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कप्तान संजन 32वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। न्यूजीलैंड ने तुरंत जवाब देने के लिए कुछ पेनल्टी कॉर्नर लिए, लेकिन वे भारतीय रक्षापंक्ति को भेद नहीं पाए। लेकिन आखिरकार जॉर्ज बेकर ने (42वें) मिनट में न्यूजीलैंड के लिए एक गोल कर आखिरी क्वार्टर रोमांचक बना दिया। न्यूजीलैंड ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत अपने दूसरे गोल की तलाश में की, और जॉर्ज बेकर ने (48वें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत पलटवार किया अभिषेक के पास को सेल्वम कार्ति ने (54वें) मिनट में गोलकर भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी स्टेज में अपनी पकड़ बनाए रखी और मुकाबला 3-2 से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम शनिवार को कनाडा से भिड़ेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने इससे पहले बुधवार को मेजबान मलेशिया को 4-3 के रोमांचक मुकाबले में हराया। सेल्वम कार्थी (7'), सुखजीत सिंह (21'), अमित रोहिदास (39') और संजय (53') ने दुनिया की नंबर 7 टीम भारत के लिए गोल किए, जबकि फैजल (13'), फितरी सारी (36'), व मरहान (45') ने 12वीं रैंक वाली मलेशिया के लिए गोल किए।

## भारतीय हॉकी टीम चिली के खिलाफ शुरु करेगी अपना अभियान

**चेन्नई, वार्ता।** भारत शुक्रवार को यहां चिली के खिलाफ पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 के 14वें संस्करण में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। कल से तमिलनाडु में शुरु हो रहे इस अंडर-21 टूर्नामेंट का आयोजन चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही 24 टीमों को चार-चार टीमों के छह पूल में बांटा गया है। भारत पूल बी में चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ शामिल है। डिफेंडर रोहित की अगुवाई में 18 सदस्ईय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पीआर श्रीजेश भारतीय जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में हिस्सा ले रही टीमें इस प्रकार हैः- पूल ए में कनाडा, जर्मनी, आयरलैंड, साउथ अफ्रीका। पूल बी चिली, भारत, ओमान, स्विट्जरलैंड। पूल सी में अर्जेंटीना, चीन, जापान, न्यूजीलैंड। पूल डी में बेल्जियम, इजिप्ट, स्पेन, नामीबिया। पूल ई में ऑस्ट्रिया, इंग्लैंड, मलेशिया, नीदरलैंड्स। पूल एफ में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, फ्रांस, दक्षिण कोरिया। हर टीम अपने पूल में एक बार दूसरी टीम से भिड़ेगी, जिसमें छह ग्रुप जीतने वाली टीमें क्वार्टर-फाइनल में पहुंचेंगी। उनके साथ सभी छह ग्रुप की दो सबसे अच्छी रनर-अप टीमें भी शामिल होंगी। मौजूदा चैंपियन जर्मनी मेन्स जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम है, जिसने यह टूर्नामेंट सात बार जीता है। भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है। अर्जेंटीना ने भी जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप का खिताब दो बार जीता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी भारत को दिए जाने का स्वागत

**स्कॉटलैंड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी भारत को दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह ग्लोबल स्पोर्टिंग प्रतियोगिता के सौ साल पूरे होने का जश्न है। कॉमनवेल्थ ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष बेन ह्यूस्टन ने भारत को बधाई देते हुए कहा कि अमदाबाद, हम आ रहे हैं। भारत को हमारी बधाई, एक मजबूत और सोची-समझी बोली के लिए जो कॉमनवेल्थ गेम्स के एक नए अध्याय की शुरुआत करती है, गेम्स की सौवीं सालगिरह मनाने के लिए एक मेजबानी देती है, और ऑस्ट्रेलिया के एथलीटों को ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स से केवल दो साल पहले मुकाबला करने के लिए तैयार करती है।

### जुबा ( युवा ) संघा का जर्मन क्लब से ऐतिहासिक करार

**नई दिल्ली, वार्ता।** संघा दिल्ली का ऐसा पहला फुटबॉल क्लब बन गया है, जिसकी अकादमी को जर्मनी के एफसी इंगोस्टेड क्लब 04 ने गोद लिया है। दिल्ली-एनसीआर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एथलीड जुबा इंगोस्टेड अकादमी को लांच किया गया।

इस अवसर पर युवा संघा के प्रमुख सुसांत देव, एफसी इंगोस्टेड के कार्यकारी निदेशक डीडी, श्राची स्पोर्ट्स के चेयरमैन तमाल घोषाल, मैनेजिग डायरेक्टर, देश के जाने-माने पूर्व गोलकीपर भास्कर गांगुली, ईस्ट बंगाल के पूर्व मिडफील्डर अल्विटो, मोहन बागान के पूर्व ब्राजीली स्ट्राइकर रामिरेज और ईस्ट बंगाल के पूर्व घानाई डिफेंडर मौजूद रहे। फुटबॉल की नामी हस्तियों के बीच एथलेड जुवा इंगोस्टेड 04 की लॉंचग के अवसर पर मेहमान जर्मन क्लब अधिकारियों ने सुसांत देव के प्रयासों को सराहा।

### गोवा एफसी एएफसी चैंपियंस लीग टू से हुआ बाहर

**इराक, वार्ता।** भारत का एफसी गोवा, इराक के अल-जवरा फुटबॉल क्लब के खिलाफ खेले गए ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में हारकर एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 से बाहर हो गया। जवरा स्टेडियम में बुधवार को खेले गए ग्रुप डी के दूसरे मैच मेंएफसी गोवा को अल-जवरा से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। आयुष छेत्री को रेड कार्ड मिलने के बाद कदीम राड ने 38वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद गोवा ने 51वें मिनट में दुर्गम इस्माइल के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, लेकिन हसन अब्दुलकरीम ने 65वें मिनट में गोल करके मेजबान टीम को जीत दिला दी। इस जीत के साथ उसे तीन अंक हासिल हुए। एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 में अल-जवरा से गोवा की दूसरी हार ने फुटबॉल प्रतियोगिता से उसे बाहर कर दिया।

## आईसीसी ने पर्थ की पिच को 'बहुत अच्छा' कहा

- **यह टेस्ट मैच 847 गेंदों के साथ ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे छोटा पूरा हुआ टेस्ट मैच था**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट मैच जो कि दो दिन में सामप्त हो गया था कि पिच को 'बहुत अच्छी' श्रेणी का करार दिया है। मैच रेफरी रंजन मदुगले की ओर से पिच को लेकर दी गई आधिकारिक रिपोर्ट में इसे 'बहुत अच्छा' करार दिया गया है।

आईसीसी के चार-टियर पिच रेटिंग सिस्टम के अनुसार, 'बहुत अच्छा' का मतलब है ऐसी पिच जिसमें अच्छी पकड़, लिमिटेड सीम मूवमेंट, और मैच की शुरुआत में लगातार बाउंस हो, जिससे बल्लेबाज और गें. दबाज के बीच बराबरी का मुक. ाबला हो सके। यह टेस्ट मैच 847 गेंदों के साथ यह ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे छोटा पूरा हुआ टेस्ट था और 1888 के बाद से फेंकी गई गेंदों के हिसाब से सबसे छोटा एशेज टेस्ट था। पहली तीन पारियों में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा, जिसमें मिचेल स्टार्क ने 58 रन देकर सात विकेट लिए, हालांकि पहले दिन चाय से पहले इंग्लैंड का स्कोर 160 रन पर पांच विकेट था। मेहमान टीम का अटैक फिर भी लगातार चलता रहा और आखिर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 123 रन पर नौ विकेट हो गया, जिसमें बेन स्टोक्स ने पांच विकेट लिए। पहले दिन 305 रन पर 19 विकेट गिरे, जबकि दूसरे दिन, ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के 205 रन के लक्ष्य को केवल एक सत्र में हासिल कर लिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख जेम्स ऑलसॉप ने कहा कि तीसरे और चौथे दिन के टिकट रखने वाले फैंस के लिए यह निराशाजनक था।

## अफगानिस्तान अंडर-19 टीम ने भारत को 65 रनों से हराया

**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान महबूब खान (50) और अजीजुल्लाह मिआखिल (60) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान अंडर-19 टीम ने गुरुवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के छठे एकदिवसीय मुक. ाबले में भारत ए अंडर-19 टीम को 65 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान की टीम चार मैचों में तीन जीत के साथ 12 अंकों लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। 234 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए अंडर-19 टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट दो रन के स्कोर पर गंवा दिए। इसके बाद कप्तान विहान मल्होत्रा और वीके विनीत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। चौथे ओवर में सलमान खान ने विहान मल्होत्रा (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिज्ञान कुंडु (12), मोहम्मद एनान (एक), कनिष्क चौहान (16), खिलन पटेल (29) और हेनिल पटेल (पांच) रन बनाकर आउट हुए। वीके विनीत ने भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 62 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौके और एक छक्का भी लगाया। 31वें ओवर की दूसरी गेंद पर अब्दुल अजीज ने मोहम्मद मलिक (शून्य) को आउटकर 168 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। अफगानिस्तान के लिए अब्दुल अजीज, सलमान खान और रूहुल्लाह अरब ने तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले आज यहां भारत ए अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## दीप्ति को मिली 3.2 करोड़ की राशि फिर से यूपीडब्ल्यू की टीम में हुई शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा डब्ल्यूपीएल 2026 में फिर से यूपी वॉरियर्स की टीम से खेलेंगी। ऑक्शन में उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे पहले 50 लाख रूपए की बोली लगाई और उसके बाद किसी और की बोली नहीं आई। ऐसा लगा कि डीसी को काफ़ी सस्ते में महिला वनडे विश्व कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मिल गई है।

हालांकि, यूपीडब्ल्यू के पास आरटीएम मौजूद था। इसके बाद दिल्ली ने सीधे 3-2 करोड़ रूपए की बोली लगाई और यूपी वॉरियर्स ने इसे मैच करते हुए दीप्ति को रिटेन करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपना आरटीएम इस्तेमाल किया। सोफ़ी डिवाइन डब्ल्यूपीएल 2026 में गुजरात जायंट्स की टीम से खेलेंगी। उन्हें 2 करोड़ की बड़ी राशि के साथ टीम में शामिल किया गया है। गुजरात जायंट्स ने 50 लाख रुपये पर उनकी पहली बोली लगाई। इसके बाद आरसीबी ने इंट्रेस्ट दिखाया और बोली बढ़ती चली गई। 1-1 करोड़ रूपए पर दिल्ली कैपिटल्स ने एंट्री मारी थी, लेकिन गुजरात किसी हाल में पीछे हटने को तैयार नहीं थी। लगातार बोलियां लगती रहीं और अंत में गुजरात को सफलता मिली। डीसी को लगातार तीन बार डब्ल्यूपीएल फ़ाइनल में ले जाने वाली ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज कप्तान मेग लैनिग यूपीडब्ल्यू की टीम में शामिल हो गई हैं। उनके लिए डीसी ने सबसे पहले पैडल उठाया और उनके तुरंत बाद यूपीडब्ल्यू भी इसमें कूद गई। डब्ल्यूपीएल 2023 में 1-1 करोड़ रूपए में बिकने वाली लैनिग के लिए डीसी 1-7 करोड़ रूपए तक गई थी। इसके बाद यूपीडब्ल्यू ने 1-9 करोड़ रूपए बोली लगाई और उन्हें अपने साथ जोड़ा। मार्की सेट की आखरिरी खिलाड़ी दक्षिण अफ़्रीकी कप्तान लॉरा वुलफ़ार्ट थीं।


**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

**अधिसूचना सं. 20/हाल्ट ठेका आवंटन/मुरादाबाद मण्डल/2023.सी** **दिनांक 27.11.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे, मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की और से मुरादाबाद मण्डल के निम्नलिखित हाल्ट स्टेशन पर टिकिट बुकिंग अभिकर्ता की नियुक्ति किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये जाने है।

| क्रम सं. | हाल्ट का नाम | (Depot) सेवित स्टेशन | किन-किन स्टेशन के बीच |
|---|---|---|---|
| 1. | सुनहेटी खड़खड़ी हाल्ट | बलियाखेड़ी | बलियाखेड़ी-चुड़ियाला |
| 2. | बर्मी हाल्ट | सीतापुर | नैमिषारण्य-मिश्रिखतीर्थ |
| 3. | नेरी हाल्ट | सीतापुर | माहौली, मैकलगंज |
| 4. | कस्तकलां कास्माबाद हाल्ट | हापुड़ | हापुड़, पिलखुआ |
| 5. | आध्यामिक नगर हाल्ट | हापुड़ | डासना, महरौली। |
| 6. | चदंसारा हाल्ट | हापुड़ | खरखौंदा, नूरनगर |
| 7 | सिरसी मखदूमपुर हाल्ट | सम्भल हातिमसराय | सम्भल हातिमसराय, हजरत नगर |
| 8 | बहादुरपुर हाल्ट | शाहजहाँपुर | बन्थरा, तिलहर |

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन दिनांक 30.12.2025 को 10.00 बजे से 15.00 बजे तक सहायक वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कमरे में रखे हुये बॉक्स में डाले जायेगे तथा 15.00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा, एवं उसी दिन 15.00 खोले जायेगे।

उसी तिथि में 30.12.2025 बजे आवेदनकर्ता या उनके प्रतिनिधियों के सामने आवेदक खोलें जायेंगे। यदि दिनांक 30.12.2025 को कोई अवकाश होता है। तो आवेदन अगले कार्य दिवस में यथा समय डाले व खोले जायेंगे।

आवेदन पत्र पात्रता, नियम व शर्तों का पूर्ण विवरण उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है या मण्डल रेल प्रबंधक वाणिज्य शाखा से जानकारी ली जा सकती है। विलम्ब से प्राप्त हुए आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

3686/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित हैं। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 232-DRM-MB-25-26 12.11.2025 | 233-DRM-MB-25-26 12.11.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based Rail Gauge Face Lubricator (Electronic Type) - 47 nos in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB. | Heavy repair to leaky roof of staff quarters, station building and Level crossings in the section of SSE/W/HW under ADEN/HW. |
| निविदा का प्रकार | Service | Works |
| निविदा की कीमत | 10,000.00 | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 7,55,76,817.80 | 74,21,150.16 |
| धरोहर राशि (रु.) | 5,27,900.00 | 1,48,400.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.12.2025, 16:00 hrs. | 23.12.2025, 16:00 hrs. |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.12.2025 | 09.12.2025 |
| ऑफर की वैधता | 90 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 Months | 06 Months |
| सिंगल/टू पैकेट | Two Packet | Single Packet |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 26.11.2025 3673/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 242-DRM-MB-25-26 Date 26.11.2025 | 243-DRM-MB-25-26 Date 26.11.2025 | 244-DRM-MB-25-26 Date 26.11.2025 | 245-DRM-MB-25-26 Date 26.11.2025 | 246-DRM-MB-25-26 Date 26.11.2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Miscellaneous works in connection with TracK Maintenance in the section of SSE/P-Way/MINJ under ADEN/II/HRI. | Miscellaneous works in connection with TracK Maintenance in the section of SSE/P-Way/SPC under ADEN/II/HRI. | Miscellaneous works in connection with TracK Maintenance in the section of SSE/P-Way/SFPR under ADEN/II/HRI. | Miscellaneous works in connection with TracK Maintenance in the section of SSE/P-Way/SAN under ADEN/I/HRI. | Miscellaneous works in connection with TracK Maintenance in the section of SSE/P-Way/GRI under ADEN/I/HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 19.12.2025, 16:00 | 19.12.2025, 16:00 | 19.12.2025, 16:00 | 19.12.2025, 16:00 | 19.12.2025, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 79,85,374.20 | 79,99,275.89 | 79,96,005.92 | 99,97,834.37 | 99,89, 182,50 |
| धरोहर राशि | 1,59,700.00 | 1,60,000.00 | 1,59,900.00 | 2,00,000. 00 | 1,99,800.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 05.12.2025 | 05.12.2025 | 05.12.2025 | 05.12.2025 | 05.12.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 12 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 26.11.2025 3674/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**कर्मचारी कल्याण निधि उ.रे. के मुरादाबाद मंडल में संविदा के आधार पर (अंशकालिक, मानदेय आधारित) अनारक्षित आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी/चिकित्सकों का लगाया जाना जिनमें अ.जा./अ.ज.जा./पिछड़ा वर्ग के आवेदक भी आवेदन कर सकेंगे**

उ.रे. चिकित्सालय / मुरादाबाद में संविदा के आधार पर मानदेय आधारित अंशकालिक तौर पर एक आयुर्वेद चिकित्सक तथा एक होम्योपैथी चिकित्सक लगाया जाना है। दवा तथा मानदेय, डी.एस.बी.एफ समिति /मुरा. के तत्वाधान में अधिलिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर होगा।

| आयुर्वेद चिकित्सक | होम्योपैथ चिकित्सक |
|---|---|
| 1- आवेदक के पास इंडियन मेडिसिन सेंट्रल एक्ट 1970 की धारा 48 के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/राज्य विधिक बोर्ड/काउंसिल/फैकल्टी का चार वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा होना अनिवार्य होगा। 2- सेंट्रल रजिस्टर आफ इंडियन मेडिसिन एवं स्टेट रजिस्टर आफ इंडियन मेडिसिन में नामांकन। 3- आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं उपचार के क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। [E(W)89/WE 1-15 dated 3.10.1989 (RBE No. 250/89)] | 1- आवेदक के पास इंडियन मेडिसिन सेंट्रल एक्ट 1970 की धारा 48 के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/राज्य विधिक बोर्ड/काउंसिल/फैकल्टी की बी.एम.एस की डिग्री (होम्योपैथी)/DHM/DHS/DMS होम्योपैथी/BMBS/04 वर्षीय MHMS या GSMS की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही इंटर्नशिप भी पूर्ण होनी चाहिए। 2- सेंट्रल रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन एवं स्टेट रजिस्टर आफ इंडियन मेडिसिन में नामांकन। 3- डिप्लोमा धारकों के पास कम से कम 1.5 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए। [E(W)2012/PNM/ NFIR/5 dated 24.1.2014 (RBE No. 13/2014)] |

(1) पदों की संख्या- दो (01-आयुर्वेदिक, 01-होम्योपैथिक)

(2) मानदेय - रु. 37500/- प्रतिमाह

(3) कार्य घंटे - चार घंटे प्रतिदिन (रेलवे अस्पताल के कार्य घंटों के दौरान)

(4) चिकित्सक को मंडल कर्मचारी कल्याण निधि समिति द्वारा लगाया जाएगा एवं उन्हें रेल कर्मी नहीं माना जाएगा। उन्हें मात्र एक वर्ष के लिए अस्थायी रूप से ही लगाया जाएगा।

(5) उपरोक्त चिकित्सक को मात्र एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर लगाया जाएगा। कार्य संतोषजनक पाए जाने पर अध्यक्ष SBF के आदेश पर कार्यकाल पुनः एक-एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। यह अवधि 70 वर्ष की उम्र तक ही बढ़ायी जा सकती है। (Rly. Board L.No.E (W) 2018/ISM/8/Pt Dt. 25.07.2019)

(6) कार्य घंटो में वह रेल के अलावा किसी प्राइवेट मरीज को नहीं देख सकेंगे, ना ही चिकित्सालय परिसर से बाहर अन्यत्र जा सकेंगे, बाहर जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी की अनुमति लेना नितांत आवश्यक होगा।

(7) सोमवार से शनिवार तक उन्हें उ.रे. चिकित्सालय, मुरादाबाद में ही चार घंटे प्रतिदिन (रेलवे अस्पताल के कार्य घंटों के दौरान) सेवाएं अर्पित करनी होगी।

(8) उन्हें यथानुपात आधार पर 08 (आठ) दिनों की आकस्मिक छुट्टी की अनुमति होगी और किसी अन्य प्रकार की छुट्टी स्वीकार्य नहीं होगी।

(9) उपरोक्त पदों पर चयन मौखिक परीक्षा (Walk-In Interview) के आधार पर होगा।

(10) अनुपस्थिति के लिए यथानुपात आधार पर समेकित मासिक मानदेय में कटौती की जाएगी। आकस्मिक छुट्टी से इसकी पूर्ति नहीं की जाएगी।

(11) लगे हुए प्रैक्टिशनर को टी. ए./डी. ए. देय नहीं होगा और नए कार्य में शामिल होने के लिए कोई खर्च देय नहीं होगा, यदि आवश्यक है तो उम्मीदवारों को चयन के दौरान ठहरने की अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

(12) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे प्रशासन की ओर से कार्य के दौरान रेलवे आवास प्रदान नहीं किया जाएगा।

(13) उसे रेलवे कर्मचारी के रूप में नहीं माना जाएगा तथा रेलवे कर्मचारी को दिए जाने वाले विशेषाधिकार का पात्र नहीं होगा। प्रैक्टिशनर या उसके परिवार के सदस्य के लिए रेलवे अस्पताल से उपचार की अनुमति नहीं होगी।

(14) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे पास/पी.टी.ओ. देय नहीं होंगे।

(15) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे कर्मचारियों के पक्ष में बीमार और फिट प्रमाण पत्र देने की अनुमति नहीं होगी। निजी प्रैक्टिस की अनुमति होगी, लेकिन रेलवे की सामान्य ड्यूटी में बाधा डाले बिना।

(16) आवेदनकर्ता की आयु 19.11.2025 तक 70 वर्ष से कम होनी चाहिए। इसके साथ ही लगे हुए प्रैक्टिशनर की सेवाएं 70 वर्ष की आयु तक पहुंचने या कार्य अवधि समाप्त होने में से जो पहले होगा पर समाप्त कर दी जाएगी। सर्विस को इससे पहले भी 14 दिन का नोटिस देकर एक तरफ़ा समाप्त किया जा सकता है। मंडल कर्मचारी लाभ निधि (डी.एस.बी.एफ.) समिति मुरादाबाद मंडल इस तरह की समाप्ति के लिये कोई कारण बताने के लिए बाध्य नहीं होगी और इस शक्ति का प्रयोग अध्यक्ष, डी. एम. बी.एफ. समिति, मुरादाबाद मंडल द्वारा किया जा सकता है और प्रैक्टिशनर को इस आशय के डी.एम.बी.एफ. समिति के आदेश को किसी भी कानूनी अदालत में चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं होगा।

(17) अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(18) अधिसूचना विवरण, आवेदन फॉर्म और आवश्यक निर्देश **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

(19) उपरोक्त शर्तो को पूरा करने वाले उम्मीदवार नीचे दी गई तिथि और स्थान पर सुबह 09:30-11:00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद में वरि० मंडल कार्मिक अधिकारी के ऑफिस में अपने आवेदन पत्र और सभी मूल प्रमाण पत्र/प्रशंसा पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ साक्षात्कार (Walk-In) के लिए आ सकते हैं। बिलम्ब से आने पर साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। साक्षात्कार (Walk-In) की शुरुआत नीचे दी गई तिथि एवं स्थान पर सुबह 11:15 बजे से होगी।

| दिनांक | पहुँचने का समय | साक्षात्कार शुरू होने का समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 23/12/2025 | 09:30-11:00AM तक | 11:15AM से | वरि० मंडल कार्मिक अधिकारी का ऑफिस /मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/मुरादाबाद/उ० रे० |

मंडल कार्मिक अधिकारी
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

3677/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ट्रेनों से मादक पदार्थों की तस्करी का पर्दाफाश, महिला समेत दो गिरफ्तार

## रेलवे स्टेशन पर जीआरपी-आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में 20.9 किलो गांजा बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे मार्ग से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान में मुरादाबाद जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने प्लेटफॉर्म पर गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक महिला सहित दो तस्करों को दबोचते हुए उनके कब्जे से 20 किलो 900 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के उच्च मार्गदर्शन, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे के प्रभावी निर्देशन तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी रेलवे के संयोजन में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ के निर्देश पर उप निरीक्षक जयचन्द, महिला उपनि. रीक्षक नीशू कादियान, आरपीएफ व जीआरपी की टीम प्लेटफॉर्म पर नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि देखते हुए दो यात्रियों को रोका गया।पुलिस छताछ व तलाशी में पकड़े गए आरोपियों की पहचान फजलू खां पुत्र मुस्लिम खां, निवासी किसमत कारला पार्ट-1, प्रथम खंड, दीनहाटा, जिला कूचबिहार (पश्चिम बंगाल) और खलीदा बानो पत्नी जाहिद मियां, निवासी कुंज बिहार टंकागस, थाना पुन्डीबाड़ी, जिला कूचबिहार (प. बंगाल) के रूप में हुई। दोनों के बैगों से भारी



मात्रा में गांजा बरामद किया गया, जिसे वे ट्रेन के माध्यम से विभिन्न शहरों तक पहुंचाने की योजना में थे।गिरफ्तारी के बाद थाना जीआरपी मुरादाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को अदालत के माध्यम से जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम को प्रारंभिक पूछताछ में आरो. पियों ने बताया कि वह लंबे समय से ट्रेनों के जरिए गांजा सप्लाई कर रहे थे और कई राज्यों में उनका नेटवर्क सक्रिय है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ, उप निरीक्षक जयचन्द, महिला उप निरीक्षक नीशू कादियान, हेड कांस्टेबल प्रशान्त शर्मा, कांस्टेबल रोहित कुमार, कांस्टेबल वैभव कुमार, एएसआई संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल अक्षित मलिक, कांस्टेबल. आदित्य पूनिया और महिला कांस्टेबल राधा रानी शामिल रहे।

# आईएफटीएम में फ्रेशर्स पार्टी का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के बी.एससी (बायो ग्रुप) के विद्यार्थियों द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव प्रवेशित विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के बर्तन की तरह होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नव प्रवेशित विद्यार्थियों को जो भी रूप दिया जाए, वे वैसे ही ढल जाते हैं, इसलिए शिक्षकों और सीनियर विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि उन्हें संस्कारवान बनाएं। इस दौरान वरिष्ठ विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विविध रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें उनके द्वारा एकल और समूह नृत्य, गायन, लघु नाटक और फैशन शो जैसी विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। पार्टी का मुख्य आकर्षण



'मिस्टर फ्रेशर' और 'मिस फ्रेशर' प्रतियोगिता रही।

विभिन्न राउंड के बाद, दीपक तोमर को 'मिस्टर फ्रेशर' और सना रानी को 'मिस फ्रेशर' का खिताब मिला, वहीं दानियाल एवं गरिमा गुप्ता को रनर अप का खिताब दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और प्रेरक भाषण के साथ हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने कॉलेज के प्रवास के दौरान कड़ी मेहनत करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिवार का एक अभिन्न अंग महसूस कराना और उनके बीच के संकोच को दूर करना था।

कार्यक्रम का समापन एक भव्य भोज और संगीत के साथ हुआ, जहाँ विद्यार्थियों ने खूब मस्ती की। डॉ. सिंह ने बताया कि यह आयोजन नए विद्यार्थियों के कॉलेज जीवन की एक सुखद शुरुआत साबित हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. देश दीपक, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. समीर चंद्रा, डॉ. पूजा नारंग, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. जसविंदर कौर, डॉ. मीनाक्षी पांडे एवं मिस मीनू आदि फैकल्टी मेंबर्स का विशेष योगदान रहा।

फ्रेशर पार्टी में स्कूल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों के अलावा 68 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


# पीएमश्री विद्यालय आटा में स्वास्थ्य जागरूकता कैंप आयोजित



**चन्दौसी।** ग्राम आटा स्थित पीएमश्री विद्यालय में हर माह की तरह इस माह भी स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का संच. ालन चन्दौसी के सम्राट हॉस्पिटल से आए चिकित्सक डॉ. शेखर वार्ष्णेय ने किया। कैंप के दौरान डॉ. शेखर ने बच्चों को बदलते मौसम में तेजी से फैलने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समय सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में संक्रमण, एलर्जी तथा सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएँ आम हो जाती हैं। उन्होंने बच्चों को ऐसे मौसम में खुद को कैसे सुरक्षित रखें, किस तरह की सावधानियाँ बेहद जरूरी हैं, इसके बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉक्टर ने सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच की तथा हल्के लक्षणों वाले बच्चों का वहीं पर उपचार भी किया। विद्यालय प्रशासन के सहयोग से कैंप में फ्री हेल्थ चेकअप और फ्री दवा वितरण किया गया। कई बच्चों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछे, जिनका डॉक्टर ने सरल भाषा में समाधान बताया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि हर माह आयोजित होने वाला यह कैंप बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाया जाता है।

# सदर मालखाना और कचहरी का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने तहसील रोड स्थित सदर मालखाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मालखाने में रखे सामान के रखरखाव और उसकी सफाई पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि माल का सही ढंग से रखरखाव किया जाए और भवन की मरम्मत का कार्य समय रहते कराया जाए ताकि भवन सुरक्षित और सुव्यवस्थित बना रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि एक कमरा अन्य किसी व्यक्ति के कब्जे में है, जिसे खाली कराकर मालखाने के उपयोग में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कमरे की साफ-सफाई कराकर उसका उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कचहरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कचहरी में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की गुणवत्ता की जांच की। दोनों अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कचहरी के दोनों द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि सुरक्षा चाक-चौबंद रहे। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए और किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर इंस्पेक्टर चन्दौसी दीपक चौधरी सहित समस्त संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने बताया कि डॉ. रमेश सिंह चौहान पुत्र हेतासिंह, निवासी ग्राम एवं थाना कुढ़फतेहगढ़, जनपद सम्भल, मु0अ0सं0 2089/2025, धारा 417/420 भादवि में वांछित चल रहा था। उसे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

### सीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन



**बिलारी।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन हुआ। जिसका फीता काटकर शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह ने किया। कैंप में 150 से अधिक मरीजों का पंजीकरण करके उनका स्वास्थ्य चेकअप करके उन्हें दवाइयों का वितरण किया गया। आवश्यक जांच करते हुए काउंसलिंग भी की गई। गुरुवार को शिविर के दौरान ऐसे मरीज पहुंचे। जिसमें ऐसे लक्षण थे जिसमें आत्महत्या का विचार आना, एक कार्य को बार-बार करना, अधिक साफ सफाई करना, बार-बार भूल जाना, बड़बड़ाना आदि लक्षणों की जांच करते हुए उन्हें दवाई भी दी गई। जिले से आई टीम में डॉक्टर एस के शर्मा, शैलेंद्र सिंह, सोनम रानी, महेंद्र सिंह, धनंजय कठैत, डॉक्टर दुर्गेश्वर प्रसाद, डॉक्टर श्वेतांबरी तिवारी, डॉक्टर रेशमा बजाहत पवन कुमार एलटी, काउंसलर मधु, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, मनीष कुमार बीसीपीएम,अमित कुमार आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

### चरस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिलारी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने अवैध रूप से चरस अफीम का धंधा करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। जिसके चलते पुलिस ने आइडिया ग्राउंड पर चेकिंग की। इस मौके पर पुलिस ने बिलारी के मोहल्ला ठाकुरान के रहने वाले आलम पुत्र अब्दुल सलाम को गिरफ्तार किया। उसके पास 377 ग्राम चरस बरामद हुई। दरोगा अमित कुमार सिंह ने चेकिंग अभियान के दौरान आलम को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास चरस बरामद हुई। जिसे बताया कि वह पुड़िया बनाकर लोगों को सप्लाई करता है। उनके साथ हेड कांस्टेबल हरेंद्र पाल सिंह,धर्मेंद्र कुमार के अलावा कांस्टेबल अमित कुमार आदि भी मौजूद रहे।पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध मादक पदार्थ अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया।

### धान क्रय केन्द्रों पर धांधली के खिलाफ डीएम को ज्ञापन सौंपा

**मुरादाबाद (शाह टाइम्स, ब्यूरो)।** अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने धान क्रय केंद्र पर धांधली के संबंध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि धान क्रय केन्द्र सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए खोले है। लेकिन वहां पर विचौलियो का धान खरीदा जाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि किसान अपना धान विचौलियो को औने-पौने दामों में बेच रहा है। वफर गोदाम, दलपतपुर, बेलखेड़ा,चक प्रथम, ठाकुरद्वारा उक्त केन्द्रों पर किसानों से खरीद नहीं हो रही है। यहां के प्रभारीयों के सम्बन्ध दलालों से है। उपरोक्त केन्द्रो की जांच कराई जाए। उक्त केन्द्रो पर किसानों की सूचि तलव की जाए, किस किसान से कितना धान खरीदा। किसानों को क्रय केन्द्रों से लौटाया नहीं जाए। इस अवसर पर करन सिंह जिला संयोजक ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर धांधली को रोकने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को अपने धान का उचित मूल्य मिलना चाहिए और धान क्रय केन्द्रों पर धांधली को रोकने के लिए सरकार को जांच करानी चाहिए।

# गुमथल में कथित लूट या ओवरटेक विवाद?

## सर्राफा व्यापारी घायल, पुलिस ने सीसीटीवी से शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** दिन ढलते ही गुमथल क्षेत्र में हुई कथित लूट की घटना को लेकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बैंक और सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। हालांकि थाना बनियाठेर पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इस मामले को संदिग्ध मानते हुए इसे लूट नहीं, बल्कि वाहन ओवरटेक को लेकर हुए विवाद का परिणाम बताया है।

इसके बावजूद पीडिघ्त दीपक रस्तोगी पुत्र राकेश रस्तोगी को आई गंभीर चोटों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। दीपक के मुंह से खून बह रहा था और स्थानीय लोगों के अनुसार घटना दिन ढलते ही हुई, जिसमें आधा दर्जन के करीब हमलावर शामिल बताए गए, जो हाथ में तमंचे भी लहराते दिखाई दिए थे। जानकारी के अनुसार, दीपक रस्तोगी गुमथल में सर्राफा व्यापार करते हैं और गुरुवार शाम करीब 05 बजे दुकान बंद करके घर जा रहे थे, तभी यह घटना हुई। गौर करने वाली बात यह है कि इससे पहले 23 नवंबर 2022 को भी दीपक के साथ करीब 18 लाख रुपये के जेवरों की लूट का मामला सामने आया था, जिसका खुलासा अब तक नहीं हो



पाया है। गुरुवार को एसओजी टीम भी गुमथल पहुंची और संभावित रूट व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। फिलहाल पुलिस इसे आपसी विवाद का मामला बता रही है, लेकिन स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान घटना की दिशा बदलते दिख रहे हैं।

घटना लूट थी या फिर ओवरटेक को लेकर झगड़ा, इसकी असल सच्चाई फिलहाल दीपक रस्तोगी ही बता सकते हैं। शाम होते ही क्षेत्र में ऐसी घटना होना सुरक्षा पर बड़ा सवाल है और पुलिस पर मामले की सटीक जांच का दबाव बढ़ गया है।

# एसएम इंटर कॉलेज में आईएमओ-2025 परीक्षा सम्पन्न, 69 छात्रों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित आईएमओ-2025 परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक संभल के निर्देशानुसार एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी में संपन्न हुआ।

परीक्षा में कक्षा 07 से 12 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आईएमओ परीक्षा के कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को गणितीय अवधारणाओं की गहरी समझ प्रदान करना, उनकी समस्या-समाधान क्षमता, तार्किक दक्षता और विश्लेषणात्मक सोच को विकसित करना है। साथ ही यह परीक्षा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मनोज कुमार ने कहा कि आईएमओ छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का एक सशक्त मंच देता है,




जिससे गणित विषय के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण और गहरी रुचि विकसित होती है।

एस.एम. इंटर कॉलेज के कुल 73 छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से 69 छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता सहित शिक्षकगणकृयोगेश बाबू, मनोज कुमार, खमण सिंह, अनूप सिंह, ममता शर्मा, विनीता रानी, नेहा श्रीवास्तव, नेमचंद, गणेश सिंह, अभिषेक त्यागी और कृष्ण अवतारकृका उत्कृष्ट योगदान रहा।

## ठंड और कोहरे में बढ़ती चोरी-लूट की घटनाएं

**चन्दौसी।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड बढ़ते ही चोरी एवं लूट की घटनाओं में इजाफा होने लगता है। लोग अक्सर शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने घरों में ताला लगाकर चले जाते हैं, लेकिन चोर ठंड व घने कोहरे का फायदा उठाकर घरों में रखे कीमती सामान एवं आभूषण चोरी कर ले जाते हैं। पुलिस समय-समय पर लोगों से अपील भी करती है कि घर सूना छोड़कर न जाएं या फिर बाहर जाने से पहले पुलिस को अवगत कराएं, लेकिन पुलिस हर व्यक्ति के दरवाजे पर तैनात नहीं रह सकती। नवंबर-दिसंबर में कोहरा छाया रहने और कड़ाके की ठंड में लोग कमरे बंद करके सो जाते हैं, जिससे चोरों को मौका मिल जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोर रैकी कर सूने घरों को आसानी से निशाना बना रहे हैं। स्थानीय लोगों की भी भूमिका रहती है, क्योंकि चोरों का सूचना तंत्र आसपास ही होता है। फिलहाल इस मौसम में गृहस्वामियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शादी समारोह या यात्रा पर जाते समय घर को सूना न छोड़ें। यदि घर में कैमरे लगे हैं तो उन्हें चालू रखें, अथवा किसी चौकीदार को जिम्मेदारी दें या निकटतम पुलिस चौकी को सूचना देकर जाएं।

# संविधान दिवस के अवसर पर पत्रकारों को किया गया सम्मानित

## बदलते दौर में जिम्मेदार पत्रकारिता पर हुई खुली चर्चा, संविधान दिवस में पर सोसाइटी ने किया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। नगर के फव्वारा चौक स्थित महिंद्रा रेस्टोरेंट में आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पत्रकारों के सम्मान एवं संवाद का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं अध्यापिका दुर्गा टंडन ने संचालन करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज की समस्याओं को निर्भीकता से उठाता है। उन्होंने कहा कि दैनिक भागदौड़ और कठिन परिस्थितियों के बावजूद पत्रकार जनमानस की आवाज को जिम्मेदारी से मंच प्रदान करते हैं, इसलिए उनका सम्मान आवश्यक है। मुख्य अतिथि रेलवे प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य एवं विख्यात डा0 अंजू सिंह ने कहा कि पत्रकार वह जो हर वर्ग की आवाज को जिम्मेदारी के साथ सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया लो. कतंत्र को मजबूती देने वाला एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। कार्यक्रम में शामिल सभी पत्रकारों को मंच पर आमंत्रित कर अपने-अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। पत्रकार विनोद शर्मा ने कहा कि समय के साथ पत्रका. रिता की दिशा और दशा में बड़ा बदलाव आया



है। आज पत्रकार अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए उन्हें अपनी कार्यशैली को परिस्थितियों के अनुरूप मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि विपरीत हालातों में भी मर्यादा व तथ्यों की सत्यता बनाए रखना ही पत्रकार की सबसे बड़ी पहचान है। पत्रकार सुनील सिंह ने कहा कि आज मोबाइल युग में हर हाथ में कैमरा है, लेकिन असली पत्रकार वही है जो प्रमाणिकता, जिम्मेदारी और गहन पड़ताल के बाद समाचार प्रकाशित करे। उन्होंने कहा कि समाचार की विश्वसनीयता ही पत्रकार की ताकत है। एस.के. सक्सेना ने कहा कि पत्रका. रिता का मूल उद्देश्य समाज और देशहित में कार्य करना है। कठिन परिस्थितियों, दबावों और विरोधों के बीच भी सत्य, पारदर्शिता और निष्पक्षता को कायम रखना ही पत्रकार की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि आज जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से गुजर रही है, तब पत्रकारों को अपनी लेखनी की धार को बचाए रखना अत्यंत आवश्यक है। पत्रकार पंकज शर्मा ने कहा कि समाज की सोच और दृष्टिकोण बदल रहा है, इसलिए पत्रकारिता को भी अपनी श्रेष्ठ परंपराओं को बनाए रखते हुए नए दौर की जरूरतों के अनुसार ढलना होगा। कार्यक्रम में कई पत्रकारों ने अपनी-अपनी पीड़ा और अनुभव साझा करते हुए आज की पत्रकारिता में आ रही चुनौतियों, जनता के बदलते व्यवहार और पत्रकारों से दूरी बनाए जाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा, रानी अरोड़ा, योग्यता कोहली, रेखा रस्तोगी, अंजू अरोड़ा व मीडियाकर्मियों में विनोद शर्मा, एस.के. सक्सेना, मनमोहन वार्ष्णेय, कपिल कान्त शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, पंकज शर्मा, सरफराज खान, मौ. सद्दाम, सौरभ मिश्रा, गौरव शर्मा, मयंक सक्सेना, अरविंद पाल, एस.पी. सिंह, सौरभ वार्ष्णेय, अर्पित, लक्ष्य भारद्वाज, उमाशंकर शंखधार, आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में समाजसेवी दुर्गा टंडन ने सभी पत्रकारों को धन्यवाद देते हुए कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय है और समाज का दर्पण बने रहने के लिए उनका सम्मान सभी को करना चाहिए।



# अश्लील कमेंट पर 'कमेंट'

सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया और ओटीटी पर आपत्तिजनक कमेंट के नियमन को लेकर नाराजगी जताई और सरकार से चार हफ्तों में जवाब देने को कहा है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत मिश्रा ने कहा कि अश्लीलता कहीं भी हो सकती है, किताब में भी, पेंटिंग में भी, अगर कहीं इसको लेकर नीलामी होती है, तो भी पाबंदियां होनी चाहिए। अदालत का तर्क था कि हम जाहिर है, एक सुझाव दे रहे हैं। एक समिति का गठन होना चाहिए, जो विशेषज्ञों का एक समूह हो सकता है। इसमें न्यायपालिका और मीडिया से भी कोई शामिल हो सकता है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर कुछ सामने आने दें और अगर इससे अभिव्यक्ति की आजादी बाधित होती है, तो उस पर विचार किया जा सकता है। हमें एक जिम्मेदार समाज बनाने की जरूरत है और एक बार ऐसा हो जाए, तो ज्यादातर समस्याएं हल हो जाएंगी। ये सुप्रीम कोर्ट में शायद पहला मामला आया हो, लेकिन से सही है कि अश्लील कमेंट आम लोगों को अपराध करने को उत्साहित करते हैं, जिस पर रोक लगाना जरूरी है। अभी तक इस पर न तो कोई कानून बना और न ही सभ्य समाज इन्हें बर्दाश्त करता है। अलबत्ता बीएनएस की धाराओं में कुछ ऐसा कहा गया है कि अश्लील कमेंट करने वालों को सजा दी जाएगी। ये अश्लील कमेंट समाज में एक नासूर की तरह हैं, जिनका इलाज बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारे संविधान में सभी को अपनी जिंदगी जीने का मार्ग प्रशस्त है, लेकिन जब आम जिंदगी में कोई अवरोध पैदा होता है, तो आम इंसान ही अपराधी बन जाता है। अश्लील कमेंट के बहुत कम केस ही पुलिस के पास जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद यह सिलसिला नहीं रुक रहा। आखिरकार जब आम आदमी को न्याय नहीं मिलता, तो उसकी मंजिल कोर्ट की ओर जाती है। इसीलिए इसमें कोर्ट को सख्त होना पड़ा, क्योंकि वहीं से उम्मीद जताई गई है कि इस पर सरकार कोई कानून बनाएगी और इस नासूर का इलाज कर पाएगी। क्योंकि यह तेजी से फैलने की क्षमता रखता है। सोशल मीडिया के लिए यह और भी अस्पष्ट है, क्योंकि यह सीमाओं को पार कर वैश्विक हो जाता है। बेशक, अधिकारों का गला घोंटने का विचार नहीं है, लेकिन अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ कंटेंट को व्यवस्थित करने की बेहद शक्ति है। मुख्य न्यायाधीश कांत ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था । एक्स पर एक व्यक्ति था, उसने आकर पोस्ट किया कि मैं पाकिस्तान के साथ हूं। फिर उसने कहा कि उसने एक घंटे बाद पोस्ट हटा दिया, तो क्या हुआ? नुकसान तो हो ही चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को उपयोगकर्ता-जनित सामग्री, सोशल मीडिया/ओटीटी सामग्री से निपटने के लिए नियम बनाने हेतु चार हफ्ते का समय दिया। आम आदमी के अंदर उठ रहे गंदे और अश्लील विचारों को कैसे रोका जाए। इसके लिए कुछ बातों का जानना बहुत जरूरी है। जैसे अश्लील और नकारात्म विचार न केवल हमारे मानसिक शांति को भंग करते हैं, बल्कि हमारे आत्मिकता और रिश्तों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। आजकल अश्लीलता बहस का एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। सोशल मीडिया हो, मुख्य धारा की सिनेमा हो या फिर बेवसीरीज हर जगह इसे सामान्य रूप से देखा जा रहा है। पर इस के बारे में कानून क्या कहता है? क्या अश्लीलता रोकने के लिए कोई कानूनी है? अगर है तो क्या यह पर्याप्त है? उससे भी बड़ी बात यह कि अश्लीलता है क्या? हालांकि अश्लीलता को कानून ने पारिभाषिक रूप से 'महिलाओं का अशिष्ट चित्रण' का नाम देकर उसे परिभाषित करने का प्रयास किया है, पर इस बारे में सबसे बड़ी व्यावहारिक समस्या यह है कि यह एक व्यक्तिगत चीज है। किसी व्यक्ति को कोई चीज अश्लील या अशिष्ट लग सकती है जबकि दूसरे को नहीं।

## लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर



भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में इस भ्रम में है कि काम के दबाव में किसी की मृत्यु होने पर न तो वे अपनी व्यवस्था सुधारेंगे, न ही कोई मुआवजा देंगे, चुनाव आयोग से अपील है कि मृतक आश्रितों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए, समाजवादी पार्टी मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, बीएलओ भाई-बहनों पर एसआईआर का अव्यावहारिक एवं असंभव लक्ष्य थोपकर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह अत्यंत निंदनीय और घोर आपत्तिजनक है, भाजपा राज में कर्मचारियों को प्रताड़ना, दबाव और अशांति के अलावा कुछ नहीं मिला है, भाजपा ने नई नौकरियां नहीं दीं और जो मौजूदा व्यवस्थाएं हैं, उन्हें इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर हों। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# सदैव आकर्षण का केंद्र रहा है लाल ग्रह





योगेश कुमार गोयल

**मंगल ग्रह के चारों ओर कोई वलय नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चल चुका है कि मंगल ग्रह पृथ्वी की स्थलाकृति से काफी मिलता-जुलता है। मंगल ग्रह पर पृथ्वी की तरह अलग-अलग मौसम हैं लेकिन वे पृथ्वी पर मौसम की तुलना में अधिक समय तक रहते हैं। चूंकि मंगल ग्रह के बहुत से गुण पृथ्वी की तरह ही हैं, इसीलिए पृथ्वी के पर्यावरण की तरह मंगल के पर्यावरण को समझकर यह माना जाता है कि बहुत साल पहले मंगल ग्रह पर भी जीवन संभव हुआ होगा और यह भी माना जाता है कि भविष्य में भी मंगल ग्रह पर जीवन संभव है। सूर्य से बहुत दूर होने के कारण मंगल की कक्षा पूरी होने की गति बहुत धीमी है और इसी कारण मंगल ग्रह पर एक वर्ष में करीब 687 दिन बीतेंगे, जो पृथ्वी पर एक वर्ष से लगभग दोगुना समय है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में मंगल ग्रह को 1.88 पृथ्वी वर्ष लगते हैं। मंगल ग्रह का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव पृथ्वी का करीब एक-तिहाई है और गुरुत्वाकर्षण के विभिन्न खिंचाव के परिणामस्वरूप ही यदि किसी व्यक्ति का वजन पृथ्वी पर सौ पाउंड है तो अंतरिक्ष में उसका वजन केवल 38 पाउंड ही होगा।**

वैसे तो रात होते ही आसमान में बहुत सारे तारे टिमटिमाते नजर आते हैं लेकिन इंसानों के लिए पृथ्वी के बगल में सदा से ही आकर्षण का केन्द्र रहा एक खूबसूरत लाल ग्रह मौजूद है, जिसे रेड प्लेनेट अथवा मंगल के नाम से जाना जाता है। मंगल ऐसा ग्रह है, जो रात के समय लाल रंग का दिखाई देता है। इसी लाल ग्रह के बारे में और अधिक जानने के लिए प्रतिवर्ष 28 नवम्बर को लाल ग्रह दिवस (रेड प्लेनेट डे) मनाया जाता है। यह दिवस 28 नवम्बर 1964 को नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) द्वारा अंतरिक्ष यान मेरिनर-4 के प्रक्षेपण की याद में मनाया जाता है, जो कई असफल मिशनों के बाद मंगल ग्रह पर उतरने वाला पहला अंतरिक्ष यान था। करीब आठ महीने की यात्रा करने के बाद यह अंतरिक्ष यान 14 जुलाई 1965 को लाल ग्रह पर पहुंचा था। 28 नवम्बर 1964 को नासा ने जब पहली बार मेरिनर-4 रोबोटिक इंटरप्लेनेटरी प्रो लांच किया था, तब अनौपचारिक छुट्टी की घोषणा की गई थी और सभी ने नासा की इस सफलता को उत्साहपूर्वक मनाया था। मेरिनर-4 को फ्लाई-बाय के दौरान डेटा एकत्र करने, ग्रहों की खोज और मंगल ग्रह के वैज्ञानिक अवलोकन को सक्षम करने तथा उस डेटा को पृथ्वी पर लोगों को वापस रिले करने के लिए बनाया गया था। अपने 228 दिनों के सफर को सफलतापूर्वक तय करने के बाद मेरिनर-4 पहला ऐसा स्पेसक्राफ्ट बना था, जिसे नासा द्वारा मंगल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतारा गया था। उसी स्पेसक्राफ्ट ने मंगल ग्रह की तस्वीरें पहली बार दुनिया के सामने प्रस्तुत की थी।

अब तक 14 मंगल मिशन सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जहां मानव निर्मित वस्तुएं इस ग्रह पर उतरी। भारत भी इसरो के जरिए मंगल ऑर्बिट तक पहुंचने के अपने मंगल मिशन में सफल हो चुका है। मंगल को जानने के लिए अब तक दुनियाभर में शुरू किए गए दो तिहाई अभियान असफल रहे हैं लेकिन भारत 24 सितम्बर 2014 को मंगल पर पहुंचने के साथ ही विश्व में अपने पहले ही प्रयास में सफल होने वाला पहला देश तथा सोवियत रूस, नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद मंगल पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बना था। सूर्य से चौथा ग्रह लाल ग्रह यानी मंगल है और मंगल तथा पृथ्वी का गहरा संबंध माना जाता रहा है। मंगल ग्रह पृथ्वी के आकार का लगभग आधा है और अपने साथी स्थलीय ग्रहों की ही तरह इसमें भी एक केन्द्रीय कोर, एक चट्टानी आवरण और एक ठोस परत है। धूल भरी, ठंडी, रेगिस्तानी दुनिया में इसका वातावरण बहुत पतला है। मौसमों, ध्रुवीय बर्फ की चोटियों, घाटियों, विलुप्त ज्वालामुखी और इस बात के प्रमाण होने के साथ-साथ कि यह एक समय और भी अधिक सक्रिय था, मंगल एक गतिशील ग्रह है। पृथ्वी की तुलना में सूर्य से अधिक दूरी के कारण, मंगल ग्रह पर ऐसे मौसम का अनुभव होता है, जो अत्यधिक तापमान से बना होता है और तापमान -191 डिग्री फारेनहाइट से 81 डिग्री तक जा सकता है। लाल ग्रह के बारे में जानने के लिए कई एस्ट्रोनॉमी क्लब की भी शुरुआत की गई है, जो मंगल ग्रह से जुड़ी जानकारियों को एक-दूसरे से बांटने का काम करते हैं।


मंगल ग्रह के चारों ओर कोई वलय नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चल चुका है कि मंगल ग्रह पृथ्वी की स्थलाकृति से काफी मिलता-जुलता है। मंगल ग्रह पर पृथ्वी की तरह अलग-अलग मौसम हैं लेकिन वे पृथ्वी पर मौसम की तुलना में अधिक समय तक रहते हैं। चूंकि मंगल ग्रह के बहुत से गुण पृथ्वी की तरह ही हैं, इसीलिए पृथ्वी के पर्यावरण की तरह मंगल के पर्यावरण को समझकर यह माना जाता है कि बहुत साल पहले मंगल ग्रह पर भी जीवन संभव हुआ होगा और यह भी माना जाता है कि भविष्य में भी मंगल ग्रह पर जीवन संभव है। सूर्य से बहुत दूर होने के कारण मंगल की कक्षा पूरी होने की गति बहुत धीमी है और इसी कारण मंगल ग्रह पर एक वर्ष में करीब 687 दिन बीतेंगे, जो पृथ्वी पर एक वर्ष से लगभग दोगुना समय है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में मंगल ग्रह को 1.88 पृथ्वी वर्ष लगते हैं। मंगल ग्रह का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव पृथ्वी का करीब एक-तिहाई है और गुरुत्वाकर्षण के विभिन्न खिंचाव के परिणामस्वरूप ही यदि किसी व्यक्ति का वजन पृथ्वी पर 100 पाउंड है तो अंतरिक्ष में उसका वजन केवल 38 पाउंड ही होगा। यह जानना भी बहुत दिलचस्प है कि मंगल ग्रह को लाल ग्रह क्यों कहा जाता है? दरअसल यह आकाश में एक लाल सितारे के रूप में दिखाई देता है और इसकी सतह भी महीन रेत और आयरन ऑक्साइड से भरी धूल से ढ़की हुई होती है। मंगल ग्रह की सतह पर पाए जाने वाले तत्वों के कारण ही यह ग्रह लाल रंग का है। नासा के मुता. बिक मंगल की सतह पर आयरन ऑक्साइड की बहुत अधिक मात्रा में मौजूदगी है और वैज्ञानिकों के अनुसार जिस प्रकार ऑक्सीजन तथा नमी के सम्पर्क में आने पर पृथ्वी पर लोहे की वस्तुओं पर जंग लग जाती है, ठीक उसी प्रकार मंगल की मिट्टी में मौजूद लौह खनिज में जंग लग गया है और उसी कारण यह लाल नजर आती है। मंगल की सतह पर काफी मात्रा में लोहा है और जब यह ऑक्सीजन के अणुओं के साथ क्रिया करता है तो आयरन ऑक्साइड बनाता है, जिसे आम भाषा में जंग लगना भी कहते हैं। पृथ्वी अपने वायुमंडल के कारण नीले रंग की दिखाई देती है लेकिन मंगल का जंग जैसा लाल रंग इसकी मिट्टी में ऑक्सीकृत लोहे के कारण आता है। नासा के मुता. बिक मंगल ग्रह पर बहुत सारी चट्टानें लोहे से भरी हुई हैं और जब वे बाहरी वातावरण के सम्पर्क में आती हैं तो ऑक्सीकरण करती हैं और लाल हो जाती हैं। जब उन चट्टानों से जंग लगी धूल वायुमंडल में फैलती है तो इससे मंगल ग्रह का आकाश लाल या गुलाबी दिखने लगता है। आयरन ऑक्साइड अथवा आयरन रस्ट की मात्रा बहुत ज्यादा होने के कारण ही मंगल ग्रह लाल रंग का दिखाई देता है और इसीलिए इसे लाल ग्रह कहा जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अब खून बताएगा थकान की असली वजह

CFS दुनियाभर में लगभग 1.7 से 2.4 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन कोई निश्चित जांच न होने के कारण इसे अक्सर पहच. ाना नहीं जाता या अन्य बीमारियों के साथ जोड़ लिया जाता है। मरीज न केवल अत्यधिक थकान से जूझते हैं, बल्कि बदन दर्द, नींद की समस्याएं और एकाग्रता में कठिनाई का सामना भी करते हैं। डॉ. दिमित्रि पीशेजेत्स्की की शोध टीम ने एक विशेष एपिजेनेटिक परीक्षण का इस्तेमाल किया, जिससे यह पता लगाया गया कि प्रतिरक्षा कोशिकाओं के अंदर डीएनए कैसे व्यवस्थित होता है। 47 गंभीर मरीजों और 61 स्वस्थ लोगों के रक्त नमूनों की तुलना में इस परीक्षण ने 96 प्रतिशत मामलों में सही पहचान की, जिससे इसके भविष्य में शक्तिशाली नैदानिक विधि बनने की संभावना है।

वैज्ञानिक अब खून की एक सरल जांच विकसित करने के करीब हैं, जिससे क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम CFS या मायाल्जिक एन्सेफेलोमेलाइटिस ME का निदान आसानी से किया जा सकेगा। ब्श्रै की वजह से लाखों लोग वर्षों तक लगातार थकान और ऊर्जा की कमी से पीड़ित रहते हैं। ब्रिटेन स्थित युनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया के शोधकर्ताओं के नए अध्ययन में पाया गया कि ME/CFS से पीड़ित लोगों की रक्त कोशिकाओं में एपिजेनेटिक बदलाव होते हैं। ये ऐसे रासायनिक परिवर्तन हैं जो जीन के काम करने के तरीके को प्रभावित करते हैं, हालांकि जीन की संरचना में कोई बदलाव नहीं होता। दशकों से पहेली बनी इस बीमारी के निदान के लिए यह खोज एक भरोसेमंद परीक्षण विकसित करने में मदद कर सकती है।



गौरतलब है कि CFS दुनियाभर में लगभग 1.7 से 2.4 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन कोई निश्चित जांच न होने के कारण इसे अक्सर पहचाना नहीं जाता या अन्य बीमारियों के साथ जोड़ लिया जाता है। मरीज न केवल अत्यधिक थकान से जूझते हैं, बल्कि बदन दर्द, नींद की समस्याएं और एकाग्रता में कठिनाई का सामना भी करते हैं। डॉ. दिमित्रि पीशेजेत्स्की की शोध टीम ने एक विशेष एपिजेनेटिक परीक्षण का इस्तेमाल किया, जिससे यह पता लगाया गया कि प्रतिरक्षा कोशिकाओं के अंदर डीएनए कैसे व्यवस्थित होता है। 47 गंभीर मरीजों और 61 स्वस्थ लोगों के रक्त नमूनों की तुलना में इस परीक्षण ने 96 प्रतिशत मामलों में सही पहचान की, जिससे इसके भविष्य में शक्तिशाली नैदानिक विधि बनने की संभावना है।

अध्ययन में पाया गया कि जीन और एपिजेनेटिक स्तर पर बदलाव प्रतिरक्षा और शोथ प्रतिक्रिया से जुड़े हैं, जो ME/CFS में प्रतिरक्षा प्रणाली के असंतुलन का संकेत देते हैं। यह बदलाव नॉन-कोडिंग डीएनए में पाए गए, जो प्रोटीन नहीं बनाते बल्कि अन्य जीन के चालू या बंद होने को नियंत्रित करते हैं। यह अध्ययन एक बड़ी सफलता है, लेकिन विशेषज्ञों ने और शोध की आवश्यकता जताई है। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी की डॉ. केटी ग्लास, जो स्वयं कभी ME/CFS से पीड़ित रही हैं, ने इसे सराहा लेकिन कहा है कि यह अध्ययन बहुत छोटे स्तर पर हुआ है, इसलिए इसे अभी निदान के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता। फिर भी यह लंबे समय से इस अबूझ बीमारी से जूझ रहे लाखों लोगों के लिए उम्मीद जगाती है।

**स्रोत फीचर्स**

# गाजा का पुनर्निर्माण: वैज्ञानिकों की क्या है भूमिका

गाजा में हालिया युद्धविराम की घोषणा के बाद एक ओर तो लोग खुशियां मना रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक फिलिस्तीन के स्थानीय वैज्ञानिक, शिक्षक और योजनाकार पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी नहीं संभालते, तब तक गाजा को फिर से खड़ा करना मुश्किल होगा। यह चेतावनी उन शोधकर्ताओं की है जो युद्ध के बाद पुनर्निर्माण और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हैं। उनका मानना है कि यदि यह काम विद. ेशी संस्थाओं या सरकारों के हाथों में दिया गया, तो पहले जैसी गलतियां दोहराई जा सकती हैं और असली जानकार यानी जो अपनी जमीन और समाज की जरूरतों को समझते हैं वे पीछे रह जाएंगे।

गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा तैयार और इस्राइल द्वारा मंजूर की गई योजना के तहत, हमास द्वारा अपने हथियार डालने, बंधकों को रिहा करने और राजनीति से पीछे हटने की उम्मीद है। बदले में इस्राइल अपनी सैन्य कार्रवाई रोकने, सेना को गाजा से हटाएगा, मानवीय सहायता बढ़ाने और संयुक्त राष्ट्र को क्षेत्र में काम करने की अनुमति देगा। हालांकि इस योजना में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि गाजा का पुनर्निर्माण कैसे होगा और उससे भी महत्वपूर्ण कि कौन करेगा।

अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इस्राइल के सैन्य अभियान ने गाजा को पूरी तरह तबाह कर दिया। अगस्त के अंत तक सहायता पर लगे प्रतिबंधों के कारण लोगों को खाने की भारी कमी का सामना करना पड़ा। एक स्वतंत्र समिति की रिपोर्ट के अनुसार, पांच लाख से अधिक लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं। वहीं, दी लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार पांच साल से छोटे लगभग 55,000 बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार हैं। मानव संसाधन के स्तर पर भी स्थिति बहुत खराब है। 2200 से अधिक डॉक्टर्स, नर्सें और शिक्षक मारे जा चुके हैं। युनेस्को के अनुसार, लगभग 80 प्रतिशत विश्वविद्यालय और कॉलेज या तो क्षतिग्रस्त हो गए हैं या पूरी तरह ढह गए हैं, जिससे करीब 88,000 विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी है। दक्षिण अफ्रीका स्थित नेल्सन मंडेला यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता सावो हेलीटा का अनुमान है कि युद्ध में गाजा के उच्च शिक्षा क्षेत्र को लगभग 222 मिलियन डॉलर (1950 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि इसे दोबारा खड़ा करने में करीब एक अरब डॉलर लग सकते हैं, क्योंकि निर्माण से पहले मलबा हटाना और बमों को निष्क्रिय करना होगा। इस काम के लिए आवश्यक सहायता राशि मुख्य रूप से खाड़ी देशों और तुर्की से मिलने की संभावना है। हालांकि पहले के वर्षों में फिलिस्तीनी विश्वविद्यालयों को सालाना लगभग 20 मिलियन डॉलर की बहुत कम आर्थिक सहायता मिलती थी। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि पुनर्निर्माण केवल इमारतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसके साथ में ऑनलाइन शिक्षा को जारी रखना होगा, विद्यार्थियों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा और गाजा के शोधकर्ताओं को दुनिया के शैक्षणिक समुदाय से दोबारा संपर्क बनाना होगा। चूंकि गाजा के अधिकांश विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की फीस पर निर्भर हैं, ऐसे में सुझाव है कि अंतर्राष्ट्रीय



सहायता से फीस भरी जाए ताकि विश्वविद्यालय पुनर्निर्माण के दौरान भी चलते रहें।

**स्थानीय विशेषज्ञता की ताकत**

विशेषज्ञों का मानना है कि गाजा के पुनर्निर्माण का नेतृत्व उन्हीं फिलिस्तीनियों को करना चाहिए जो अपनी जमीन, संस्कृति और समाज को सबसे अच्छी तरह जानते हैं। गाजा के शिक्षाविदों के पास अपनी धरती और लोगों की अनोखी और गहरी समझ है, जिसे कोई बाहरी व्यक्ति नहीं समझ सकता। इसके अलावा गाजा के माहौल को फिर से बसाने में उन लोगों की भागीदारी जरूरी है जो वहां रहेंगे और इसके परिणामों को झेलेंगे। इलाके के भविष्य से जुड़े फैसले उन्हीं समुदायों से आने चाहिए जो सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प की पुनर्निर्माण योजना के तहत, गाजा की सार्वजनिक सेवाएं एक तकनीकी समिति चलाएगी, जिसमें कुछ फिलिस्तीनी और कुछ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ होंगे।

इस समिति की निगरानी बोर्ड ऑफ पीस नामक एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय करेगा, जिसका नेतृत्व खुद ट्रम्प करेंगे और जिसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी शामिल होंगे। कई विशेषज्ञों के लिए यह व्यवस्था काफी चिंताजनक है, क्योंकि उन्हें डर है कि इससे फिलिस्तीनी नेतृत्व को नजरअंदाज किया जा सकता है। कतर स्थित हमद बिन खलीफा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सुल्तान बराकात चेतावनी देते हैं कि अगर यह समिति कब्जे का प्रबंधन बनकर रह गई, तो कई सम्मानित शिक्षाविद इसमें शामिल होने से इंकार कर देंगे। असली पुनर्निर्माण तभी संभव है जब फिलिस्तीनियों को योजना बनाने से लेकर शिक्षा और पर्यावरण सुधार तक में नेतृत्व और अधिकार दिया जाए। इसी तरह का विचार गाजा यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष और शोधकर्ता फरीद अल-कीक का भी है जिन्होंने युद्धविराम के जश्न के दौरान कहा कि आज खुशी और उम्मीद का दिन है, लेकिन गाजा का भविष्य गाजा के लोगों के हाथों से ही बनना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**

# नहीं कम हो रहीं शेख हसीना की मुश्किलें

## बांग्लादेश की कोर्ट ने अपदस्थ प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल की सजा सुनाई

**ढाका।** बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल जेल की सजा सुनाई। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस ने बताया कि ये तीनों मामले पुरबाचोल में राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट बांटने में कथित गड़बड़ियों को लेकर दर्ज किए गए थे। जज ने दोषी की गैरमौजूदगी में यह फैसला सुनाया क्योंकि उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसकी गैरमौजूदगी में ही उस पर मुकदमा चलाया गया था।

बता दें कि शेख हसीना को हर मामले में सात साल की सजा सुनाई गई, यानी कुल 21 साल जेल। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि शेख हसीना को प्लॉट बिना किसी अर्जी के और कानूनी तौर पर तय अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर दिया गया था। बांग्लादेश एंटी-करप्शन कमीशन (एसीसी) ने इस साल जनवरी में शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ छह अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। आरोप था कि उन्होंने ढाका के पूर्वाचल इलाके में सरकारी प्लॉटों का अवैध रूप से आवंटन किया। आज जिन तीन मामलों में फैसला आया है, बाकी तीन मामलों का फैसला 1 दिसम्बर को सुनाया जाएगा। वहीं इस मामले में शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय को पांच साल की कैद और एक लाख टका जुर्माना और उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल को भी पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। शेख हसीना और उनके परिवार की ओर से किसी भी मामले में कोई वकील मौजूद नहीं था, क्योंकि वे लंबे समय से फरार हैं। हालांकि, वे कई बयानों में भ्रष्टाचार के सभी आरोपों को झूठा और राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। इससे पहले ह बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूद अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने शेख हसीना को मानवता विरोधी अपराधों के आरोप में फांसी की सजा सुनाई थी। यह आरोप जुलाई 2024 में सरकार विरोधी आंदोलनों को दबाने के दौरान हुई हिंसा से जुड़े हैं। इसी बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत से शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध किया है। भारत ने बताया कि यह अनुरोध मिल चुका है और उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच किया जा रहा है। इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश के लोगों की शांति, लोकतंत्र और स्थिरता के हितों के अनुसार इस पूरे मामले पर विचार कर रहा है और सभी पक्षों से बातचीत जारी रखेगा।



■ शेख हसीना और उनके परिवार की ओर से किसी भी मामले में कोई वकील मौजूद नहीं था

# इंडोनेशिया ने 12 बीएनटी-250 बमों का सफलतापूर्वक किया परीक्षण

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई वायु सेना ने अमेरिकी निर्मित हथियारों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से घरेलू स्तर पर निर्मित बीएनटी-250 बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जकार्ता पोस्ट अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एयरबेस कमांडर मुचतादी अंजार लेगोवो ने कहा कि ये परीक्षण तकनीकी डेटा एकत्र करने और बम के परिचालन प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए किए गए थे। उन्होंने बताया कि तीसरे एयर स्क्वाड्रन के पायलटों ने 18 नवम्बर को कुल 12 बीएनटी-250 बमों से लैस दो एएफ-16 एम लड़ाकू विमानों को लॉन्च किया। प्रत्येक विमान ने आठ बम विस्फोट किए।




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब रहने के कारण ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह में कर्तव्य पथ पर एक साइकिल चालक।

# भारत-इंडोनेशिया ने समृद्ध हिन्द प्रशांत के लिए प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के अधिकार पर आधारित मुक्त, खुले, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिन्द प्रशांत के महत्व को दोहराते हुए इसके लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर भी सहमति व्यक्त की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री सज़ाफ़री सज़ामसोएद्दीन के साथ तीसरे भारत-इंडोनेशिया रक्षा मंत्री संवाद की सह-अध्यक्षता की। बैठक में दोनों देशों ने दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की पुष्टि की।

# जी-20 सदस्यता हमारा अधिकार अपमान बर्दाश्त नहीं: रामाफोसा

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति साइरिल रामाफ़ोसा ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान पर अपना रुख साफ़ करते हुए कहा है कि उनका देश 'अपने अधिकार से' जी-20 का सदस्य है और सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्हें किसी देश के मशवरे की ज़रूरत नहीं है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने कहा था कि वह दक्षिण अफ्रीका को 2026 में फ्लोरिडा में होने वाले जी-20 सम्मेलन में आमंत्रित नहीं करेंगे। इसके जवाब में रामाफोसा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अपने नाम और अधिकार से जी-20 का सदस्य है। उसकी जी-20 सदस्यता सभी सदस्य राष्ट्रों की मंज़ूरी से है। दक्षिण अफ्रीका एक स्वायत्त संवैधानिक लोकतांत्रिक देश है और वैश्विक मंचों में सदस्यता एवं अधिकार के संबंध में किसी अन्य देश से अपमान स्वीकार नहीं करता है। उन्होंने एक बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका हर देश की संप्रभुता का सम्मान करता है और वैश्विक समुदाय में किसी देश का या उसकी उपस्थिति और योग्यता का अपमान नहीं करेगा।

# इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह

## जेल प्रशासन बोला: पूर्व पीएम की तबीयत ठीक, समर्थक मुलाकात पर अड़े, बहनें बोलीं: सच बताएं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह तेज हो गई है। इमरान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। पिछले 3 हफ्तों से इमरान की बहनें उनसे मिलने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जेल प्रशासन इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। इसके चलते से इमरान की खराब सेहत के कयास लगाए जा रहे हैं। इमरान की बहनों ने सरकार से सच बताने की मांग की है। तनाव बढ़ने के बाद जेल प्रशासन ने कहा है कि इमरान खान की तबीयत बिल्कुल ठीक है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने भी इमरान की सेहत के बारे में हाल की अफवाहों के बारे में सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही प्रशासन से पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार के बीच मुलाकात की व्यवस्था करने की मांग की है। इमरान की बहन अलीमा खान मंगलवार रात रावलपिंडी की अडियाला जेल के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुईं। पीटीआई ने आरोप लगाया है कि विदेशी सोशल मीडिया अकाउंट्स से इमरान की मौत तक की खबरें फैलाई जा रही हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। पार्टी ने सख्त चेतावनी दी है कि इमरान खान की सुरक्षा, स्वास्थ्य और संवैधानिक अधिकारों की जिम्मेदारी सीधे सरकार पर है। अगर कोई अनहोनी हुई तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीटीआई ने अफवाह फैलाने वालों की जांच कराने की भी मांग की। इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डॉ. उज्मा खान पिछले कई दिनों से अडियाला जेल के बाहर धरना दे रही हैं, लेकिन उन्हें भाई से मिलने की अनुमति नहीं मिली। उनकी बहनों ने आरोप लगाया कि धरने के समय उन पर लाठीचार्ज किया गया और सड़क पर खींचकर घसीटा गया। उन्होंने इसे क्रूरता बताया और कहा है कि यह सब इमरान को परिवार से अलग करने की साजिश का हिस्सा है। अडियाला जेल में हर मंगलवार को कैदियों से मुलाकात की इजाजत मिलती है। इमरान खान के परिवार और पीटीआई नेताओं का कहना है कि उन्हें कई हफ्तों से खान से मुलाकात करने नहीं दी गई। बीते मंगलवार को भई बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ता इमरान खान को देखने पहुंचे, लेकिन जेल प्रशासन ने किसी को भी उनसे मिलने नहीं दिया। इससे लोगों की चिंता और भी बढ़ गई। इसके बाद मंगलवार रात सोशल मीडिया पर 'इमरान खान कहां हैं', ट्रेंड करने लगा। इसके बाद बुधवार को अदियाला जेल के बाहर भारी संख्या में पीटीआई समर्थक जुटे। इस बीच, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इमरान की जेल सुविधाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इमरान के पास जेल में टीवी है, बाहर से खाना आता है और जिम इक्विपमेंट भी मौजूद है। आसिफ ने कहा कि जब वो जेल में बंद थे तो उनके पास सिर्फ दो कंबल होते थे। उन्होंने बताया कि हम ठंडे फर्श पर सोते थे और जेल में बना खाना ही खाते थे। हमें गर्म पानी भी नहीं मिलता था। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान के पास डबल बेड और मखमली बिस्तर है। दावा किया कि जेल अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उनकी देखभाल करते हैं। आसिफ ने कहा कि इमरान पर उनके समर्थकों को झूठ बोलने से पहले खुदा से डरना चाहिए। मार्च 2025 में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान को परिवार और वकीलों से नियमित मुलाकात की मंजूरी दी थी, लेकिन जेल प्रशासन आदेश का पालन नहीं कर रहा।



■ इमरान को कुछ हुआ, तो बर्दाश्त नहीं करेंगे: पीटीआई, इमरान जेल में मखमली बिस्तर पर सोते हैं: रक्षा मंत्री

## एक हिंदू के सामने हमारे 90 हजार फौजियों ने सरेंडर किया: पाकिस्तान के पूर्व सांसद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सांसद और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के प्रमुख फजल-उर-रहमान ने रविवार को एक रैली में कहा कि सेना देश की लगातार बेइज्जती करा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 1971 की जंग में पाकिस्तान की सेना ने एक हिंदू (भारतीय जनरल) के सामने 90 हजार से ज्यादा सैनिकों के साथ सरेंडर किया था और पूरे मुल्क की इज्जत मिट्टी में मिला दी। उनके मुताबिक, पाकिस्तान ने दुनिया के सामने अपना चेहरा उसी दिन जला लिया था। मौलाना ने कहा कि देश को मिली उस शर्मनाक हार से पाकिस्तान आज तक उबर नहीं पाया है, क्योंकि उसी मानसिकता के फैसले आज भी जारी हैं।

# भारत-यूएई व्यापार 100 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच का व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ सौ अरब डॉलर के स्तर को पार कर 100.06 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत-यूएई सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के अंतर्गत संयुक्त समिति की राजधानी में हुई तीसरी बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में हुई तीव्र वृद्धि का स्वागत किया।

भारत की ओर से बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के अपर सचिव अजय भादू और यूएई के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कार्य सहायक अवर सचिव जुमा अल कैत ने की। दोनों पक्षों ने वर्ष 2030 तक गैर-तेल और गैर कीमती धातु व्यापार को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने के लक्ष्य की ओर अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में पक्षों के बीच व्यापार सुगमता, नियामक सहयोग, डेटा साझाकरण को मज़बूत करने और सेवा उपसमिति की बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। यूएई भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों में है। भारत-यूएई संयुक्त आयोग द्विपक्षीय व्यापार में प्रगति की समीक्षा, चुनौतियों का समाधान और सीईपीए को लागू करने के लिए प्राथमिक संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य करता है। वाणिज्य मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दोनों पक्षों ने सीईपीए के अंतर्गत प्रगति की व्यापक समीक्षा की। बैठक में बाजार में प्रवेश से जुड़े मुद्दों, डेटा के आदान-प्रदान, सोने के व्यापार में शुल्क-दर आधारित मात्रात्मक आयात कोटा (स्वर्ण टीआरक्यू) के आवंटन, डंपिगरोधी मामलों, सेवाओं, उत्पत्ति के नियमों, बीआईएस लाइसेंसिंग आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने पारदर्शी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से स्वर्ण टीआरक्यू आवंटित करने के अपने हालिया निर्णय के बारे में भी यूएई को जानकारी दी।



■ यूएई भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों में है

# चीन में 15 साल बाद सबसे बड़ा ट्रेन हादसा

## ट्रैक पर काम कर रहे लोगों को ट्रेन ने मारी टक्कर

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी प्रांत युन्नान में गुरुवार सुबह रेल हादसा में 11 रेलवे कर्मचारियों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक टेस्ट ट्रेन, जो भूकंप से जुड़े इक्विपमेंट की जांच कर रही थी, अचानक उन कर्मचारियों से टकरा गई।

हादसा कुनमिंग शहर के लुओयांगजेन रेलवे स्टेशन पर हुआ, जहां रेलवे कर्मचारी एक टर्निंग ट्रैक वाले हिस्से में काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन उसी ट्रैक पर आ गई और टक्कर हो गई। यह 2011 में हुए ट्रेन हादसे के बाद दूसरी सबसे बड़ी दुर्घटना है। तब ट्रेन हादसे में 40 लोगों की मौत हुई थी। घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। चीन के सरकारी टीवी चौनल सीसीटीवी के मुताबिक, टेस्ट ट्रेन नंबर 55537 साइज्मिक (भूकंप मापने वाले) इक्विपमेंट की जांच के लिए चल रही थी। हादसे के तुरंत बाद रेलवे और लोकल प्रशासन ने इमरजेंसी रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। कुनमिंग रेलवे अथॉरिटी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीड़ितों और उनके परिवारों के संवेदना जाहिर की है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क चलाता है, जिसकी लंबाई 160000 किलोमीटर से ज्यादा है और हर साल इसमें अरबों लोग टैवल करते हैं। चीन की रेल सर्विस को तेज और सुविधाजनक माना जाता है, लेकिन पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं। 2011 में झेजियांग प्रांत में हुई एक दुर्घटना में 40 लोगों की मौत हुई थी। 2021 में गांसू प्रांत में भी एक ट्रेन ने कर्मचारियों को टक्कर मारी थी, जिसमें 9 लोग मारे गए थे। चीन अपनी हाई-स्पीड रेल को दुनिया की सबसे सुरक्षित और आधुनिक ट्रेन सेवा के रूप में पेश करता है। यह दावा काफी हद तक सही भी है, क्योंकि हाई-स्पीड ट्रेनें अपने मुख्य रूटों पर ऑटोमैटिक सिस्टम पर चलती हैं और वहां मानव गलती की गुंजा. इश बहुत कम रहती है। असली खतरा वहां पैदा होता है, जहां इन ट्रेनों के ट्रैक की मरम्मत, तकनीकी जांच या टेस्टिंग का काम चल रहा होता है।

■ 11 की मौत, दो घायल

# श्रीलंका में बारिश, भूस्खलन से मरने वों की संख्या 31 हुई

**कोलंबो।** हाल के वर्षों में सबसे खतरनाक प्राकृतिक आपदा से गुज़र रहे श्रीलंका में भारी बारिश और कई भूस्खलनों के बाद 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कम से कम 14 लोग गायब हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

डीएमसी ने अपने बयान में कहा कि इस आपदा के कारण हज़ारों की संख्या में लोग बेघर हो चुके हैं। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस मौसम ने 17 जिलों के 1158 परिवारों का जीवन प्रभावित किया है। डीएमसी ने कहा कि 10 लोग घायल हुए हैं। तीन घर पूरी तरह तबाह हो चुके हैं जबकि 381 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। कम से कम 131 लोगों को अस्थाई सुरक्षा केंद्रों में विस्थापित किया गया है। बदुल्ला जिले में सबसे ज्यादा 18 लोग मारे गए हैं, जबकि केगल्ला में सात लोगों ने अपनी जान गंवाई है। नुवारा एलिया में इस मौसम के कारण चार लोगों का निधन हुआ है।

डीएमसी ने बताया कि हंबनटोटा और कुरुनेगला में एक-एक व्यक्ति की जान जाने की खबर है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ के अलावा सड़कें बंद होने का भी खतरा है। खासकर केंद्रीय और पहाड़ी क्षेत्रों में। बिगड़ते हालात के बीच यहां परीक्षा विभाग ने गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को होने वाली विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओं को स्थगित करने की घोषणा की है।

# हांगकांग के ताइ पो में लगी आग

## 65 लोगों की मौत, 279 लोग लापता

हांगकांग। हांगकांग के ताइ पो जिले में आवासीय इमारत में आग लगने से कम से कम 65 लोगों की मौत हो गई है और 279 लोग अभी भी लापता हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव दल ऊंची इमारतों की तलाशी ले रहे हैं, जिनमें अभी भी आग लगी हुई है। इस कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में बुज़ुर्ग लोग रहते हैं, जिससे मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

अधिकारियों ने तीन लोगों को गैर-इरादतन हत्या के शक में गिरफ्तार किया है, उन पर आग लगने से जुड़ी 'बड़ी लापरवाही' का आरोप है। उनके शामिल होने के बारे में अभी तक जानकारी नहीं दी गई है। हांगकांग के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव जॉन ली ने कहा है कि आने वाले लेजिस्लेटिव काउंसिल (लेगको) चुनावों से पहले सभी चुनाव प्रचार गति. विधियों को रोक दिया गया है। सरकार आपदा प्रतिक्रिया को प्राथमिकता दे रही है। रेडियो टेलीविज़न हांगकांग के मुताबिक शहर के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव जॉन ली ने सुबह एक ब्रीफ़िंग में पत्रकारों से कहा कि सबसे पहली प्राथमिकता आग बुझाना और फंसे हुए लोगों को बचाना है। दूसरा काम घायलों का इलाज करना है, तीसरा उसके बाद के हालात को संभालना है और फिर हम पूरी जांच करेंगे। पब्लिक ब्रॉडकास्टर आरटीएचके के मुताबिक ली ने पत्रकारों से कहा कि हमने लेगको चुनावों के लिए प्रमोशनल एक्टिविटीज़ और फ़ोरम रोक दिए हैं। सरकार इस बड़ी मुसीबत से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब हमारी प्राथमिकता आग पर काबू पाना है। आग की खबरें चीन में सोशल मीडिया पर छाई रहीं पोस्ट को एक अरब से जयादा बार देखा गया।



# रूस जंग खत्म करने को तैयार नहीं: जर्मनी

## देश का रक्षा बजट बढ़ाने का ऐलान, कहा: 2029 तक नाटो पर हमला कर सकते हैं पुतिन

**बर्लिन।** जर्मनी ने रूस पर आरोप लगाया है कि वह यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए किसी तरह का समझौता करने को तैयार नहीं दिख रहा है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने संसद में कहा कि रूस ने यूक्रेन के लिए तैयार की गई नई शांति योजना पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बयानों में शांति की कोई इच्छा नहीं दिखती। बोरिस ने कहा, पुतिन की प्रतिक्रिया से साफ है कि वह किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते।

बोरिस ने बताया कि इसी वजह से जर्मनी अपने रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा। साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ाएगा। बोरिस ने यह भी कहा कि जर्मनी को बदलते वक्त के साथ अपने लिए नए पार्टनर ढूंढने की जरूरत है। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने मंगलवार चेतावनी दी है कि रूस अगले चार साल में किसी छा़ज्ञ् देश पर हमला कर सकता है। उन्होंने यह बात बर्लिन फॉरेन पॉलिसी फोरम में कही। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुता. बिक रूस 2029 तक नाटो के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है। वेडफुल ने चेतावनी दी है कि रूस की ये नई सैन्य यूनिट्स् यूरोपीय संघ और नाटो को निशाना बना सकती हैं। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध में अगर शांति समझौता भी हो जाए, तब भी रूस यूरोप के लिए लंबे समय तक खतरा बना रहेगा। उन्होंने यह बयान ब्रसेल्स में स्पेनिश अखबार एल पाइस को दिए इंटरव्यू में दिया।



■ जर्मनी को बदलते वक्त के साथ अपने लिए नए पार्टनर ढूंढने की जरूरत: बोरिस पिस्टोरियस

# वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी, दो सुरक्षा प्रहरी गंभीर रूस से घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में बुधवार को व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबा. री में दो सुरक्षा प्रहरी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में नेशनल गार्ड के जवानों के साथ एक और व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। यह घटना वाशिंगटन डीसी के भीड़भाड़ वाले इलाके, फारागट स्क्वायर के पास हुई, जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। इस गोलीबारी के मामले में एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार आरा. ेपी ने सुरक्षा प्रहरियों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद पास में मौजूद नेशनल गार्ड के दूसरे जवानों ने उसे पकड़ लिया, जिन्होंने गोलियों की आवाज सुनी थी।

# यूक्रेन के लिए 8.1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता देगा आईएमएफ

**कीव।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यूक्रेन को अगले चार साल में 8.1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए युद्धग्रस्त देश के साथ एक स्टाफ लेवल समझौता किया है। आईएमएफ की टीम ने गेविन ग्रे के नेतृत्व में 17-21 नवम्बर के दौरान यूक्रेनी अधिकारियों के साथ एक नई विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) व्यवस्था के लिए यूक्रेन के अनुरोध पर विचार किया था। उसके बाद दोनों पक्षों के बीच यह समझौता हुआ है। इस समझौते के मुख्य उद्देश्य यूक्रेन की वृहद आर्थिक स्थिरता बनाए रखना, ऋण स्थिरता और बाहरी व्यवहार्यता को पुनर्स्थापित करना, भ्रष्टाचार का मुकाबला करना और शासन में सुधार हैं। आईएमएफ द्वारा बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि 48 महीने के ईएफएफ के तहत यूक्रेन को 5.94 अरब सिंगापुर डॉलर (लगभग 8.1 अरब अमेरिकी डॉलर) की मदद मुहैया कराई जाएगी जो उसके कोटे का 295 प्रतिशत है।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108